CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 06°C

नई दिल्ली, शुक्रवार 30 जनवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करणः वर्ष 23 अंक 299 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 10 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मजारों के खिलाफ कार्रवाई से बाज आए केजीएमयू : मौलाना महमूद मदनी पेज 2





ऑस्ट्रेलियन ओपनः महिला ताज के लिए भिड़ेंगी सबालेंका और रायबाकिना खेल टाइम्स



गांधी जी के किस्से, जो हमें बनाते हैं बेहतर इंसान सम्पादकीय



मेलानिया ट्रम्प की डॉक्यूमेंट्री ब्रिटेन में हुई फ्लॉप पेज 12

## पारिवारिक कलह के चलते दंपति की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ तीन बच्चे अस्पताल में भर्ती

**ग्रेटर नोएडा।** ईकोटेक तृतीय थाना क्षेत्र से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है।

पारिवारिक कलह के चलते एक दंपति ने अपने तीन बच्चों सहित जहरीला पदार्थ खा लिया। उपचार के दौरान पति-पत्नी की मौत हो गई, जबकि तीनों बच्चों का अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक तृतीय थाना क्षेत्रांतर्गत सादुल्लापुर गांव में रह रहे एक पांच सदस्यीय परिवार जिसमें पति-पत्नी और तीन बच्चे एक घर में रह रहे थे जहां बीती देर रात श्रवण पुत्र अमरनाथ पाल और उनकी पत्नी नीलम ने पारिवारिक कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों मूल रूप से प्रयागराज जिला स्थित असरवाल कला, गांव एयरपोर्ट थाना के निवासी थे। जहर खाने के बाद दंपति के साथ उनके तीन बच्चे-वैष्णवी (10), वैभव (8) और लाडो (4) भी गंभीर रूप से बीमार हो गए। चिकित्सकों ने श्रवण और नीलम को मृत घोषित कर दिया।

# देश का आर्थिक रिपोर्ट कार्ड लोकसभा में पेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देश में 56.2 करोड़ लोगों के पास रोजगार का दावा, वर्ष 2026-2027 में जीडीपी ग्रोथ 7.4 प्रतिशत तक रहने का अनुमान**

**आर्थिक सर्वे के मुताबिकः आरबीआई व आईएमएफ ने अनुमान जताया, आने वाले साल में महंगाई दर धीरे-धीरे बढ़ेगी**

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को देश का आर्थिक रिपोर्ट कार्ड यानी इकोनॉमिक सर्वे लोकसभा में पेश किया। इस सर्वे में बताया गया है वित्त वर्ष 2026-2027 में जीडीपी ग्रोथ 6.8 प्रतिशत से 7.4 प्रतिशत की रेंज में रहने का अनुमान है।

इसके अलावा महंगाई, खेती-किसानी की क्या हालत है और क्या आने वाले समय में नई नौकरियां बढ़ेंगी इसकी भी जानकारी सर्वे में दी गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में इकोनॉमिक सर्वे 2025-2026 पटल पर रखा। इकोनॉमिक सर्वे के मुताबिक आरबीआई और आईएमएफ ने अनुमान जताया है कि आने वाले साल में महंगाई दर धीरे-धीरे बढ़ेगी। यह 4 प्रतिशत के तय लक्ष्य दो प्रतिशत के दायरे में बनी रहेगी। खरीफ की अच्छी पैदावार और रबी की बेहतर बुआई को देखते हुए, दिसम्बर 2025 में आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026 के लिए महंगाई दर का अनुमान 2.6 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत कर दिया था। आरबीआई का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2027 की पहली और दूसरी तिमाही (फ1 और फ2) में महंगाई दरः 3.9 प्रतिशत और 4 प्रतिशत रह सकती है। सर्वे में अनुमान जताया गया है कि अगले वित्त वर्ष 2027 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.8 प्रतिशत से 7.2 प्रतिशत के बीच रह सकती है। वैश्विक स्तर पर जारी तनाव और अस्थिरता के बावजूद भारतीय इकोनॉमी की रफ्तार मजबूत बनी हुई है। सर्वे के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (एफवाई 26) में विकास दर 7.4 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो आरबीआई के 7.3प्रतिशत के अनुमान से भी ज्यादा है। वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही यानी, अप्रैल-जून 2025 में भारत में 15 साल से ज्यादा उम्र के 56.2 करोड़ लोग रोजगार में थे। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2025) के मुकाबले दूसरी तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2025) में करीब 8.7 लाख नई नौकरियां पैदा हुई हैं। टैक्स सुधार, नियमों के सरलीकरण और राज्यों द्वारा किए गए श्रम सुधारों की वजह से इंडस्ट्रियल और सर्विस सेक्टर में भर्तियां हुई हैं। गिग वर्क भी कमाई का बड़ा जरिया बनकर उभरा है।सरकार ऐसा इंटीग्रेटेड सिस्टम बनाने पर काम कर रही है, जहां सारा डेटा एक जगह होगा। कंपनियों की जरूरत और युवाओं की स्किल के बीच का गैप कम करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा के सौरव जोशी बने चंडीगढ़ के नए महापौर

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम मेयर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बड़ी जीत हासिल की है। भाजपा के उम्मीदवार सौरव जोशी चंडीगढ़ के नए मेयर चुने गए हैं। उन्हें कुल 18 वोट प्राप्त हुए, जबकि आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार को 11 वोट और कांग्रेस के उम्मीदवार को 7 वोट मिले। इस तरह भाजपा ने स्पष्ट बहुमत के साथ मेयर पद पर कब्जा जमाया। इस बार मेयर चुनाव में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला। सीक्रेट बैलेट की जगह पार्षदों द्वारा हाथ उठाकर मतदान की प्रक्रिया अपनाई गई। मतदान शुरू होने से पहले ही भाजपा पार्षदों ने सौरव जोशी को बधाई देना शुरू कर दिया था, जिससे पार्टी की स्थिति मजबूत नजर आ रही थी। यह पहला अवसर था जब भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी तीनों दलों ने अलग-अलग उम्मीदवार उतारे।

### संसद भवन में खड़गे व राहुल संग थरूर की अहम मुलाकात

**नई दिल्ली।** कांग्रेस लोकसभा सांसद शशि थरूर ने गुरुवार को संसद भवन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर राजनीतिक हलकों में चल रही नाराजगी और तल्खी की चर्चाओं पर विराम लगाने का संकेत दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष और श्री गांधी से मुलाकात के बाद श्री थरूर ने अपने सोशल मीडिया पर जानकारी दी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के साथ गुरुवार को कई महत्वपूर्ण विषयों पर गर्मजोशी और रचनात्मक चर्चा हुई। पार्टी नेतृत्व के साथ संवाद सकारात्मक रहा और सभी नेता देश की जनता की सेवा के लिए आगे की रणनीति पर एकमत हैं।

### नेटफ्लिक्स सीरीजः वानखेड़े का मानहानि का मुकदमा खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी समीर वानखेड़े द्वारा नेटफ्लिक्स सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में कथित रूप से चित्रित किए जाने के संबंध में दायर मानहानि के मुकदमे को क्षेत्राधिकार के अभाव का हवाला देते हुए खारिज कर दिया है।

# यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम रोक

## सुप्रीम कोर्ट ने चिंताओं का हवाला देते हुए यूजीसी व केंद्र सरकार को जारी किया नोटिस

■ कहाः इसके कई प्रावधान अस्पष्ट हैं और उनका किया जा सकता है दुरुपयोग

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने वाले नियम, 2026 पर अगले आदेश तक रोक लगा दी। न्यायालय ने इन नियमों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके कई प्रावधान अस्पष्ट हैं और उनका दुरुपयोग किया जा सकता है। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि इस नियम का समाज और शैक्षणिक परिसर पर विभाजनकारी प्रभाव पड़ सकता है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ इन नियमों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली तीन रिट याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। ये याचिकाएं मृत्युंजय तिवारी, एडवोकेट विनीत जिंदल और राहुल दीवान ने दायर की हैं। पीठ ने केंद्र सरकार और यूजीसी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि नोटिस का जवाब 19 मार्च तक देना है। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि 2012 के पहले के यूजीसी नियम लागू रहेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्रों को बिना किसी शिकायत निवारण तंत्र के न छोड़ा जाए। सुनवाई के दौरान, पीठ ने मौखिक रूप से कई चिंताओं को उठाया, जिसमें कहा गया कि इसके प्रावधान अस्पष्ट हैं और उनके दुरुपयोग की संभावना है। याचिका में जाति-आधारित भेदभाव की -शेष पृष्ठ दो पर




### सफाई के दौरान सफाई कर्मियों की मौत पर मिलेगा 30 लाख मुआवजाः उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि मैला ढोने और नालों की सफाई के कारण होने वाली मौतों के लिए मुआवजे को बढ़ाकर 30 लाख रुपये करने का उसका आदेश पुराने मामलों पर भी लागू होगा, यदि उनमें अभी तक मुआवजा तय नहीं हुआ है या मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि न्यायालय ने अक्टूबर 2023 के 'बलराम' मामले में ऐसी मौतों के लिए मुआवजे की राशि 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दी थी। यह स्पष्टीकरण राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा शीर्ष अदालत के समक्ष दायर एक आवेदन के बाद आया है। नालसा ने कहा था कि अलग-अलग उच्च न्यायालयों का इस मामले पर अलग-अलग थे कि कितना मुआवजा दिया जाना चाहिए।

### SIR पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली है। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि चुनाव आयोग को एसआईआर प्रक्रिया में सभी राज्यों में नियमों का सही ढंग से पालन करना चाहिए। तमिलनाडु में जिन लोगों का नाम स्पेलिंग एरर के चलते काटा गया है। उनकी लिस्ट ग्राम पंचायत भवन, सब-डिवीजन के तालुका ऑफिस और शहरी इलाकों के वार्ड ऑफिस में लगाई जाए। उधर याचिकाकर्ता की तरफ से पेश एडवोकेट प्रशांत भूषण ने दलील दी कि नई वोटर लिस्ट बनाने की कोशिश में महिलाओं के नाम कट रहे हैं। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। गरीब और कमजोर लोगों पर बोझ डाला गया। वोटर को खुद फार्म भरने की जिम्मेदारी दी गई है। जो अनपढ़ हैं या प्रवासी हैं वो फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। चुनाव आयोग मनमानी नहीं कर सकता है। चुनाव अधिकारी यह कैसे तय कर सकता है कि कोई नागरिक है या नहीं? वे कोई अदालत नहीं है। अगर विवाद हो तो जिरह का मौका मिलना चाहिए।

# उप्र में 15 लाख शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का तोहफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ योगी मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 32 प्रस्तावों में से 30 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 32 प्रस्तावों में से 30 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। उत्तर प्रदेश के लगभग 15 लाख शिक्षकों को कैशलेश चिकित्सीय सुविधा का तोहफा योगी सरकार ने दिया है।

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बैठक के बाद जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई है। बैठक में शिक्षा विभाग से जुड़े अहम फैसले भी लिए गए। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत सभी शिक्षकों को अब कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। यह सुविधा आयुष्मान योजना के माध्यम से प्रदान की जाएगी, जिससे लगभग 12 लाख शिक्षक लाभान्वित होंगे। इस निर्णय से शिक्षकों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित होगा। वहीं, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी ने जानकारी दी कि माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले लगभग तीन लाख शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया जाएगा। सरकार शिक्षकों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है और यह निर्णय उसी दिशा में एक बड़ा कदम है। कैबिनेट के इन फैसलों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का हिस्सा माना जा रहा है, जिससे प्रदेश के लाखों शिक्षकों को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी सामाजिक सुरक्षा मजबूत होगी।

# हिमाचल में बर्फबारी, 885 सड़कें और हजारों बिजली ट्रांसफार्मर ठप



■ उत्तराखंड में सड़कों पर चार फीट बर्फ जमी

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर भारी बर्फबारी और बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। हिमाचल प्रदेश में बुधवार को भारी बर्फबारी के बाद ऊंचाई वाले इलाकों में न्यूनतम तापमान -6 डिग्री सेल्सियस से -1डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

लाहौल-स्पीति जिले के कुकुमसेरी में सबसे कम -6.1डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। बर्फबारी के कारण हिमाचल में चार नेशनल हाईवे सहित कुल 885 सड़कें और 3 हजार से ज्यादा बिजली ट्रांसफार्मर ठप हैं। पाइपलाइन में पानी जमने से वाटर सप्लाई भी बंद हैं, जिससे हजारों परिवार प्रभावित हुए हैं। इधर, उत्तराखंड में दो दिनों से लगातार बर्फबारी के बाद गुरुवार को धूप खिली है। हालांकि, बद्रीनाथ, केदारनाथ और गंगोत्री में सड़कों पर अभी भी 3 से 4 फीट तक बर्फ जमी है। चमोली के औली में बुधवार को लगभग 2 फीट बर्फ गिरी। राज्य में एवलांच का खतरे का अलर्ट जारी किया गया है। पहाड़ों पर बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों में भी दिख रहा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, यूपी, बिहार सहित अन्य राज्यों में फिर से सर्दी और कोहरे का असर बढ़ गया है। यूपी के गोरखपुर में गुरुवार सुबह बारिश हुई।

# अजित पवार का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

**बारामती।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार का गुरुवार को यहां विद्या प्रतिष्ठान के मैदान में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

हजारों लोगों की उपस्थिति के बीच अजित पवार के बेटों पार्थ पवार और जय पवार ने अंतिम संस्कार की रस्में पूरी कीं। इस दौरान उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार, चाचा शरद पवार और बहन सुप्रिया सुले तथा परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस, एकनाथ शिंदे, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर सहित कई प्रमुख नेताओं ने अंतिम संस्कार में शिरकत की और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस शोकपूर्ण अवसर पर महाराष्ट्र भर से बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता बारामती पहुंचे थे। अंतिम रस्मों के दौरान श्मशान में 'अजित दादा अमर रहे' और 'अजित दादा परत या' (अजित दादा वापस आओ) जैसे भावुक नारे गूंजते रहे।

### दुर्घटनास्थल से ब्लैकबॉक्स बरामद

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के बारामती में गुरुवार सुबह दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैकबॉक्स बरामद हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त लीयरजेट 45 विमान का ब्लैकबॉक्स दुर्घटनास्थल से बरामद किया गया है।

### नौ फरवरी से शुरू होगा उप्र विधानमंडल का बजट सत्र, 11 फरवरी को पेश होगा बजट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र नौ फरवरी से प्रारंभ होगा। सत्र की औपचारिक शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से की जाएगी। इसके बाद 11 फरवरी को योगी सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 का आम बजट विधानसभा में प्रस्तुत करेगी। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि 9 फरवरी को विधानसभा का बजट सत्र शुरू होगा और 11 फरवरी को बजट पेश किया जाएगा। बजट सत्र के दौरान सरकार की आर्थिक नीतियों, विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों पर व्यापक चर्चा होने की संभावना है। माना जा रहा है कि इस बजट में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के लिए रोजगार से जुड़े प्रावधानों पर विशेष फोकस रहेगा। सत्र के दौरान विभिन्न विभागों के अनुदान मांगों पर भी विचार किया जाएगा, वहीं विपक्ष द्वारा सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की रणनीति भी देखने को मिल सकती है।

# विजय चौक पर बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी का शानदार समापन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ तीनों सेनाओं ने राष्ट्रपति मुर्मू को नेशनल सैल्यूट दिया
■ उपराष्ट्रपति और पीएम मोदी भी मौजूद रहे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के विजय चौक पर गुरुवार शाम को बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी हुई। इसके साथ ही गणतंत्र दिवस के 4 दिन तक चले कार्यक्रमों का समापन हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सेरेमनी में मौजूद रहीं। समारोह की शुरुआत में सेना ने राष्ट्रपति को नेशनल सैल्यूट दिया।

इसके बाद तिरंगा फहराया गया और राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। तीनों सेनाओं के बैंड ने सेरेमनी की शुरुआत धुन कदम-कदम बढ़ाए जा बजाकर की। समारोह में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीनों सेनाओं के प्रमुख सहित अन्य केंद्रीय मंत्री और आम नागरिक मौजूद रहे। विजय चौक की सभी प्रमुख इमारतों को रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजाया गया है। संयुक्त सेना के पाइप्स एंड ड्रम्स बैंड ने 'अतुल्य भारत', 'वीर सैनिक', 'मिली झुली', 'नृत्य सरिता', 'मरूनी' और 'झेलम' जैसी मधुर धुनें पेश कीं। वहीं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के बैंड ने 'विजय भारत', 'हथरोही', 'जय हो' और 'वीर सिपाही' की धुनें बजाईं। भारतीय वायुसेना का बैंड 'ब्रेव वॉरियर', 'ट्वाइलाइट', 'अलर्ट' और 'फ्लाइंग स्टार' की धुनें पेश कीं। नौसेना बैंड 'हम तैयार हैं', 'सागर पवन', 'मां तुझे सलाम', 'जोशीला देश' और 'जय भारती' की प्रस्तुति दी। इसके बाद भारतीय सेना के बैंड ने 'विजयी भारत', 'आरंभ है प्रचंड है', 'ऐ वतन, ऐ वतन', 'आनंद मठ', 'सुगम्य भारत', आता उठवू सारे रान, देस मारो माटी नो रंग चे, देह शिवा वर मोहे और भैरव की मनोहारी प्रस्तुतियां दीं। बीटिंग रिट्रीट समारोह के आखिर में संयुक्त बैंड 'भारत की शान', 'वंदे मातरम' और 'ड्रमर्स काल' बजाएंगे। समारोह का समापन बिगुलरों द्वारा बजाई जाने वाली अमर धुन 'सारे जहां से अच्छा' के साथ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र के दिवंगत उप मुख्यमंत्री को श्रद्धांजलि दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक प्रस्ताव पारित किया गया। मंत्रिमंडल ने विगत 28 जनवरी को बारामती, महाराष्ट्र में हुई विमान दुर्घटना में अजित पवार व अन्य लोगों के निधन को अत्यंत दु:खद बताया। कैबिनेट ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत पुण्यात्माओं की शांति की कामना की। कैबिनेट ने कहा कि अजित पवार का असामयिक निधन अपूरणीय क्षति है। स्वर्गीय अजित पवार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मंत्रिमंडल ने कहा कि अपने दीर्घ सार्वजनिक जीवन में उन्होंने महाराष्ट्र की जनता से गहरा जुड़ाव रखते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया।

### आगरा: मुठभेड़ में बदमाश अरबाज ढेर

**आगरा।** राज चौहान हत्याकांड के हत्यारोपियों से पुलिस की बुधवार रात तीन मुठभेड़ हुईं, इसमें मुख्य आरोपी अरबाज उर्फ मंसूरी ढेर हो गया। उस पर 25 हजार रुपए का इनाम था। उसके दो साथी आशु और मोहित घायल हो गए हैं।

डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि ट्रांसयमुना पुलिस ने गुरुवार सुबह मुखबिर की सूचना पर राज हत्याकांड के मुख्य आरोपी अरबाज उर्फ मंसूरी को पकड़ने गई थी। इस बीच अरबाज ने दरोगा की पिस्टल छीनकर फायरिंग शुरू कर दी। अरबाज की फायरिंग में सिपाही मनोज कुमार और एसआई ऋषि घायल हो गए। पुलिस टीम में शामिल ट्रांस यमुना थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार और कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप की जैकेट पर एक-एक गोली लगी।

### लखनऊ से सटे ऐतिहासिक दरगाहों से जुड़ी हालिया कार्रवाई पर गहरी चिंता जताई

# मजारों पर कार्रवाई से बाज आए केजीएमयू

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना मदनी ने जारी ध्वस्तीकरण नोटिसों को धार्मिक एवं संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया

**लखनऊ।** जमीयत उलेमा-ए-हिद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज (केजीएमयू), लखनऊ से सटे ऐतिहासिक दरगाहों से जुड़ी हालिया कार्रवाई पर गहरी चिंता जताई है।

उन्होंने हजरत हाजी हरमैन शाह के आस्ताने में की गई तोड़फोड़ तथा हजरत मखदूम शाह मीनाज परिसर में स्थित पांच सौ वर्ष से अधिक पुराने मजारों के विरुद्ध जारी ध्वस्तीकरण नोटिसों को धार्मिक एवं संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया है। एक दिन पूर्व जमीयत उलेमा-ए-हिंद के सोशल मीडिया पेज पर शेयर करते हुए मौलाना मदनी ने कॉलेज प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि वह भ्रामक प्रचार के सहारे वक्फ संपत्तियों से जुड़े कानूनों का उल्लंघन न करे और जारी नोटिस तत्काल वापस ले। उन्होंने स्पष्ट किया कि केजीएमयू से सटे ये मजार लगभग सात सौ वर्ष पुराने हैं, जबकि कॉलेज की स्थापना 1912 में हुई थी। उन्होंने कहा कि यह दावा करना कि दरगाहें कॉलेज परिसर में अवैध रूप से मौजूद हैं, सरासर भ्रामक है। स्थापना के समय ही राजस्व विभाग द्वारा दरगाह की भूमि का अलग सीमांकन कर दिया गया था। दरअसल बीते दिनों परिसर में स्थापित मजारों को लेकर केजीएमयू प्रशासन ने नोटिस जारी कर उन्हें हटाने का निर्देश जारी किया था। मौलाना मदनी का बयान उसी प्रतिक्रिया का हिस्सा है। जमीयत अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि 26 अप्रैल 2025 को हजरत हाजी हरमैन शाह के आस्ताने में वुजूखाना, इबादतगाह तथा जायरीनों की सुविधाओं को बिना किसी न्यायालयी आदेश या वैधानिक अनुमति के ध्वस्त किया गया, जो पूरी तरह गैर-कानूनी है। उन्होंने कहा कि संबंधित भूमि वक्फ अधिनियम 1995 के तहत विधिवत वक्फ संपत्ति है और सुन्नी वक्फ बोर्ड में पंजीकृत है। कानून के अनुसार वक्फ संपत्तियों से जुड़े किसी भी विवाद पर निर्णय लेने का अधिकार केवल सक्षम न्यायालय को है, न कि किसी शैक्षणिक संस्था या उसके अधिकारियों को। मौलाना मदनी ने वक्फ बोर्ड से भी सक्रिय भूमिका निभाने की मांग करते हुए कहा कि प्राचीन मजारों और धार्मिक स्थलों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, जिन हिस्सों को ध्वस्त किया गया है, उनकी पुनर्बहाली कराई जाए तथा मुतवल्लियों को आवश्यक कानूनी दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुन. रावृत्ति रोकी जा सके।

### इटावा: फिशर वन में बनी अवैध मजार पर चलेगा बुलडोजर

**इटावा।** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के फिशर वन क्षेत्र में बनी एक पुरानी मजार को अवैध निर्माण मानते हुए वन विभाग ने उसके ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिला वन अधिकारी विकास नायक ने गुरुवार को बताया कि फिशर वन में बिना अनुमति निर्मित मजार को हटाने के संबंध में संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी किया गया है, लेकिन अब तक भूमि से जुड़े कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। ऐसे में नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण किया जाएगा। यह मजार स्थानीय लोगों में बीहड़ वाले सैयद बाबा के नाम से जानी जाती है। वन विभाग के अनुसार यह संरचना संरक्षित वन भूमि पर बनी हुई है, जहां किसी भी प्रकार का निर्माण प्रतिबंधित है। बिना अनुमति यहां प्रतिवर्ष उर्स का आयोजन किया जाता है और हर गुरुवार को बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं।

# न्यूनतम वेतन को मौलिक अधिकार बनाने की याचिका खारिज

नई दिल्ली, वार्ता



■ घरेलू कामगारों के लिए सुनवाई करने से शीर्ष अदालत का इन्कार

शीर्ष अदालत ने न्यूनतम वेतन को मौलिक अधिकार बनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से गुरुवार को यह कहते हुए इन्कार कर दिया कि घरेलू कामगारों के लिए न्यूनतम वेतन तय करने और लागू करने से जुड़े मुद्दे नीतिगत हैं, इसलिए बेहतर होगा कि इन्हें राज्य सरकारों पर छोड़ दिया जाए।

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने चिंता जताई कि अदालत के आदेशों से न्यूनतम वेतन को अनिवार्य करने के अनजाने परिणाम हो सकते हैं और इससे घरेलू कामगारों को नुकसान भी हो सकता है। मुख्य न्यायाधीश ने चेतावनी दी कि इस तरह के कदम से बड़े पैमाने पर मुकदमेबाजी शुरू हो सकती है, जिसमें ट्रेड यूनियनें अलग-अलग घरों को अदालत में घसीट सकती हैं, जिसके परिणामस्वरूप लोग घरेलू कामगारों को काम पर रखने से ही इन्कार करने लगेंगे। सीजेआई ने मुद्दे पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हर घर मुकदमेबाजी में फंस जाएगा। एक बार न्यूनतम वेतन तय हो जाने के बाद लोग काम पर रखना बंद कर देंगे। उन्होंने कहा कि अधिक सक्रिय ट्रेड यूनियनों के कारण घरेलू कामगार बड़े पैमाने पर बेरोजगार हो सकते हैं। पीठ ने कहा कि अनुच्छेद 14, 15 और 16 के तहत समानता और निष्पक्षता के आधार पर रोजगार से जुड़े तर्क आकर्षक लग सकते हैं, लेकिन वास्तविक दुनिया में इसका असर उल्टा हो सकता है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि कृपया इसके परिणामों का आकलन करें। ट्रेड यूनियनें इन लोगों को छोड़ देंगी और उनके पास जाने के लिए कोई जगह नहीं होगी। उन्होंने रोजगार एजेंसियों के बारे में चिंता जताते हुए कहा कि वेतन का एक बड़ा हिस्सा बिचौलिए हड़प सकते हैं। उन्होंने शीर्ष अदालत के एक उदाहरण का हवाला देते हुए कहा कि अदालत ने एजेंसियों को प्रति कर्मचारी 40,000 रुपये का भुगतान किया, लेकिन कर्मचारियों को केवल लगभग 19,000 रुपये ही मिले। सीजेआई ने कहा कि इस तरह से विश्वास टूटता है। एजेंसियां इन लोगों का शोषण करती हैं। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि यह कहना गलत होगा कि घरेलू कामगारों को बिलकुल भी कोई सुरक्षा नहीं मिलती है। उन्होंने कहा कि एक सुरक्षा कवच है। असंगठित श्रमिक सामाजिक कल्याण अधिनियम कल्याणकारी उपायों का ध्यान रखता है। जब आर्थिक नीति की बात आती है, तो अदालतें बहुत सावधान रहती हैं। पीठ ने कहा कि मांगी गई राहत देने के लिए विधाई बदलावों की आवश्यकता होगी, जिसका निर्देश अदालत नहीं दे सकती। अपने आदेश में अदालत ने कहा कि जब तक संसद या राज्य विधानमंडल कोई उपयुक्त कानून नहीं बनाते, तब तक कोई लागू करने योग्य निर्देश पारित नहीं किया जा सकता। उसने ऐसे निर्देश जारी करने से इन्कार कर दिया और याचिका खारिज कर दी। अदालत ने यद्यपि राज्य सरकारों से उठाई गई शिकायतों की जांच करने और घरेलू कामगारों के शोषण को रो. कने के लिए उपयुक्त तंत्र पर विचार करने का अनुरोध किया।

# अयोध्या में दीवार फांदकर भागे दो कैदी, 10 अफसर सस्पेंड

■ मफलर-कंबल से रस्सी बनाकर तीस ईंटें उखाड़ी

**अयोध्या।** जिला जेल से दो कैदियों के रफूचक्कर होने की सूचना मिलते ही जेल प्रशासन के बीच हड़कंप मच गया। फरार कैदियों की पहचान गोलू अग्रहरि उर्फ सूरज और शेर अली उर्फ रफीक अली के रूप में हुई है।

दोनों हत्या और रेप के मामले में जेल में बंद थे। इसके लिए उन्होंने जेल के पीछे की दीवार से तकरीबन 30 ईंटें उखाड़ी, फिर कंबल और मफलर से रस्सी बनाई और 20 फीट ऊंची दीवार फांदकर फरार हो गए। इस मामले में दस अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। कैदियों ने जेल की दीवार से ईंट उखाड़ने का काम रात में किया, लेकिन किसी को इसकी जानकारी नहीं हो पाई। कैदियों के फरार होने की सूचना मिलते ही जेल प्रशासन के बीच हड़कंप मच गया। कैदी गोलू अमेठी का रहने वाला है, वहीं रफीक सुल्तानपुर का है। अब इस मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए डीजी जेल पीसी मीणा ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक समेत दस लोगों को सस्पेंड कर दिया है। इसमें जेल के वरिष्ठ अधीक्षक यूपी मिश्रा, जेलर जेके यादव, डिप्टी जेलर मयंक त्रिपाठी, एक हेड वार्डर और तीन वार्डर शामिल हैं। फिलहाल मामले के विभागीय जांच का आदेश दे दिया गया है।

# सपा नेता बरी, राजू को 20 साल की जेल

अयोध्या, वार्ता

■ अयोध्या: भदरसा गैंगरेप मामले में अदालत का फैसला

अयोध्या के बहुचर्चित भदरसा दुष्कर्म कांड में पॉक्सो कोर्ट ने गुरुवार को सजा का ऐलान कर दिया है। कोर्ट ने मुख्य आरोपी राजू खान को 20 साल की सजा सुनाई है, साथ ही 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इससे एक दिन पहले कोर्ट ने डीएनए रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद समाजवादी पार्टी के नेता मोईद खान को मामले में बरी कर दिया था।

अयोध्या के पॉक्सो प्रथम कोर्ट ने यह भदरसा गैंगरेप मामले में यह फैसला सुनाया है। इस मामले में 29 जुलाइ 2024 को थाना पूराकलंदर में गैंगरेप का मुकदमा दर्ज हुआ था। सपा नेता मोईद खान और उसके नौकर राजू खान पर आरोप लगा था। दोनों की डीएनए जांच कराई गई थी, जिसमें मोईद खान का रिपोर्ट निगेटिव और राजू खान कीपोजिटिव आई थी। भदरसा में एक 12 साल की नाबालिग लड़की के साथ कथित तौर पर गैंगरेप हुआ था।

पीड़िता के परिजनों ने सपा नेता और भदरसा नगर के अध्यक्ष मोईद खान, उनके यहां काम करने वाले राजू खान पर आरोप लगाया था। आरोप था कि नाबा. लिग को बेकरी में बुलाकर रेप किया, फिर वीडियो बनाया और ब्लैकमेल कर महीनों तक बार-बार दुष्कर्म किया। इस बीच जब लड़की दो महीने की गर्भवती हो गई, तब जुलाई 2024 में मामला सामने आया। 30 जुलाई 2024 को पुलिस ने मोईद खान और राजू खान को गिरफ्तार किया था, तब से दोनों जेल में बंद हैं। पुलिस ने मोईद खान की बेकरी सील कर अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर भी चलाया था। साथ ही पॉक्सो एक्ट, ब्लैकमेलिंग समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया था। अयोध्या के पक्क्सो प्रथम कोर्ट ने बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए मोम्रद खान को निर्दोष बरी कर दिया, डीएनए जांच में उसकी रिपोर्ट निगेटिव आई थी, जबकि राजू खान का डीएनए पोजिटिव आया, उसे दोषी ठहराया गया था। आज कोर्ट ने सभी तथ्यों और गवाहों को सुनने के बाद राजू खान को 20 साल की जेल और 50 हजार जुर्माना लगाया है।



सेंसेक्स 82266.37
निफ्टी 25418.90



सोना रु. 176121
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 385933
प्रति किलो



# शुरूआती गिरावट से उबरे शेयर बाजार निजी बैंक और धातु कंपनियों में तेजी

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को 982 अंक का बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया और शुरुआती गिरावट से उबरकर प्रमुख सूचकांक अंततः हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 221.69 अंक (0.27 प्रतिशत) चढ़कर 82,566.37 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 76.15 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की बढ़त में 25,418.90 अंक पर रहा। सेंसेक्स 24 अंक की बढ़त के साथ खुला और खुलते ही लाल निशान में चला गया। हालांकि संसद में वित्त वर्ष 20225-26 का आर्थिक सर्वेक्षण पेश होने के बाद बाजार में तेजी लौट आई। एक समय यह 637 अंक टूटकर नीचे 81,707.94 अंक तक उतर गया था। बाद में 82,689.96 अंक तक चढ़ा भी। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक और स्मॉलकैप 100 सूचकांकों में 0.20 प्रतिशत की समान मजबूती दर्ज की गई। धातु, निजी बैंकिंग, रियलटी और तेल एवं गैस क्षेत्रों की कंपनियों में लिवाली का जोर रहा। वहीं एफएमसीजी, आईटी, ऑटो, फार्मा, सार्वजनिक बैंकों, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों की कंपनियों में बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर लगभग साढ़े चार प्रतिशत चढ़ गया। एलएंडटी और एक्सिस बैंक में साढ़े तीन प्रतिशत के करीब तेजी रही। इटरनल का शेयर भी तीन फीसदी के ज्यादा चढ़ा। एनटीपीसी और अडानी पोर्ट्स के शेयर दो से तीन प्रतिशत के बीच मजबूत हुए। आईसीआईसीआई बैंक में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी रही।

पावरग्रिड, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। एशियन पेंट्स में पौने चार प्रतिशत की गिरावट रही। इंडिगो और मारुति सुजुकी के शेयर ढाई-ढाई प्रतिशत गिरे। बीईएल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस, सनफार्मा, हिंदुस्तान यूनीलिवर और ट्रेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत तक टूटे। टाइटन, आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए।

### सोना एक 1.76 लाख पहुंचा: चांदी तीन दिन में 68,228 महंगी

**नई दिल्ली।** चांदी-सोने के दाम लगातार चौथे दिन अपने सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार गुरुवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 11,486 रुपए बढ़कर 1,76,121 रुपए पर पहुंच गया है। तीन दिन में सोना 21,811 महंगा हुआ है। इससे पहले सोने का भाव 23 जनवरी को 1,54,310 रुपए/10 ग्राम था। एक किलो चांदी की कीमत 27,666 रुपए बढ़कर 3,85,933 रुपए किलो पर पहुंच गई है। तीन दिन में चांदी की कीमत 68,228 रुपए महंगी हुई है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 3,17,705 रुपए किलो थी। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,33,195 रुपए का था, जो अब 1,76,121 रुपए हो गया है। वहीं चांदी 1,55,513 रुपए महंगी हो गई है। 31 दिसंबर 2025 को एक किलो चांदी की कीमत 2,30,420 रुपए थी, जो अब 3,85,933 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की जिद और इस मुद्दे पर यूरोपीय देशों को टैरिफ की धमकी ने वैश्विक बाजारों बाजारों अस्थिरता बढ़ गई है।

**DABUR INDIA LIMITED**
Regd. Office: 8/3, Asaf Ali Road, New Delhi - 110 002
CIN - L24230DL1975PLC007908
Tel. No.: 011 23253488, Fax No.: 011 23222051
Website: www.dabur.com | E-mail: corpcomm@dabur.com

**UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2025**

The consolidated and standalone unaudited financial results of the Company for the quarter and nine months ended December 31, 2025, approved by the Board of Directors in their meeting held on January 29, 2026, along with the Auditors' Limited Review Reports thereon (expressing an unmodified opinion), as filed with the Stock Exchanges under Regulations 33 and 52 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 are available on the Stock Exchange websites (www.bseindia.com & www.nseindia.com), the Company's webpage (www.dabur.com/investor/financial-information/results) and can also be accessed by scanning the following Quick Response Code.

For and on behalf of the Board of Directors

Place: New Delhi
Date: January 29, 2026

Mohit Burman
Chairman
DIN: 00021963

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**यूजीसी के नए**

अलग परिभाषा की आवश्यकता पर सवाल उठाया गया, जबकि भेदभाव की सामान्य परिभाषा पहले से मौजूद है। इसमें रैगिंग पर प्रावधानों की पूरी तरह अनुपस्थिति की कड़ी आलोचना की गई। न्यायालय ने चिंता प्रकट करते कहा कि ये नियम एकता को बढ़ावा देने के बजाय छात्रों को जाति के आधार पर विभाजित कर सकते हैं। पीठ ने सुझाव दिया कि नियमों पर प्रतिष्ठित न्यायविदों की एक समिति द्वारा फिर से विचार किया जाना चाहिए जो सामाजिक वास्तविकताओं और मूल्यों को समझते हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को संबोधित करते हुए, मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायालय तुरंत अंतिम आदेश पारित करने के पक्ष में नहीं है और इसके बजाय विशेषज्ञ से इस पर पुनर्विचार चाहता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि एक ऐसी समिति होनी चाहिए, जिसमें प्रतिष्ठित न्यायविद हों ऐसे लोग जो सामाजिक मूल्यों और समाज जिन समस्याओं का सामना कर रहा है, उन्हें समझते हों।

उन्हें इस बात पर विचार करना चाहिए कि समाज कैसे आगे बढ़ेगा और लोग कैसे व्यवहार करेंगे।ष याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश हुए एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने नियम 3 (1) (सी) की ओर ध्यान दिलाया, जो जाति-आधारित भेदभाव को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के खिलाफ भेदभाव के रूप में परिभाषित करता है। उन्होंने तर्क दिया कि सामान्य श्रेणी के छात्रों के खिलाफ भेदभाव को मान्यता नहीं दी गई है। चूंकि नियम 3(1)(ई) पहले से ही भेदभाव को व्यापक रूप से परिभाषित करता है, इसलिए जाति-आधारित भेदभाव के लिए एक अलग परिभाषा अनावश्यक है। यह प्रावधान मानता है कि केवल कुछ समूहों को ही भेदभाव का सामना करना पड़ता है, जो संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करता है। श्री जैन ने अपने तर्क में कहा कि जब नियम 3(1)(ई) पहले से मौजूद है, तो 3(1)(सी) की क्या जरूरत है? एक अन्य वकील ने एक ऐसे परिदृश्य की ओर इशारा किया जहां एक सामान्य श्रेणी के नए छात्र को आरक्षित श्रेणी के एक सीनियर द्वारा रैगिंग का शिकार बनाया जाता है। ऐसे में वर्तमान नियम ऐसे मामले के लिए कोई उपाय प्रदान नहीं करते हैं और यहां तक कि पीड़ित को जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर भी चिंता व्यक्त की कि ऐसे नियम जातिविहीन समाज की दिशा में हुई प्रगति को खत्म कर सकते हैं। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि जातिविहीन समाज की ओर बढ़ने में हमने जो कुछ भी हासिल किया है, क्या अब हम प्रतिगामी हो रहे हैं? न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची ने इस बात पर जोर दिया कि विविधता में एकता शिक्षण संस्थानों में झलकनी चाहिए। न्यायमूर्ति बागची ने पूछा कि अगर 2012 के रेगुलेशन में व्यापक और समावेशी दृष्टिकोण था, तो अब इसे प्रतिगामी क्यों होना चाहिए? विदित हो कि 2026 के ये नियम रोहित वेमुला और पायल तडवी की मां राधिका वेमुला और अबेदा सलीम तडवी द्वारा 2019 में दायर एक जनहित याचिका के बाद बनाए गए थे, जिनकी कथित तौर पर अपने विश्वविद्यालयों में जाति-आधारित भेदभाव का सामना करने के बाद आत्महत्या से मौत हो गई थी। उच्चतम न्यायालय ने पहले केंद्र सरकार से कैंपस में भेदभाव से निपटने के लिए एक मजबूत और प्रभावी सिस्टम बनाने के लिए कहा था और संबंधित पक्षों को सुझाव देने को कहा था। यूजीसी ने मिले सुझावों पर विचार करने के बाद, जनवरी 2026 में नए नियम नोटिफाई किए, जिन्होंने 2012 के रेगुलेशन की जगह ली। इसके बाद विवाद शुरू हो गया। कुछ समूहों ने इसे वापस लेने की मांग की तो दूसरे पक्ष ने इसमें किसी भी तरह की ढील का विरोध किया है। उच्चतम न्यायालय में दायर कई याचिकाओं में तर्क दिया गया है कि ये नियम सामान्य श्रेणी के छात्रों के लिए नुकसानदायक हैं। केंद्र सरकार और यूजीसी के जवाब दाखिल करने के बाद अब इस मुद्दे पर फिर से विचार किया जाएगा।

### यूजीसी नियमों पर रोक के बाद वाराणसी में जश्न

**वाराणसी।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की नई नियमावली पर उच्चतम न्यायालय द्वारा रोक लगाए जाने के बाद वाराणसी में विरोध प्रदर्शन जश्न में बदल गया।

जिला मुख्यालय पर बीते कई दिनों से चल रहा धरना गुरुवार को कोर्ट के आदेश की खबर मिलते ही उत्सव में तब्दील हो गया। प्रदर्शनकारी एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाइयां देते नजर आए। जश्न के दौरान लोगों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। पूरे क्षेत्र में जयकारों और नारों के साथ खुशी का माहौल देखा गया।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह फैसला सामाजिक समरसता और समानता के पक्ष में है, जिससे समाज में फैल रही असमानता को रोका जा सका है। अधिवक्ता सारिका दुबे ने कहा कि पिछले तीन दिनों से जिला मुख्यालय पर लगातार यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ विरोध हो रहा था। उन्होंने इसे सनातन धर्म और सामाजिक न्याय की जीत बताते हुए कहा कि यह नियमावली आपसी भाईचारे और सौहार्द को प्रभावित करने वाली थी। केसरिया भारत संस्था के गौरीश सिंह और अधिवक्ता संतोष सिंह ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया।

# सुधारों से तीन साल में आठ प्रतिशत तक पहुंच सकती है विकास दर: डॉ. नागेश्वरन

नई दिल्ली, वार्ता

मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने गुरुवार को कहा कि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वार्षिक वृद्धि दर की संभावनाओं को नीतियों और प्रक्रियाओं में सुधारों के माध्यम से दो-तीन वर्ष के अंदर ही साढ़े सात-आठ प्रतिशत के स्तर तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर की संभावनाएं 6.5 प्रतिशत वार्षिक से बढ़कर इस समय सात प्रतिशत हो गई है।

इसके आधार पर ही वित्त वर्ष 2025-26 के आर्थिक सर्वेक्षण में आगामी वित्त वर्ष 2026-27 में आर्थिक वृद्धि के 6.8 से 7.2 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है। यह औसतन सात प्रतिशत के स्तर का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में आज रखी गई आर्थिक सर्वे रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष की जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत से ऊपर रहने का अनुमान है। डा. नागेश्वरन ने कहा कि भू-राजनीतिक परिस्थितियों और अन्य वाह्य कारणों से कोई बड़ी चुनौती न उत्पन्न हुई, तो चालू वित्त वर्ष की वृद्धि सात प्रतिशत के दायरे में रहेगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के इसी माह के शुरू में प्रस्तुत प्रथम अग्रिम अनुमानों में वित्त वर्ष 2025-26 में वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत के स्तर पर रखा गया है।

मुख्य आर्थिक सलाहकार ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता हुआ, तो सात प्रतिशत के स्तर की वृद्धि दर में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि भूमि और अन्य क्षेत्रों में सुधारों के माध्यम से देश की संभावित जीडीपी वृद्धि दर को तीन साल के अंदर 7.5 प्रतिशत से 8.0 प्रतिशत के स्तर पर ले जाया जा सकता है। वैश्विक चुनौतियों और अमेरिका में भारतीय माल के खिलाफ ऊंचे शुल्क के बावजूद आर्थिक वृद्धि में जो सुधार आया है वह एक के बाद एक कई बुनियादी सुधारों और नीतिगत उपायों के चलते आई है।

# बाल अभियुक्तों के लिए बनेगा एकीकृत परिसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार कानून का उल्लंघन करने वाले नाबा. लिगों के सुधार और पुनर्वास के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एकीकृत परिसर का निर्माण करेगी। यह परिसर लगभग 700 बच्चों की क्षमता का होगा और इसमें उन बच्चों को रखा जाएगा, जो जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष जुवेनाइल जस्टिस एक्ट-2015 के अंतर्गत अपनी सुनवाई की प्रतीक्षा कर रहे हैं या उन्हें अपराध में दोषी पाया गया है। इस परिसर में ऐसे बच्चों को सामान्य जीवन से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा। इस आशय का निर्णय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में जुवेनाइल जस्टिस कमिटी के सदस्यों के साथ हुई महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया। इस बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में बच्चों से जुड़े कानूनी, सामाजिक और मानवीय पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और इस बात पर सहमति बनी कि दिल्ली में कानून से संघर्षरत बच्चों के लिए समग्र, सुरक्षित और आधुनिक व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए।

इस बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे बच्चों के लिए कई होम्स बने हुए हैं। ये होम्स वर्षों पुराने हैं, इसलिए सरकार ने निर्णय लिया है कि इन बच्चों के निवास व पुनर्वास के लिए 'स्टेट ऑफ द आर्ट' एकीकृत परिसर का निर्माण किया जाए। यह परिसर अलीपुर में करीब 8 एकड़ भूमि में बनाया जाएगा। परिसर में विभिन्न मामलों में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में चल रही सुनवाई वाले बच्चों और प्रक्रिया पूर्ण कर चुके बच्चों आदि को रखा जाएगा। इस प्रस्तावित एकीकृत परिसर में बच्चों के लिए शिक्षा, खेल, योग, मानसिक परामर्श, व्यावहारिक सुधार और कौशल विकास जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि वे सामान्य जीवन की ओर लौट सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एकीकृत परिसर बच्चों के लिए सुरक्षित संरक्षण व्यवस्था के रूप में कार्य करेगा और अन्य राज्यों के लिए भी मार्गदर्शक मॉडल बनेगा।

## चाकू की नोंक पर डिलीवरी ब्वॉय से की लूटपाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के विवेक विहार थाना क्षेत्र में डिलीवरी ब्वॉय से चाकू के बल पर लूटपाट का मामला सामने आया है। गौरतलब है कि इस लूट की वारदात को दिनदहाड़े अंजाम दिया गया स पुलिस ने पीड़ित गगन सोलंकी (21) की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि एक बदमाश ने चाकू से धमकाकर उनका मोबा. इल फोन लूट लिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके सीसीटीवी फुटेज आदि की मदद से मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित गगन सोलंकी परिवार के साथ शाहदरा के डूंगर मौहल्ले में रहता है। वह जोमैटो में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता है। बुधवार दोपहर करीब 3:40 बजे वह दिलशाद गार्डन से वापस घर लौट रहा था। इस बीच ज्वाला नगर श्मशान घाट के पास एक लड़के ने उसकी जैकेट का कॉलर पकड़ लिया और लूटपाट करने लगा। सोलंकी ने विरोध किया तो बदमाश ने चाकू मारने की धमकी देते हुए फोन लूटकर फरार हो गया। इसके बाद पुलिस को मामले की सूचना देकर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# शिक्षा मंत्री ने 'यूथ फॉर गवर्नेंस' का औपचारिक शुभारंभ किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सरकार और जनता के बीच के संबंधों को एक नई परिभाषा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं जनकपुरी विधायक आशीष सूद ने "यूथ फॉर गवर्नेंस " पहल का औपचारिक शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस दृष्टिकोण से प्रेरित है जिसमें उन्होंने गैर- राजनीतिक पृष्ठभूमि से एक लाख युवाओं को सरकार से जोड़ने का आह्वान किया है, ताकि भाई-भतीजावाद जैसी प्रवृत्तियों को समाप्त किया जा सके।

उद्घाटन अवसर पर पहले बैच के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सूद ने कहा की देश की सोच में एक बड़ा परिवर्तन हो रहा है। हम 'राज' की औपनिवेशिक मानसिकता से निकलकर 'कर्तव्य' की भावना की ओर बढ़ रहे हैं। चाहे मुख्यमंत्री निवास को 'जन सेवा सदन' कहना हो या प्रधानमंत्री आवास की नई परिकल्पना। संदेश स्पष्ट है कि विधायक या मंत्री का कार्यालय केवल और केवल सेवा के लिए होता है, ताकि नागरिक और सरकार के बीच की दूरी कम हो सके।जनकपुरी के लिए 'स्पेशल 12', 350 से अधिक आवेदकों में से कठिन चयन प्रक्रिया के बाद चुने गए 12 उत्कृष्ट युवाओं को 'बैच जीरो' के रूप में शामिल किया गया है। इस समूह में चिकित्सक और कानून के छात्र शामिल हैं, जो आगामी तीन महीनों तक जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख शहरी समस्याओं पर कार्य करेंगे। इनमें पंखा रोड पर स्वच्छता ऑडिट, अंधेरे क्षेत्रों की पहचान कर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था जैसे जमीनी कार्य शामिल हैं।

इस पहल की नींव देश में उभर रही उस व्यापक वैचारिक परिवर्तन पर आधारित है, जिसमें शासन को 'सत्ता' नहीं बल्कि 'सेवा' के रूप में देखा जा रहा है। जिस प्रकार प्रधानमंत्री कार्यालय को 'सेवा तीर्थ', रेस कोर्स रोड को 'लोक कल्याण मार्ग' और ऐतिहा. सिक 'राजपथ' को 'कर्तव्य पथ' के रूप में नामित किया गया है, उसी भावना को आगे बढ़ाते हुए सूद ने कहा कि अब उनका कार्यालय भी शक्ति का नहीं, बल्कि सेवा का केंद्र है। सूद ने चयनित प्रतिभागियों को 'रील लाइफ' और 'रियल लाइफ' के अंतर को समझने की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया संवाद का माध्यम हो सकता है, लेकिन वास्तविक बदलाव जमीन पर होता है। ल्थ्ळ के फेलोज 'ह्यूमन इंटरफेस' की भूमिका निभाएंगे, जिससे श्री आशीष सूद का कार्यालय जनकपुरी के नागरिकों के लिए एक प्रभावी और परिणामोन्मुख सेवा इकाई बना रहे। सूद ने कहा की यह बदलाव केवल देखने का नहीं है बल्कि यह प्रभाव और समाधान की दर का कार्यक्रम है। आपकी जिम्मेदारी है कि हर नागरिक को यह एहसास हो कि 'सरकार सुन रही है'।

# सूरजकुंड मेला-2026 के लिए होगी विशेष डीटीसी बस सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आगामी सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला-2026 को देखते हुए दिल्ली सरकार ने मेले के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए सुरक्षित, विश्वसनीय और किफायती पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुनिश्चित करने के लिए विशेष डीटीसी बस सर्विस शुरू करने का फैसला किया है। देश के बड़े सांस्कृतिक और हस्तशिल्प मेले में से एक सूरजकुंड मेला हर साल लाखों देशी-विदेशी पर्यटकों, कारीगरों, परिवारों को आकर्षित करता है।पर्यटकों की यात्रा को और अधिक सुविधाजनक बनाने और प्राइवेट परिवहन द्वारा ज्यादा किराया वसूलने और भीड़भाड़ से होने वाली परेशानी को रोकने के लिए दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (डीटीसी) 31 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक एक्सपेरिमेंट के तौर पर एक खास रूट पर विशेष तौर से बसें चलाएगा।

परिवहन विभाग ने इंटर-स्टेट बस ऑपरेशन को आसान बनाने के लिए हरियाणा ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के साथ औपचारिक रूप से संवाद किया है, क्योंकि मेला ग्राउंड हरियाणा सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि सूरजकुंड मेला एक गौरवशाली सांस्कृतिक उत्सव है, जो देश- विदेश से आने वाले लोगों को आकर्षित करता है। डेडिकेटेड डीटीसी बस सर्विस मेट्रो स्टेशन से मेला ग्राउंड तक बिना किसी रुकावट के लास्ट-माइल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगी और साथ ही स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल मोबिलिटी को भी बढ़ावा देगी।

इस व्यवस्था के तहत डीटीसी बदरपुर बॉर्डर मेट्रो स्टेशन से लेकर सूरजकुंड मेला ग्राउंड के बीच लगभग 4 किलोमीटर के रूट पर दो इलेक्ट्रिक 9-मीटर वाली बसें चलाएगी। यह बस रूट बदरपुर मेट्रो स्टेशन, बदरपुर बॉर्डर, राजीव गांधी स्टेडियम, पुल प्रह्लादपुर, सूरजकुंड चौक और मानव रचना स्कूल से होकर मेला ग्राउंड तक संचालित होगी, जिससे मेट्रो से आने वाले यात्रियों को लास्ट-माइल कनेक्टिविटी की सुविधा मिलेगी।




मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में जुवेनाइल जस्टिस कमिटी के सदस्यों के साथ हुई बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी।

## एक नजर

### डीटीसी के पास सेक्शन को चाट गई दीमक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सबसे प्राचीन दिल्ली परिवहन निगम के पास सेक्शन सिंधिया हाउस की हालत जीर्ण-शीर्ण हो गई है।पास बनवाने वाले लोगों को भी दहशत रहती है,कि कही ऊपर से छत ना गिर जाए, इतना ही नहीं डीटीसी पास सेक्शन के काउंटरों को दीमक चाट गई है, जिसमें अब भी दीमक चलते हुए देखी जा सकती है। डीटीसी के प्रबंधन और दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री से मांग है,कि सबसे ज्यादा कमाई करने वाले इस सेंटर की हालत तुरंत सुधारी जाए।

### ऑन द वे कला प्रदर्शनी का आयोजन किया





**नई दिल्ली।** कलाकार शिवानी सिंह ऑन द वे, नामक कला प्रदर्शनी का आयोजन ललित कला अकादमी, दिल्ली में 27 जनवरी से 2 फरवरी 2026 तक किया जा रहा है. इस अवसर पर कलाकार शिवानी सिंह ने बताया की यह मल्टीमीडिया कला प्रदर्शनी है. मेरी कला यात्रा सांगानेर, जयपुर की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से जुड़ी हुई है। पारिवारिक विरासत के रूप में प्राप्त प्रसिद्ध सांगानेरी हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग परंपरा से प्रेरित है। ब्लॉक प्रिंटेड फैब्रिक्स के साथ लकड़ी, कार्डबोर्ड, लोहा, प्लास्टिक और अन्य मिले-जुले माध्यमों का उपयोग करते हुए दैनिक जीवन के साधारण क्षणों, सामाजिक परिस्थितियों तथा मनुष्यों के संघर्षों को इमर्सिव इंस्टॉलेशन्स में रूपांतरित करती है । 'ऑन द वे' प्रदर्शनी दर्शकों को अपने जीवन, दिनचर्या परंपरा और आधुनिक अस्तित्व पर एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है।

### अतिरिक्त सुरक्षा पहलों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** नेशनल रोड सेफ्टी मंथ (1-31 जनवरी, 2026) और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सड़क सुरक्षा अभियान (एसएसए) 2026 के अवसर पर, क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म इंस्टामार्ट ने आज अपने डिलीवरी पार्टनर्स की सड़क पर सुरक्षा और आपात स्थिति की तैयारी को और बेहतर बनाने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा पहलों की घोषणा की। इस पहल पर बात करते हुए, इंस्टामार्ट के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अंकित जैन ने कहा, हमारे डिलीवरी पार्टनर्स हमारे हर काम की रीढ़ हैं और उनकी सुरक्षा हमेशा हमारी प्राथमिकता रहेगी।

### इस पोकेमॉन गो डे पर वलपिक्स व अलोला वलपिक्स को किया जाएगा फीचर

**नई दिल्ली।** पोकेमॉन गो फरवरी, 2026 कम्युनिटी डे, रविवार, 1 फरवरी को आयोजित किया जाएगा द्य इस कम्युनिटी डे के दौरान, अपने आस-पास के ट्रेनर के साथ रेड, ट्रेड और एक्सप्लोर करें, वलपिक्स और अलोला वलपिक्स, फॉक्स पोकेमॉन, को विशेष रुप से फीचर किया जाएगा। यह कम्युनिटी डे मीटअप्स दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक 33 शहरों में आयोजित किए जाएंगे। इन शहरों के प्रमुख स्थान इस प्रकार हैं, नई दिल्ली के सेक्टर 6, द्वारका में प्लाजा पार्क, ईरोज वन मॉल, महाराजा अग्रसेन पार्क और लोधी गार्डन,गाजियाबाद के इंदिरापुरम में स्वरूप नोएडा के मेघदूतम पार्क, फरीदाबाद के सेक्टर-12 में टाउन पार्क में आयोजित किए जाएंगे ।

### पुलिस ने दो नाबालिगलड़कियों को परिवार से मिलवाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने सनलाइट कॉलोनी और रोहिणी इलाके से दो नाबालिग किडनैप लड़कियों को बरामद कर उनके परिवार वालों से मिलावा दिया। इन मामलो में दो आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) पंकज कुमार ने बताया कि पहले मामले में एक 15 साल की लड़की, के 06. सितंबर 2025 को सनलाइट कॉलोनी थाने के अधिकार क्षेत्र से किडनैप/लापता होने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसके बाद सनलाइट कॉलोनी थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी सुरेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर संजय कुमार के नेतृत्व में एएसआई बिजेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल उपेंद्र, महिला हेड कांस्टेबल सीमा और कांस्टेबल मोहित की टीम ने स्थानीय पूछताछ और कई मोबाइल नंबरों के तकनीकी विश्लेषण किया। इसके अलावा लापता लड़की के परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों से भी पूछताछ की गई।

## जार्ज फर्नांडिस को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से लोकसभा सांसद प्रत्याशी रहे, अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं.लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में पूर्व केंद्रीय रक्षामंत्री, रेलमंत्री रहेजॉर्ज फर्नांडिस को उनकी सातवीं पुण्यतिथि पर कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

वत्स ने कहा कि उन्होने आजीवन मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए कार्य किए। जुझारू व्यक्तित्व के धनी जॉर्ज साहब बेहद निडर और मिलनसार थे। उन्होने आपातकाल का मुखर विरोध किया था । वे एक ट्रेड यूनियन लीडर के रुप में भी विख्यात रहे।

# महापौर ने आम आदमी पार्टी के आरोपों का किया खंडन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने आम आदमी पार्टी द्वारा लगाए गए आरोपों को पूरी तरह भ्रामक, तथ्यहीन और राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दिल्ली देहात के गांवों में भलस्वा का कूड़ा डाले जाने का आरोप सरासर गलत है और जनता को गुमराह करने की साजिश के अलावा कुछ नहीं है।

महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम वैज्ञानिक और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से कूड़ा प्रबंधन पर काम कर रहा है। भलस्वा सहित सभी लैंडफिल साइट्स पर वर्षों से जमा कचरे के निस्तारण के लिए बायो-माइनिंग और बायो-रिमेडिएशन की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इस प्रक्रिया के तहत कचरे को प्रोसेस कर अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित किया जाता है, न कि उसे किसी गांव या खाली जमीन पर फेंका जाता है।

महापौर ने बताया कि लीगेसी लैंडफिल स्थलों पर बायो-माइनिंग अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ी है। भलस्वा, ओखला और गाजीपुर में अब तक 168.36 लाख मीट्रिक टन से अधिक कचरे का निपटान किया जा चुका है। हमारी दैनिक बायो-माइनिंग क्षमता बढ़कर 30,000 टीपीडी हो गई है। नरेला-बवाना में 3600 टीपीडी और गाजीपुर में 3000 टीपीडी क्षमता के वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट प्रस्तावित हैं, जिनका कार्य दिसंबर 2028 तक पूरा कर लिया जाएगा। ओखला वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट की मौजूदा क्षमता 1950 से बढ़ाकर 2950 टीपीडी की जा रही है, जिसका कार्य मार्च 2027 तक पूरा होगा। वहीं, तेहखंड वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट की क्षमता 2000 से बढ़ाकर 3000 टीपीडी की जा रही है, जिसका कार्य दिसंबर 2027 तक पूरा किया जाएगा। महापौर ने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे वीडियो आधे-अधूरे और संदर्भ से काटकर पेश किए गए हैं। वास्तविकता यह है कि जिन स्थानों का जिक्र किया जा रहा है, वहां निर्माण सामग्री, मिट्टी और प्रोसेस्ड इनर्ट मटीरियल का उपयोग भूमि समतल. ीकरण जैसे कार्यों के लिए किया जा रहा है, न कि प्लास्टिक, पॉलिथीन या कांच युक्त असंसाधित कचरे का।

# रमजानउलमुबारक इन्तेजामिया कमेटी के पदाधिकारियों की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की रमजान-उल-मुबारक इन्तेजामिया कमेटी के पदाधिकारियों की घोषणा हुई चीफ काजी एवं रमजान- उल-मुबारक इन्तेजामिया कमेटी के संयोजक मुफ्ती मौहम्मद ताहिर हुसैन ने आज सर्वसहमति से कमेटी के पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए हाजी मौहम्मद एहसान कुरैशी को चेयरमैन डॉ. अब्दुल रहीम को डिप्टी चेयरमैन शमीम अहमद खान को अध्यक्ष मौहम्मद दानिश मतीन, डॉ. फाजिल कुरैशी व मौहम्मद अकरम को उपाध्यक्ष हाजी मौहम्मद अनवार को महासचिव मौहम्मद अजहरुद्दीन, सरफराज अहमद रंगरेज व मौहम्मद अमीरुद्दीन को सचिव के साथ साथ जहीर आलम को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है इस अवसर पर मुफ्ती मौहम्मद इसहाक हक्की कासमी, मुफ्ती अब्दुरराफे कासमी, कारी नबी हसन रहमानी, मौलाना यासीन, मल्का गंज कबीर बस्ती क्षेत्र की मदीना मस्जिद के ईमाम मौहम्मद इमरान फतेह मस्जिद के इमाम मसूद आलम आदि उलेमाओं का शाल पहनाकर स्वागत भी किया गया। कमेटी के अध्यक्ष शमीम अहमद खान ने बताया कि 18 फरवरी 2026 से शुरू हो रहें पवित्र रमजान मुबारक के महीने में दिल्ली में विशेषकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में जन सुविधाओं का विशेष प्रबन्ध कराने के लिए कमेटी प्रयासरत है इस मौके पर शकील अहमद, मौहम्मद फारूक, अब्दुल कादिर, मौहम्मद कामिल, अब्दुल सत्तार अन्सारी व अताउर्रहमान अंसारी भी मौजूद थे




शिक्षा मंत्री ने किया विज्ञान भवन में 'मुक्त, दूरस्थ, डिजिटल एवं मिश्रित शिक्षण में उभरती प्रवृत्तियाँ एवं चुनौतियां' विषय पर प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन।

# ललित कला अकादमी में रंग-स्मृति का संवाद आर्ट डाइवर्सिटी फेस्टिवल-2026

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की ललित कला अकादमी में 27 जनवरी से शुरू हुआ और 2 फरवरी तक चलने वाला आर्ट डाइवर्सिटी फेस्टिवल 2026 कला और संस्कृति का एक ऐसा मंच बनकर उभरा है, जहां एशिया और यूरोप के कलाकार अपनी रचनात्मक दृष्टि के माध्यम से सीमाओं से परे संवाद स्थापित कर रहे हैं।

अर्थ आर्ट इंटरनेशनल द्वारा आयोजित यह महोत्सव पारंपरिक विरासत और समकालीन अभिव्यक्ति के संगम को सजीव रूप में प्रस्तुत करता है।इस महोत्सव के प्रमुख आकर्षणों में मोजेक कलाकार शैरोन सेठ की कृतियाँ विशेष रूप से दर्शकों



का ध्यान खींच रही हैं। सिरेमिक, पत्थर और कांच के छोटे-छोटे टुकड़ों से निर्मित उनकी रचनाएँ न केवल दृश्य सौंदर्य का अनुभव कराती हैं, बल्कि स्मृति, समय और पुनर्चक्रण के गहरे अर्थों को भी उकेरती हैं।अपनी कला के बारे में शैरोन सेठ कहती हैं कि "मोजेक मेरे लिए टूटे हुए टुकड़ों को जोड़कर एक नई कहानी रचने की प्रक्रिया है। हर टुकड़ा अतीत की एक स्मृति है, और जब वे साथ आते हैं, तो एक नई पहचान जन्म लेती है।" मोजेक कला, जिसकी जड़ें प्राचीन मेसोपोटेमिया, ग्रीस और रोम में रही हैं, शैरोन के हाथों में एक आधुनिक और भावनात्मक भाषा का रूप ले लेती है।

# शिक्षा मंत्री ने किया अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के दूरस्थ एवं सतत शिक्षा विभाग, स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग, मुक्त शिक्षा परिसर द्वारा राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) एवं ब्रिटिश काउंसिल के सहयोग से आयोजित "मुक्त, दूरस्थ, डिजिटल एवं मिश्रित शिक्षण में उभरती प्रवृत्तियाँ एवं चुनौतियाँ" विषय पर प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन विज्ञान भवन, में किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन गुरुवार को हुआ, इस अवसर पर दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि समारोह की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की विशाल युवा जनसंख्या को ऑनलाइन, दूरस्थ, डिजिटल एवं मिश्रित अधिगम के माध्यमों से उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना समावेशी राष्ट्रीय विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप शिक्षा का सशक्तिकरण, नवाचार, उद्यमिता और सामाजिक गतिशीलता का प्रमुख आधार बताया, जिससे युवा नागरिक राष्ट्र के निर्माण में सार्थक योगदान दे सकें।

उन्होंने कहा कि भारत की ज्ञान साझा करने की परंपरा मुक्त शैक्षिक संसाधनों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, स्वयं मंच, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट तथा राष्ट्रीय डिजिटल विश्व. विद्यालय जैसी पहलों में परिलक्षित होती है। ये सुधार उच्च शिक्षा में पहुँच, लचीलापन और गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग करते हैं तथा भारत को किफायती और व्यापक अधिगम के वैश्विक केंद्र के रूप में सशक्त बनाते हैं।डीयू के कुल. पति प्रो. योगेश सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में विश्व. विद्यालय की अग्रणी भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने मुक्त शिक्षा विद्यालय और मुक्त शिक्षा परिसर के माध्यम से समावेशी, लचीली और भविष्य- उन्मुख शिक्षा प्रदान करने के प्रति विश्वविद्यालय की निरंतर प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन नीति संवाद, शैक्षणिक आदान-प्रदान और डिजिटल एवं मिश्रित अधिगम में वैश्विक श्रेष्ठ अनुभवों के साझा करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। मुक्त शिक्षा परिसर की निदेशक प्रो. पायल मागो और मुक्त शिक्षा विद्यालय के प्राचार्य प्रो. अजय जैसवाल ने मुक्त और दूरस्थ शिक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन में नवाचार, गुणवत्ता सुनिश्चितता, शिक्षार्थी सहायता प्रणालियों तथा शिक्षकों की क्षमता निर्माण के महत्व पर बल दिया।

## एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने दर्ज किया 31326 करोड़ रुपये का नया बिजनेस प्रीमियम

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त अवधि के दौरान 31,326 करोड़ रुपए का नया बिजनेस प्रीमियम दर्ज किया, जो 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त इसी अवधि में 26,256 करोड़ रुपए था। नियमित प्रीमियम में 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त अवधि की तुलना में 15% की बढ़ोतरी हुई। गौरतलब है कि एसबीआई लाइफ का सुरक्षा संबंधी नया बिजनेस प्रीमियम 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त अवधि के दौरान 22% की बढ़ोतरी के साथ 3,411 करोड़ रुपए रहा। सुरक्षा संबंधी व्यक्तिगत नया बिजनेस प्रीमियम 31 दिसंबर 2025 को समाप्त अवधि के दौरान घ्651 करोड़ रहा। व्यक्तिगत नया बिजनेस प्रीमियम 22,545 करोड़ रुपए रहा, जिसमें 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त इसी अवधि के मुकाबले 14% की बढ़ोतरी हुई।

# एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के एंबेसडर बने ऋषभ व रवींद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुरुग्राम।** भारत की सबसे विश्वसनीय निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने क्रिकेट के सुपरस्टार, ऋषभ पंत तथा रवींद्र जडेजा को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है, और उन्हें 'जॉली' और 'पॉली' के तौर पर पेश किया है।

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस और सीएसआर प्रमुख रवींद्र शर्मा ने नए ब्रांड एंबेसडर और टीवीसी के लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में कहा एसबीआई लाइफ में, हमारा मानना है कि जीवन बीमा से यह संतुलन संभव है। 'जॉली एंड पॉली', इस विश्वास को आसान और भरोसेमंद तरीके से दिखाते हैं। क्रिकेट के सुपरस्टार और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांड एंबेसडर, ऋषभ पंत (यानी जॉली) ने इस जुड़ाव पर अपनी टिप्पणी में कहा, "हमारे देश के युवाओं के बड़े-बड़े सपने हैं, और मेरा हमेशा से मानना रहा है कि ऐसे अवसर तैयार किये जाने चाहिए, जो उन सपनों को उड़ान भरने में मदद करें। है।"

रवींद्र जडेजा (यानी पॉली) ने कहा, "एसबीआई लाइफ का ब्रांड एंबेसडर होने के नाते मुझे देश भर के घरों से सार्थक रूप से जुड़ने और लोगों के बीच होने वाले संवाद का हिस्सा बनने का अनोखा मौका मिलता है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# नाले में मिला 5 दिन से लापता रिंकू का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**मोदीनगर।** पांच दिन से लापता युवक का शव गोविंदपुरी कॉलोनी में पुलिस चौकी के पीछे नाले में पड़ा मिला। परिजनों ने अगवा कर हत्या करने की आशंका जताई है। पुलिस कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। गांव रोरी निवासी इंद्रजीत सिंह अपनी पत्नी मंजू देवी और दो पुत्रों के साथ रहते हैं। उनका छोटा पुत्र 25 वर्षीय रिंकू कुमार खेती कर परिवार का लालन पालन करते थे।

25 जनवरी को रिंकू अपनी मां मंजू देवी को डॉक्टर से दिखाने के लिए निवाड़ी रोड पर एक क्लीनिक आए थे। वह अपनी मां को क्लीनिक पर छोड़कर थोडी देर में आने की बात कहकर निकल गए। रिंकू न तो क्लीनिक पर वापस आए और न ही देर शाम तक अपने घर पहुंचे। जब रिंकू घर पर नहीं आए तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। काफी तलाश करने के बाद भी जब वह नहीं मिले तो परिजनों ने मोदीनगर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी।

दिल्ली मेरठ मार्ग पर गो. विंदपुरी कॉलोनी में पुलिस चौकी के पीछे नाले में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे युवक का शव पड़ा हुआ था। इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाला। बीस मिनट बाद ही शव की शिनाख्त रिंकू निवासी गांव रोरी के रूप में हुई। इसी बीच परिजन भी मौके पर पहुंच गए। अगवा कर हत्या करने का आरोप पिता इंद्रजीत सिंह का आरोप है कि रिंकू को अगवा कर हत्या की गई।

हत्या किसी अन्य स्थान पर कर शव को नाले में फेंक दिया गया। उन्होने पुलिस से जल्द हत्या करने वालों को पकड़ने की मांग की। पुलिस कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। नाले में रोरी निवासी रिंकू का शव पड़ा मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## सरकार की जल्दबाजी बन रही लोगों के लिए परेशानी का सबब: नागर



**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के राष्ट्रीय महासचिव मनोज नागर ने भारत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने अपने कार्यालय पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जल्दबाजी में लिए जा रहे निर्णय लोगों पर विपरीतार डाल रहे हैं। उन्होंने अपने कैंप कार्यालय पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की जल्दबाजी के कारण जहां जनता को परेशानी हो रही है, वहीं कर्मचारियों पर भी इसका दुष्टप्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कम समय में टारगेट पूरा करने दबाव के चलते गलतियां हो रही है जो कि स्वाभाविक है। ऐसे ही किसानों की खतौनियों में हिस्सों में गलतियां हुई जिसकी परेशानी आम किसान को झेलनी पड़ रही है। इसे लेकर कई मुकदमे तक चल रहे हैं।

## कुरआन का सालाना कार्यक्रम आयोजित

**गाजियाबाद।** हिंडन विहार स्थित मदरसा इस्लामिया अरबिया उलुमुल कुरआन का सालाना इजलास ए आम, दस्तारबंदी हुफ्फाज ए किराम आयोजित किया गया। प्रोग्राम की जेरे निगरानी, मौलाना मुहम्मद असलम कासमी सदर जमियत उलैमा ने की। इस मौके पर जामिया महमूदिया मेरठ के संच. ालक मौलाना अब्बास कासमी मेहमान ए खुसूसी के तौर पर शामिल हुए। उनके अलावा मौलाना अलाउद्दीन, मुफ्ती जफर, मौलाना निसार अहमद, मुफ्ती वसीम, कारी मुतिउर रहमान, आप अभीतक के मुख्य संपादक इमरान खान, कारी अहमद, कारी तसव्वर, मौलाना मुख्तार, मौलाना वसीकुर्रहमान, मौलाना साकिर समेत कई लोग शामिल हुए।

## अवैध कब्जाधारियों पर करवाई के दिए कड़े निर्देश



**गाजियाबाद।** डीएम रविन्द्र कुमार मांदड़ ने जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, दिव्यांगजन कल्याण विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला आपूर्ति विभाग, पशु पालन विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों से शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आयी शिकायतों को शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। जनता दौरान के दौरान लोनी में सरकारी भूमि( गौशाला, मीरपुर हिन्दू) पर अवैध कब्जा सहित अन्य क्षेत्रों में भी अवैध कब्जा करने वालों के द्वारा सरकारी भूमि का दुरूपयोग करने के मामले संज्ञान में आए। डीएम ने एसडीएम लोनी को उक्त कब्जा करने वाले आरो. पियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए भूमि को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में कहीं भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा नहीं होना चाहिए। जहां भी ऐसा मामला संज्ञान में आता है तो उक्त के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। जनसुनवाई के दौरान एडीएम ई ज्योति मौर्या, एडीएम सिटी विकास कश्यप, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुरादनगर विधानसभा से तमन्ना डबास कुरैशी ने ठोकी अपनी दावेदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महर्षि दयानंद विद्यापीठ मुरादनगर केंद्र पर समा. जवादी पार्टी द्वारा नए मतदाता पंजीकरण और जागरूकता अभियान को पूरी सक्रियता से चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए नए मतदाताओं को जोड़ना है। यह कार्य रामकरण निर्मल, प्रदेश अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के आदेशानुसार किया जा रहा है। साथ ही फैसल हुसैन, जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी और वीरेंद्र यादव, महानगर अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी गाजियाबाद के मार्गदर्शन में फॉर्म संख्या 6, 7 और 8 नए मतदाताओं को वितरित किए जा रहे हैं। जिन्हें फॉर्म की आवश्यकता है, उन्हें केंद्र पर जाकर उपलब्ध कराया जा रहा है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मोहम्मद असलम कुरैशी, समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। वे हमेशा पार्टी के लिए जमीनी स्तर पर कार्यरत रहे हैं। इस बार उनकी धर्मपत्नी तमन्ना डबास कुरैशी मुरादनगर विधानसभा सीट से टिकट की दावेदारी कर रही हैं। राजनीतिक विश्लेषण के अनुसार इस सीट पर मतदाता गणित इस प्रकार है: जाट – 55,000 से 60,000 मुस्लिम – 75,000 दलित – 55,000 यादव – 25,000 से 30,000 अन्य विभिन्न जातियां – शेष समाजवादी पार्टी के च्क्र। परिवार के अनुसार, यदि तमन्ना डबास कुरैशी को पार्टी अपना उम्मीदवार बनाती है, तो यह सीट समाजवादी पार्टी के पक्ष में मजबूत जीत दिला सकती है।

# लोनी की मॉनिटरिंग के लिए मेट्रो संघर्ष समिति लोनी ने की जिलाधिकारी से मुलाकात

**■ डीएम से मैट्रो संघर्ष समिति लोनी ने मांग की है कि स्वयं लोनी मैट्रो विस्तार की मॉनिटरिंग कर जल्द से जल्द इस परियोजना को धरातल पर लाने की माँग की है**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** लोनी में मेट्रो विस्तार के लिए संघर्ष कर रहे लोनी मैट्रो संघर्ष समिति के संयोजक ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। जिसमें मैट्रो संघर्ष समिति के संयोजक विनोद कुमार और सहसंयोजक हाजी सरफराज अहमद ने मुलाकात कर पत्र दिया जिसमें मांग की गई कि दिल्ली मेट्रो द्वारा लोनी में शिव विहार मैट्रो स्टेशन से मंडौला विहार जनपद की सीमा तक मैट्रो विस्तार की स्वीकृति पिछले वर्ष दे दी थी जिस पर विकास प्राधिकरण के सचिव द्वारा लोनी मैट्रो विस्तार को लेकर आवास विकास परिषद, यूपीसीडा नगर निगम और विकास प्राधिकरण गाजियाबाद के अधिकारियों के साथ बैठक कर सर्वे करने की बात की है जिस पर जिलाधिकारी से मैट्रो संघर्ष समिति लोनी ने मांग की है कि स्वयं जिलाधिकारी लोनी मैट्रो विस्तार की मॉनिटरिंग कर जल्द से जल्द इस परियोजना को धरातल पर लाने की माँग की है जिलाधिकारी ने लोनी मैट्रो विस्तार संघर्ष समिति को आश्वस्त किया कि आपके पत्र पर अवश्य कार्यवाही की जाएगी। जिस पर विनोद कुमार और हाजी सरफराज अहमद जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर लोनी तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जे पी शर्मा और सचिव विजय आनंद भी उपस्थित रहे।

# पालतू कुत्ते की ट्रेनिंग के बहाने रेप और ब्लैकमेल, आरोपी ने कबूला जुर्म

**साहिबाबाद।** कौशांबी थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती के साथ उसके डॉग ट्रेनर ने घर में घुसकर रेप किया। आरोप है कि आरोपी ने रेप के दौरान उसके अश्लील वीडियो और फोटो बनाए और अब उसे ब्लैकमेल कर रहा है। वह उस पर बात करने का दबाव भी बना रहा है और आत्महत्या करने का नाटक करके उसे फंसाने की धमकी दे रहा है। पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कौशांबी थाना क्षेत्र में रहने वाली पीड़िता की मां ने बताया कि वे कश्मीर से आकर यहां बस गए थे। पति की मौत के बाद वह अपनी दो बेटियों और ससुर के साथ एक फ्लैट में रहती है। उन्होंने बताया कि उन्होंने नवंबर 2025 में अपने पालतू कुत्ते को ट्रेनिंग देने के लिए गौतम बुद्ध नगर के गौर सिटी के रहने वाले मुकुल कुमार को रखा था। वह हफ्ते में तीन दिन शाम को कुत्ते को ट्रेनिंग देने आता था।

आरोप है कि फरवरी 2025 में मुकुल ने उनकी बड़ी बेटी को घर में अकेला पाकर उसके साथ रेप किया और अश्लील वीडियो और फोटो बनाए। फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी उनकी बेटी का लगातार यौन शोषण करता रहा। जब आरोपी से परेशान होकर पीड़िता ने दिसंबर 2025 में अपना फ्लैट बदल लिया, तो आरोप है कि आरोपी ने उनकी बेटी को एक होटल में आने के लिए मजबूर किया। जब उसने मना किया, तो आरोपी ने उसे बुरी तरह पीटा, जिससे बेटी घायल हो गई। आरोपी से परेशान होकर बेटी ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया, लेकिन आरोपी अलग-अलग नंबरों से फोन करके उसे परेशान करता रहा। आरोपी ने धमकी दी कि अगर उसने पुलिस में शिकायत की, तो वह आत्महत्या कर लेगा और उसे और उसकी मां को फंसा देगा। उसने 26 जनवरी को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

## मकान में लगी आग लाखों का माल खाक कोई जनहानि नहीं

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद के शनि चौक के पास लाजपत नगर के एल-ब्लॉक में एक मकान में अचानक आग लग गई। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दरअसल, लाजपत नगर साहिबाबाद के एल-220 मकान में दोपहर को आग लग गई। देखते ही देखते आग ने घरेलू सामान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। मकान विशाल शर्मा पुत्र स्वर्गीय नरेश शर्मा का बताया जा रहा है। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन साहिबा. बाद से दमकल गाड़ी मौके के लिए रवाना हुई। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर पंपिंग के जरिए आग बुझाने का कार्य शुरू किया। दमकल कर्मियों की सूझबूझ और कार्रवाई से आग को आसपास के मकानों तक फैलने से पहले ही नियंत्रित कर लिया गया। राहत की बात यह रही कि आग लगने की घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के समय मकान में मौजूद लोग सुरक्षित बाहर निकल आए।

## हापुड़ रोड पर हटेगी अवैध पार्किंग, डीएम ने दिए सख्त निर्देश



**गाजियाबाद।** जिला मुख्यालय के बाहर हापुड़ रोड पर गाड़ियां अवैध रूप से पार्क की जाती हैं, जिससे ट्रैफिक जाम लगता है और गाड़ी चलाने वालों को परेशानी होती है। गुरुवार को इस समस्या पर ध्यान देते हुए, जिला मजिस्ट्रेट ने सिटी मजिस्ट्रेट को हापुड़ रोड पर गाड़ियों की पार्किंग रोकने और वहां गाड़ी पार्क करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

रोजाना, जिला मुख्यालय के बाहर, आरडीसी गेट से इंग्राम कट तक, हापुड़ चुंगी की ओर जाने वाली सड़क पर दो लेन में गाड़ियां पार्क की जाती हैं। इससे ड्राइवरों को काफी परेशानी होती है। बस ड्राइवर भी यात्रियों को लेने के लिए यहां बसें रोकते हैं। यहां सुबह से शाम तक ट्रैफिक जाम रहता है, और अवैध पार्किंग को खत्म करने की मांग करते हुए कई शिकायतें दर्ज की गई हैं।

पहले भी यहां पार्किंग रोकने के लिए कार्रवाई की गई थी, लेकिन जैसे ही सख्ती कम हुई, गाड़ियां फिर से पार्क होने लगीं। कुछ लोग यहां अवैध रूप से पार्किंग पर्ची भी जारी कर रहे हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिया है कि हापुड़ रोड पर पार्किंग बंद की जाएगी। अगर कोई फिर भी अपनी गाड़ी वहां पार्क करता है, तो उसके खिलाफ पुलिस कार्रवाई की जाएगी। हापुड़ रोड पर पार्क की गई गाड़ियों के लिए पार्किंग फीस वसूलने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# भारत के विदेश मंत्रालय एवं भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित क्षेत्रीय हिंदी सम्मेलन में आज

**■ 'हिंदी का वैश्विक प्रसार: दशा और दिशा' विषय पर व्याख्यान दिया**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** यूरोपीय देश रोमा. निया की राजधानी में स्थित 'रोमानियन - अमेरिकन यूनिवर्सिटी' के सीनेट हॉल में दो दिवसीय क्षेत्रीय हिंदी सम्मेलन का आगाज हुआ। इस दो दिवसीय सम्मलेन के पहले सत्र में, भारत, अमेरिका, पोलैंड, इंग्लैंड, बुल्गारिया, डेनमार्क, जर्मनी, नीदरलैंड, टर्की, क्रोशिया तथा कई अन्य यूरोपीय देशों से आए हुए डेलीगेट्स ने प्रतिभाग किया। इस सम्मेलन में प्रतिभाग कर रहे अतिथि गण अपने अपने देश में हिंदी भाषा, साहित्य और भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रसार के लिए कार्यरत हैं। इस सम्मेलन में रोमा. निया में भारत के राजदूत मनोज महापात्र, भारत से आई विदेश मंत्रालय की संयुक्त सचिव अंजू रंजन, यूनाइटेड किंगडम से आए तेजेंदर शर्मा, अमेरिका से प्रोफेसर सलूजा, तथा भारत से प्रोफेसर नवीन कुमार जी ने अपने वक्तव्य रखे। इस अवसर पर मेरे द्वारा भी 'हिंदी का वैश्विक प्रसार : दशा और दिशा' विषय पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्याख्यान दिया गया।

## खोया पाया

मेरी इंटरमीडिएट वर्ष 2021 अनुक्रमांक नं. 215344175 की अंक तालिका वास्तव में कहीं खो गई है जिसका प्रयोग अन्य के लिए अवैध होगा।

**साहिल पुत्र नूर मौहम्मद निवासी मलिक नगर मुरादनगर गाजियाबाद।**

# बिजली बिल राहत योजना: शासन द्वारा चलाई जा रही बिजली बिल राहत योजना के द्वितीय चरण के अन्तिम 2 दिन शेष

**■ उक्त चरण में नेवर पेड तथा लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं के विद्युत बिलों पर शत-प्रतिशत् सरचार्ज के साथ-साथ 20 प्रतिशत् मूल धनराशि में भी छूट प्रदान की जा रही है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0, 14-अशोक मार्ग शक्ति भवन, लखनऊ के पत्रंक 3308 दिनांक 13.11.2025 के द्वारा शासन की मंशानुसार नेवर पेड व लॉन्ग अनपेड विद्युत उपभोक्ताओं के लिए विद्युत बिल तथा विद्युत चोरी के प्रकरणों में राजस्व निर्धारण की धानराशि में छूट हेतु बिजली बिल राहत योजना 2025-26 दिनांक 01.12.2025 से लागू की गयी है।

विद्युत वितरण मण्डल, गाजियाबाद के अधीन सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 31.01. 2026 को बिजली बिल राहत योजना 2025-26 का द्वितीय चरण समाप्त हो रहा है।

उक्त चरण में नेवर पेड तथा लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं के विद्युत बिलों पर शत-प्रतिशत् सरचार्ज के साथ-साथ 20 प्रतिशत् मूल धानराशि में भी छूट प्रदान की जा रही है। साथ ही साथ यहां यह भी सूचनीय है कि उक्त योजना के अन्तर्गत विद्युत चोरी के प्रकरणों में भी राजस्व निर्धारण में 45 प्रतिशत् छूट का प्रावधान दिया गया है।



विद्युत वितरण मण्डल, गाजियाबाद के अधीन उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि बिजली बिल राहत योजना 2025-26 का दिनांक 31.01. 2026 को द्वितीय चरण अग्रिम 02 दिवसों में समाप्त हो रहा है। जिसके उपरान्त उपभोक्ता द्वारा उक्त योजना का सम्पूर्ण लाभ प्राप्त नही किया जा सकता।

यहां यह भी सूचनीय है कि जिन उपभोक्ताओं द्वारा अपने बकाया विद्युत बिल तथा विद्युत चोरी से सम्बन्धित प्रकरणों में बिजली बिल राहत योजना 2025-26 के अन्तर्गत पंजीकरण कराकर, भुगतान नही कराया जा रहा है, के विरू) निर्गत की गयी धारा-05 (आर0सी0) की वसूली तहसील, मोदीनगर स्तर के अमीनों, विद्युत चोरी के प्रकरणों में एण्टी पावर थैप्ट, गाजियाबाद तथा प्रतिदिन विभागीय कर्मचारियों, क्षेत्रीय पुलिस बल के साथ पुलिस प्रवर्तन दल-द्वितीय, गाजियाबाद द्वारा संयोजन विच्छेदित करने तथा अन्य आवश्यक कार्यवाही विभागीय नियमानुसार की जा रही है।

अत: उक्त के दृष्टिगत् समस्त सम्मानित उपभोक्ता अग्रिम 02 कार्य दिवसों में उक्त योजना का अधिाक से अधिाक लाभ प्राप्त कर, अपने बकाया विद्युत बिल का भुगतान करने का कष्ट करें। अन्यथा की स्थिति में बिजली बिल राहत योजना 2025-26 का समापन होने के उपरान्त विभागीय नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही किये जाने की बाध्यता होगी।

## खोया पाया

मेरी हाई स्कूल वर्ष 2020 अनुक्रमांक नं. 0374190 की अंक तालिका वास्तव में कहीं खो गई है जिसका प्रयोग अन्य के लिए अवैध होगा।

**सावेज पुत्र सलीम निवासी ग्राम सरना मुरादनगर गाजियाबाद।**

## संबंध विच्छेद

हम पूनम पत्नी अनिल कुमार व अनिल कुमार पुत्र महेंद्र निवासी- गली नं- 5, न्यू विकास नगर लोनी जिला- गाजियाबाद अपनी पुत्री प्रियंका को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। भविष्य में अपने कृत्यों की ये स्वयं जिम्मेदार होगी।

# यमुनापार विकास बोर्ड की बैठक में 728 करोड़ की योजनाएं पारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक तिहाई आबादी वाले यमुनापार क्षेत्र में विकास की गति को प्रभावी रूप से बढ़ाने के लिए यमुनापार क्षेत्र विकास बोर्ड (टीवाईएडीबी) ने प्रभावी कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड की बैठक में करीब 728 करोड़ रुपये की योजनाओं को पारित किया गया। मुख्यमंत्री का कहना है कि यमुनापार के विकास के लिए बजट में कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। साथ ही, बोर्ड के सदस्यों को निर्देश दिया कि आवश्यकता के आधार पर योजनाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए।

दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस बैठक में कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा, यमुनापार क्षेत्र विकास बोर्ड के अध्यक्ष व विधायक अरविंदर सिंह लवली सहित बोर्ड के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि ट्रांस-यमुना क्षेत्र का विकास दिल्ली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

सरकार का लक्ष्य यमुनापार को इतना विकसित करना है कि लोग यहां आना और यहां रहना स्वयं पसंद करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में संतुलन बेहद जरूरी है। केवल सौंदर्यीकरण ही नहीं, बल्कि नागरिकों की बुनियादी जरूरतों जैसे सड़कें, जल निकासी व्यवस्था, जलभराव की समस्या और सुरक्षित आवागमन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस बात पर चिंता जताई कि पिछली सरकार के कार्यकाल में बोर्ड को पूरी तरह से निष्क्रिय कर दिया गया था, जिसकी वजह से यमुनापार का विकास पूरी तरह ठप हो गया था और क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा इस बोर्ड को पुनः सक्रिय करना यमुनापार के विकास की दिशा में ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है। लंबे समय तक यमुनापार को विकास से वंचित रखा गया, जबकि यहां की आबादी और आवश्यकताएं लगातार बढ़ती रहीं। अब इस असंतुलन को दूर करने का ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

## 10 करोड़ रुपये कीमत का मादक पदार्थ जब्त

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम अधिकारियों ने बैंकॉक से आए एक भारतीय यात्री के पास से 9.84 किलोग्राम मारिजुआना बरामद किया। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम अधिकारियों ने बैंकॉक से आए एक भारतीय यात्री के पास से 9.84 किलोग्राम मारिजुआना बरामद कर उसे मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यात्री 26 जनवरी को टर्मिनल तीन पर पहुंचा था और स्पॉट प्रोफाइलिंग के आधार पर उसे रोका गया। इसके बाद उसे ग्रीन चौनल पर उसके सामान की एक्स-रे जांच के लिए ले जाया गया, फिर विस्तृत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान एक हरे रंग के हैंडबैग से एक तरफ काले और एक तरफ पारदर्शी कुल नौ पॉलीबैग बरामद किए गए, जिनमें कई परतों में वैक्यूम-सील पैकेट रखे हुए थे। बताया गया है कि डायग्नोस्टिक परीक्षण में बरामद पदार्थ प्रारंभिक तौर पर गांजा या मारिजुआना पाया गया। जब्त किए गए मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत लगभग 9.83 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसके बाद यात्री को 26 जनवरी को गिरफ्तार कर लिया गया और मादक पदार्थ के साथ उसे छिपाने में इस्तेमाल की गई सामग्री को एनडीपीएस अधिनियम के तहत जब्त किया गया।

# 5 स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी, खाली कराए कैंपस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के पांच स्कूलों को बृहस्पतिवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसके बाद स्कूल परिसरों को खाली कराया गया और सुरक्षा एजेंसियों ने तलाशी अभियान शुरू किया। दिल्ली फायर सर्विसेज ने पुष्टि की कि दिल्ली कैंट स्थित लोरेटो कॉन्वेंट, चितरंजन पार्क का डॉन बॉस्को और आनंद निकेतन व द्वारका स्थित कार्मेल कॉन्वेंट के परिसरों को धमकी मिली है।

वहीं, लोधी एस्टेट स्थित सरदार पटेल विद्यालय ने छात्रों के अभिभावकों को संदेश भेजकर सुरक्षा खतरे की जानकारी दी। पुलिस और दमकल विभाग को तुरंत सूचना दी गई, जिसके बाद स्कूलों को खाली कराने की प्रक्रिया शुरू की गई और एंटी सबोटाज जांच की गई। डीएफएस के एक अधिकारी ने बताया कि हमारी टीमें मौके पर मौजूद हैं और तय मानक प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है। अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है, हालांकि तलाशी अभियान जारी है।सरदार पटेल विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों को बताया कि सुबह सुरक्षा संबंधी धमकी मिली थी, जिसके बाद तुरंत अधिकारियों को सूचित किया गया। स्कूल ने बताया कि बम निरोधक दस्ते ने पूरे परिसर की गहन जांच की। अभिभावकों को भेजे गए संदेश में कहा गया कि यह बताते हुए राहत है कि परिसर को पूरी तरह सुरक्षित घोषित कर दिया गया है। छात्रों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी आवश्यक प्रोटोकॉल तुरंत और जिम्मेदारी के साथ अपनाए गए। आज कक्षाएं सामान्य रूप से जारी रहेंगी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि स्थानीय पुलिस, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड को स्कूल परिसरों की जांच के लिए तैनात किया गया। कुछ स्कूलों में छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। पुलिस के अनुसार धमकियों के स्रोत का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

## गाजीपुर मुर्गा मंडी में अवैध कटान 'भयानक'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने गाजीपुर मुर्गा मंडी में मुर्गियों और दूसरे पक्षियों के लगातार हो रहे अवैध कत्ल को 'भयानक' बताया। कोर्ट ने इलाके की तस्वीरें देखीं और सवाल किया कि क्या गाजीपुर मार्केट में ऐसे कत्ल पर रोक लगाने वाले 24 सितंबर, 2018 के उसके आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है।

कोर्ट ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इस प्रथा को रोका जाए। कोर्ट ने ये टिप्पणियां कीं और पशु कल्याण कार्यकर्ता गौरी मौलेखी द्वारा दायर एक अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश जारी किया। याचिका में कोर्ट के 2018 के आदेश का पालन न करने का आरोप लगाया गया था। कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम और अन्य एजेंसियों को पिछले आदेशों का पालन न करने के आरोप वाली अवमानना याचिका पर दो हफ्ते के अंदर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

# चोर ने किया लाखों के गहनों पर हाथ साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक युवती अपनी माता जी के साथ दिल्ली के कोतवाली थाना क्षेत्र के किनारी बाजार में सोने के जेवर सही करवाने गयी, जहां किसी चोर ने बड़ी होशियारी से उनके बैग से जेवर चुरा लिए स गौरतलब है कि चोर ने इतनी सफाई से इस चोरी को अंजाम दिया कि युवती और उनकी माता जी को भनक तक नहीं लगी स फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है स

शिकायतकर्ता युवती सावी गर्ग जो योजना विहार में रहती है, ने बताया 28 जनवरी को वह अपनी माता जी के साथ दरीबा कला, किनारी बाजार जेवर ठीक करवाने गयी थी, उन्होंने जेवरों में काम करवा लिया और उन्होंने इन जेवरों के पाउच को अपने हेंड बैग में डाल लिया और उसकी चौन बंद कर दी, जब वह दरीबा कला बाजार से किनारी बाजार की तरफ कुछ दूर गयी, तब उन्होंने बैग की चौन खुली हुई देखी, और बैग में चेक करने पर पता लगा की जिन जेवरों में काम करवाया गया था उनका पाउच हेंड बैग से गायब था,जबकि अन्य जेवर बैग में ही मौजूद थे सावी गर्ग ने बताया उनका एक सेट जो सोने और हीरे का बना हुआ था और एक जोड़ी सोने के कुंडल चोरी हुए है स गौरतलब है कि दुकान से निकलते समय जेवर बैग में रखे थे उसके बाद किसी ने बैग की चौन खोलकर जेवर का बैग निकाला है पीड़ित ने शक जताया है कि जिस दुकान से उन्होंने जेवरों में काम करवाया था वही से चोर उनके पीछे लगा था।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड की बैठक में 728 करोड़ रुपये की योजनाओं को पारित किया गया।

# डीयू में निकली गैर-शिक्षण पदों पर भर्ती 27 तक आवेदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृत विश्व. विद्यालय, दिल्ली ने गैर-शिक्षण और अन्य शैक्षणिक पदों के लिए 2026 में भर्ती की घोषणा की है। इस भर्ती में कॉलेज लाइब्रेरियन, सेक्शन ऑफिसर, सहायक, व्यावसायिक सहायक, UDC और LDC सहित कुल 43 रिक्तियां शामिल हैं। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 27 फरवरीतक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कॉलेज लाइब्रेरियन के लिए उम्मीदवार के पास पुस्तकालय विज्ञान में मास्टर डिग्री होनी चाहिए, जिसमें कम से कम 55% अंक हों और UGC मानदंडों के अनुसार एनईटी/ एसएल ईटी/एसईटी या PhD होना अनिवार्य है। सेक्शन ऑफिसर के लिए स्नातक डिग्री और सहायक (स्तर-6) के रूप में 3 साल का अनुभव या UDC (स्तर-4) के रूप में 8 साल का अनुभव जरूरी है।

सहायक पद के लिए स्नातक डिग्री और यूडीसी या समकक्ष के रूप में 3 साल का अनुभव आवश्यक है। प्रोफेशनल असिस्टेंट के लिए लाइब्रेरी साइंस में मास्टर/बैचलर डिग्री और संबंधित क्षेत्र में अनुभव जरूरी है। यूडीसी के लिए स्नातक डिग्री, यूडीसी के रूप में 2 साल का अनुभव और टाइपिंग गति (अंग्रेजी 35 WPM/हिंदी 30 WPM) अनिवार्य है। LDC पद के लिए स्नातक डिग्री और समान टाइपिंग गति आवश्यक है। एलडीसी और यूडीसी पदों के लिए अधिकतम आयु 32 वर्ष है, जबकि सहायक, अनुभाग अधिकारी और व्यावसायिक सहायक के लिए अधिकतम आयु 35 वर्ष निर्धारित है। कॉलेज लाइब्रेरियन के लिए आयु UGC और भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार होगी।अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजा. ति/अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांग उम्मीदवारों को भारत सरकार के नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी। एलडीसी, यूडीसी, सहायक, अनुभाग अधिकारी और प्रोफेशनल असिस्टेंट पदों के लिए सामान्य/ ओबीसी/अन्य उम्मीदवारों को 1000 रुपये और एससी/ एसटी/पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को 500 रुपये का शुल्क देना होगा।

# दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मिलने पहुंचे सांसद मनोज तिवारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के थाना भजनपुरा क्षेत्र में हैवानियत की शिकार हुई छह साल की मासूम बच्ची के घर वीरवार को सांसद मनोज तिवारी पहुंचे और बच्ची के बेहतर इलाज के लिए हॉस्पिटल में भेजा स मनोज तिवारी ने बताया कि पीड़िता की हालत अभी ठीक नहीं है और उसे बेहतर इलाज के लिए बड़े अस्पताल में रेफर किया जा रहा है। उन्होंने इस पूरे मामले को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि नाबालिग आरो. पियों का इस तरह की जघन्य वारदातों में शामिल होना समाज के लिए चिंता का विषय है,पॉक्सो एक्ट में उम्र सीमा पर पुनर्विचार किया



जाना चाहिए, क्योंकि गैंगरेप जैसी घटनाओं में भी नाबालिग आरोपी सामने आ रहे है स 18 जनवरी को हुई इस शर्मनाक वारदात की सूचना मिलते ही 19 जनवरी को पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले में चूड़ी बनाने वाली फैक्ट्री से जुड़े तीन आरोपियों पर बच्ची को पैसों का लालच देकर दुष्कर्म करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, दो आरोपी नाबालिग हैं, जिन्हें हिरासत में लेकर उनके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई पूरी कर ली गई है। वहीं तीसरा आरोपी, जो बिहार के दरभंगा का रहने वाला बताया जा रहा है, घटना के बाद से फरार है।

## सिग्नेचर ब्रिज की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी ने ली

**नई दिल्ली।** यमुना नदी पर बने सिग्नेचर ब्रिज का रखरखाव लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने अपने हाथ में ले लिया है। इसके साथ ही पुल पर सुरक्षा के लिहाज से गार्डों की तैनाती भी शुरू हो गई है। बताया जा रहा कि आने वाले दिनों में आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस और स्थायी कदम उठाए जाएंगे। दरअसल, वर्ष 2019 से अब तक सिग्नेचर ब्रिज से यमुना में कूदकर 26 लोग आत्महत्या कर चुके हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं के पीछे सबसे बड़ी वजह पुल के दोनों ओर सुरक्षा जाल का न होना माना जाता रहा है। लोग आसानी से पुल के बीचों-बीच से यमुना में छलांग लगा देते थे। दिल्ली पुलिस भी बीते कई वर्षों से यहां सुरक्षा जाल लगाने और निगरानी बढ़ाने की सिफारिश करती रही है।

# विदेशी मुद्रा भेजने के बहाने ठगी करने वाले सिंडिकेट का भंडाफोड़, सरगना सहित 4 पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के साइबर थाने के स्टाफ ने सोशल मीडिया पर लोगों से दोस्ती करके महंगे तोहफे और विदेशी मुद्रा भेजने के बहाने ठगी करने वाले अंतर्राष्ट्रीय साइबर क्राइम सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर

सिंडिकेट का सरगना सहित चार आरोपियों को पकड़ा है।पुलिस ने उनके पास से 22 मोबाइल फोन, 01 डेबिट कार्ड, 14 सिम कार्ड (जिनमें 03 सिम कार्ड UK के हैं), एक नोटबुक बरामद की है।बरामद मोबाइल फोन पर कई देशों के व्हाट्सएप अकाउंट चल रहे थे। दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त में बताया कि 40 साल की एक महिला शिकायतकर्ता ने एनसीआरपी पोर्टल पर एक ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उसने बताया कि 08. अप्रैल 25 को उसे एक व्हाट्सएप मैसेज मिला और भेजने वाले ने खुद को नितिन पटेल बताया और उससे दोस्ती करने की इच्छा जताई।

कुछ दिनों तक उन्होंने व्हाट्सएप के जरिए बातचीत/चौट की। बाद में, उसने उसे बताया कि वह उसके लिए तोहफे के तौर पर एक पार्सल भेज रहा है जिसमें एक अंगूठी, दो बैग, एक जोड़ी जूते और 50,000 पाउंड कैश हैं। 16.अप्रैल.25 को, उसे एक अलग मोबाइल नंबर से एक और व्हाट्सएप मैसेज मिला कि उसका पार्सल दिल्ली एयरपोर्ट पर आ गया है और उसे लेने के लिए उसे घ40,000 देने होंगे, इसलिए उसने यह पेमेंट कर दिया।

इसके बाद, उसे कई मैसेज मिले जिनमें लेट फीस, ट्रांसपोर्ट चार्ज, क्लीयरेंस चार्ज वगैरह जैसे अलग-अलग बहाने बनाकर और पेमेंट की मांग की गई, जो उसने दे दिए। 20.मई 25 को, उसे एक मैसेज मिला, जिसमें भेजने वाले ने झूठा दावा किया कि वह मुंबई एयरपोर्ट पर एक पुलिस अधिकारी है और शिकायत कर्ता को धमकी दी कि एक नितिन पटेल को 1,00,000 पाउंड के साथ गिरफ्तार किया गया है और उसने उसे छुड़ाने के लिए उससे घ1,30,000 मांगे, जिसे उसने देने से मना कर दिया। उसे अलग-अलग बहानों से कुल 4.20 लाख रुपये का चूना लगाया गया। इसके बाद साइबर थाने नॉर्थ में मामला दर्ज कर एसीपी ऑपरेशन विदिशा कौशिक की देखरेख में एसएचओ साइबर रोहित गहलोत के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम को पता चला कि ठगी की गई रकम सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एक अकाउंट में ट्रांसफर की गई थी जो श्याम नाम के एक व्यक्ति का था, जो बहादुरगढ़, हरियाणा का रहने वाला था। हालांकि, काफी कोशिशों के बाद, पता चला कि दिया गया पता फर्जी था। इसके अलावा, गूगल, व्हाट्सएप, आईपी लॉग, रजिस्टर्ड ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर से तकनीकी जानक. ारी हासिल की गई।

## हत्या प्रयास मामले में वांछित को दबोचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने बुराड़ी थाने में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है।दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) हर्ष इंदौरा ने बताया कि अक्टूबर 2025 के महीने में एक शिकायतकर्ता ने बताया था कि लगभग तीन महीने पहले, उसकी और उसके साथी की मुकुंदपुर के रहने वाले प्रेम, नन्हे, धीरेश और बबलू से लड़ाई हुई थी। नन्हे, धीरेश और बबलू सगे भाई हैं और प्रेम उसे जानता है और उसी इलाके में रहता है। उक्त लड़ाई के संबंध में उसके खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद उक्त लोगों ने उसे धमकी देना शुरू कर दिया। 8 अक्टूबर 2025 को लगभग 07बजे, जब शिकायतकर्ता अपनी माँ की चाय की दुकान पर मौजूद था, तो आरोपी प्रेम और बबलू ने उसे पीछे से पकड़ लिया।

# ऊपर मेट्रो-नीचे दौड़ेंगी गाड़ियां, भजनपुरा यमुना विहार वायाडक्ट मेट्रो के लिए तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन ढांचे में इस साल एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन द्वारा बनाए जा रहे डबल-डेकर वायाडक्ट अब धरातल पर उतरने के लिए तैयार हैं। इन संरचनाओं में नीचे सड़क यातायात और ऊपर मेट्रो ट्रेन का संचालन होगा, जिससे भीड़भाड़ वाले इलाकों में आवागमन को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। दिल्ली का पहला डबल-डेकर वायाडक्ट भजनपुरा और यमुना विहार मेट्रो स्टेशनों के बीच मौजपुरख्रमजलिस पार्क कॉरिडोर पर तैयार हो चुका है और इस पर मेट्रो ट्रेनों का संचालन संभव है। हालांकि, सड़क यातायात के लिए बनने वाला रैंप अभी निर्माणाधीन है, जिसे इस वर्ष पूरा किए जाने की संभावना है।

इसके अलावा आजादपुर और अशोक विहार मेट्रो स्टेशनों के बीच दूसरा डबल-डेकर वायाडक्ट भी इसी साल तैयार होने की उम्मीद है। वहीं, नई गोल्डन लाइन पर प्रस्तावित तीसरे डबल-डेकर वायाडक्ट का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। डीएमआरसी के अनुसार, दिल्ली में कुल तीन डबल-डेकर वायाडक्ट बनाए जा रहे हैं, जिन्हें दिल्ली सरकार के सहयोग से विकसित किया जा रहा है। इन संरचनाओं में निचले स्तर पर वाहन चलेंगे, जबकि ऊपरी स्तर पर मेट्रो ट्रेनें दौड़ेंगी। 1.4 किलोमीटर लंबा भजनपुराख्रयमुना विहार डबल-डेकर वायाडक्ट, उत्तर-पूर्वी दिल्ली के घनी आबादी वाले इलाकों से होकर गुजरता है। यह 12.3 किलोमीटर लंबे मौजपुरख्रमजलिस पार्क कॉरिडोर का हिस्सा है, जो पिंक लाइन का विस्तार होगा। डीएमआरसी अधिकारियों के मुताबिक इस कॉरिडोर पर निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, ट्रायल रन जारी हैं और मेट्रो रेल सेफ्टी कमिश्नर (ब्डतै) द्वारा निरीक्षण भी हो चुका है। अधिकारियों ने बताया कि सड़क हिस्से के लिए रैंप का निर्माण पहले पेड़ों की कटाई की अनुमति न मिलने के कारण रुका हुआ था, लेकिन अब अनुमति मिलने के बाद इसे दोबारा शुरू कर दिया गया है और इसे इसी वर्ष पूरा कर लिया जाएगा।

## तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार को कुचला

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिणी इलाके चिराग दिल्ली में एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ है। तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रहे एक साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह मौके पर ही कुचलकर मौत के घाट उतर गया।हादसा इतना भयानक था कि साइकिल पूरी तरह चकनाचूर हो गई और आसपास खून से सड़क लाल हो गई।मृतक की पहचान नहीं हो पाई, और ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

# ठंड में जोड़ों की अकड़न बनी परेशानी बड़ी संख्या में मरीज अस्पतालों में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सर्दी में लोगों में जोड़ों के दर्द की समस्या तेजी से बढ़ रही है। घुटनों, कमर, कंधों, उंगलियों और अन्य जोड़ों में दर्द की शिकायत को लेकर बड़ी संख्या में मरीज अस्पतालों की ओपीडी में पहुंच रहे हैं। यह समस्या अब केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि युवा वर्ग में भी तेजी से देखने को मिल रही है।

डॉक्टरों के अनुसार सर्दियों में जोड़ों में दर्द, सूजन, अकड़न और चलने में परेशानी आम लक्षण हैं। कुछ लोगों में दर्द हल्का होता है, जबकि कुछ मामलों में यह इतना बढ़ जाता है कि रोजमर्रा के काम करना भी मुश्किल हो जाता है। राम मनोहर लोहिया (आरएमएल), सफदरजंग, एम्स और एलएनजेपी समेत अन्य सरकारी और निजी अस्पतालों में इस समस्या को लेकर मरीज आ रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, दिसंबर से ठंड बढ़ने के साथ ही जोड़ों के दर्द के मरीजों की संख्या बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि हर साल सर्दियों में इस तरह की शिकायतें सामने आती हैं और इस बार भी बुजुर्गों के साथ-साथ युवा मरीज ओपीडी में आ रहे हैं। जिन लोगों को पहले कभी हड्डी में चोट लगी हो या दुर्घटना में फ्रैक्चर हुआ हो, उन्हें सर्दियों में दर्द अधिक महसूस होता है। इसके अलावा, ठंड के कारण शरीर में रक्त संचार सही तरीके से न होने पर भी जोड़ों में दर्द बढ़ सकता है। डॉक्टरों ने सुबह 15-20 मिनट धूप में बैठने की सलाह दी, जिससे शरीर को विटामिन डी मिलता है, जो हड्डियों के लिए जरूरी है। डाइट में दूध, दही, पनीर, हरी सब्जियां और नट्स शामिल करें। गर्म पानी से नहाना और गर्म पानी पीना भी राहत देता है। सर्दियों में तापमान गिरने से मांसपेशियां सिकुड़ जाती हैं और ब्लड सर्कुलेशन कम हो जाता है, जिससे जोड़ों पर असर पड़ता है। साथ ही, ठंड में लोग शारी. रिक गतिविधि कम कर देते हैं, जिससे जोड़ों में अकड़न और दर्द की समस्या और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि ऑस्टियोआर्थराइटिस, रूमेटॉयड आर्थराइटिस, पुरानी चोट, फ्रैक्चर और विटामिन डी की कमी से यह परेशानी ज्यादा हो सकती है।

# उपराज्यपाल वीके सक्सेना को कोर्ट ने किया बरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की साकेत कोर्ट ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर द्वारा दायर 25 साल पुराने आपराधिक मानहानि मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार (वीके) सक्सेना को सभी आरोपों से बरी कर दिया है। मामला 10 नवंबर 2000 को अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित एक विज्ञापन से जुड़ा है। उस समय वीके सक्सेना नेशनल काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज के अध्यक्ष थे। विज्ञापन का शीर्षक था ट्रू फेस ऑफ मिस मेधा पाटकर एंड हर नर्मदा बचाओ आंदोलन। इसमें नर्मदा बचाओ आंदोलन और मेधा पाटकर की आलोचना की गई थी और गुजरात में सरदार सरोवर बांध परियोजना का समर्थन किया गया था, जिसका एनबीए विरोध कर रहा था। मेधा पाटकर ने इस विज्ञापन के जवाब में प्रेस नोट जारी किया और मानहानि का केस दायर किया। यह मामला आपसी है। इससे पहले 2006 में वीके सक्सेना ने मेधा पाटकर के खिलाफ एक अलग मानहानि का केस दायर किया था, जिसमें एक टीवी कार्यक्रम में कथित बयान पर आधारित था। उस मामले में ट्रायल कोर्ट ने मेधा पाटकर को दोषी ठहराया था, सुप्रीम कोर्ट ने दोष सिद्धि बरकरार रखी लेकिन 1 लाख रुपये के जुर्माने को हटा दिया। हालांकि बीती 24 जनवरी को साकेत कोर्ट ने उसी मामले में मेधा पाटकर को बरी कर दिया था, क्योंकि सक्सेना मूल वीडियो फुटेज या रिकॉर्डिंग डिवाइस पेश नहीं कर सके और आरोप साबित नहीं हुए।

# जागरण को निकला युवक, सुबह फुटपाथ पर मिली लाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी इलाके में बीती रात एक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी। जबकि उसके दोस्त को भी चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने हत्या और हत्या की कोशिश आदि धाराओं में मामला दर्ज कर तन्नू नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है,जिसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया है। वारदात के बाद मृतक का परिवार और इलाके के लोग पुलिस की कार्यशैली को लेकर काफी गुस्सा और खौफ में है। उनको कहना है कि पिछले एक महीने में तीन लडकों की हत्या और करीब इतने ही लडके घायल हो चुके हैं। आलम यह हो गया है कि लोग पुलिस को आरोपियों के बारे में बताने से भी डरा करते हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तारा करके हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। जिसमें ड्रग्स की भी बात सामने आ रही है।,जिसको लेकर भी जांच की जा रही है। आरोपी पर पहले कोई केस अभी तक सामने नहीं आया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक युवक की पहचान मोहित (28) के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ वाई ब्लॉक मंगोलपुरी इलाके में रहता था। परिवार में माता-पिता और भाई बहन है। वह जागरण में काम करता था। मंगोलपुरी पुलिस को सुबह करीब छह बजे जे ब्लॉक चौक पर एक युवक के खून से लथपथ हालत में युवक के पड़े होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। युवक की डेथ हो चुकी थी,जिसके शव को पोस्टमार्टम के लिये संजय गांधी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। क्रॉइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। मृतक की पहचान उसके परिवार ने मोहित के रूप में की। भीाभी पूजा ने बताया कि मोहित रात को जागरण के लिये घर से निकला था। मगर वापिस नहीं आया था। उसका किसी से कोई झगड़ा नहीं था,सुबह मोहित के चौक के फुटपाथ पर खून से लथपथ हालत में मृतक पड़ा होने की जानकारी मिली थी। जिसने मेरे देवर की हत्या की है,उसको फांसी होनी चाहिए। पिता चन्द्रपाल ने बताया कि रात साढ़े दस बजे निकला था। सुबह ही आता था जागरण में से,सोचा था कि आ जाएगा,मगर सुबह उसकी हत्या होने और चौक के फुटपाथ पर उसकी लाश पड़े होने की जानकारी मिली थी। समझ में नहीं आया कि उसकी हत्या क्यों की है। वो अपने काम से काम रखता था और इलाके में उसके एक दो ही दोस्त थे। पुलिस ने मामला दर्ज किया। वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। फुटेज में रात करीब तीन बजे मोहित को खून से लथपथ हालत में जाते हुए देखा गया। वारदात वाली जगह से काफी दूरी तक सडक पर काफी खून पड़ा था। मोहित की जांघ में चाकू मारा गया था। जांच में ही पता चला कि उसके एक अन्य दोस्त विक्की के भी चाकू मारा गया था।

विक्की से संपर्क किया गया। जिसके बयान भी दर्ज किये गए। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से इलाके में रहने वाले तन्नू नामक युवक को उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार किया और वारदात में इस्तेमाल चाकू को भी जब्त कर लिया गया। तन्नू से पूछताछ करने पर पता चला कि रात को मोहित,विक्की और एक एक अन्य साथी राहुल इलाके में घूम रहे थे। उसी वक्त तन्नू से किसी बात को लेकर कहासूनी हो गई थी। उसी वक्त तन्नू ने उनको वहां पर रूकने के लिये कहा और चाकू लाकर मोहित और विक्की को मार दिया।

# लालू-राबड़ी ने व्यक्तिगत पेशी से मांगी छूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी ने राउज एवेन्यू कोर्ट से व्यक्तिगत पेशी से छूट मांगी है। इसी क्रम में, उनके बेटे तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव ने भी कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से छूट देने की अर्जी दायर की है। यह मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज किया गया है, जिसमें भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप शामिल हैं। अदालत इन याचिकाओं पर सुनवाई करेगी और अपना फैसला सुनाएगी। रेलवे में नौकरी के बदले जमीन लिखवाने के मामले में आरोप पत्र दाखिल होने के बाद आज पहली बार दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में लालू परिवार की भूमिका पर सुनवाई हुई। आरोप पत्र स्वीकार करने से पहले कोर्ट ने इसमें सिंडिकेट की तरह लालू परिवार के शामिल होने की प्रथम दृष्टया बात कही थी। खास बात यह भी है कि इस केस में भले ही लालू प्रसाद यादव सबसे बड़ा नाम हैं, लेकिन सभी का ध्यान तेजस्वी यादव पर है। उन्हें सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए समन जारी हुआ था। तेजस्वी पर सबसे ज्यादा लोगों का ध्यान इसलिए है, क्योंकि वह राजद के कार्यकारी अध्यक्ष बनकर लालू के उत्तराधिकारी घोषित हो चुके हैं और महागठबंधन के सबसे बड़े नेता हैं।

# डीएम ने किया कैराना तहसील का वार्षिक निरीक्षण, दिए निर्देश





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द सिंह चौहान ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह के साथ तहसील कैराना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उप जिला. धिकारी न्यायालय एवं तहसीलदार न्यायालय का गहन निरीक्षण करते हुए कार्यप्रणाली की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बुधवार को वार्षिक निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एसडीएम न्यायालय में लंबित पुराने वादों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का शीघ्र, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने तहसीलदार कैराना से राजस्व वसूली की प्रगति की जानकारी ली और लंबित वसूली कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिलाधिकारी ने रजिस्ट्रार कार्यालय में खतौनी के अमलदरामद से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की सुनवाई के लिए तहसील में उपस्थित अपीलार्थियों के लिए बैठने सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए गए। डीएम ने तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की स्थिति की जानकारी लेते हुए शिकायतों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया।निरीक्षण के दौरान तहसील परिसर की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कैराना निधि भारद्वाज, तहसीलदार अर्जुन चौहान, नायब तहसीलदार सतीश यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रधान प्रत्याशी गय्यूर हसन के आवास पर चार दिवसीय मेडिकल कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग पर देहात क्षेत्र से प्रधान प्रत्याशी गय्यूर हसन के आवास पर चार दिवसीय निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। गुरुवार को कैंप का प्रधान प्रत्याशी ग"यूर हसन ने फीता काटकर किया।मेडिकल कैंप में क्षेत्र के सैकड़ों मरीजों ने पहुंचकर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। कैंप में सामान्य रोग, बुखार, ब्लड प्रेशर, शुगर, जोड़ों के दर्द सहित अन्य बीमारियों की जांच की गई।जांच के उपरांत मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई।कैंप में डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों को परामर्श दिया गया। जांच कर उन्हें निशुल्क दवाई वितरित की गई।जरूरतमंद लोगों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे कैंप गरीब व मजदूर वर्ग के लिए बेहद लाभकारी साबित होते हैं।इस दौरान प्रधान प्रत्याशी ग"यूर हसन ने कहा, क्षेत्र की जनता की सेवा करना ही हमारा उद्देश्य है। ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य



सुविधाओं की कमी को देखते हुए यह निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया है,ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर इलाज और दवाइयां मिल सकें।

आगे भी इस तरह के जनसेवा के कार्य लगातार किए जाते रहेंगे। कैंप के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता, क्षेत्रीय लोग एवं समर्थक भी मौजूद रहे और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

## बाइक और स्कूटी की आमने-सामने की टक्कर में टीचर सहित तीन घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के खंद्रावली चौकी के समीप स्कूटी और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। दोनो वनों की टक्कर में स्कूल के टीचर सहित दो युवक घायल हो गए 108 एंबुलेंस ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर गुजरान निवासी संजो पुत्री रामचंद्र कैराना क्षेत्र के गांव अलीपुर में सरकारी स्कूल में टीचर है। छुट्टी के बाद टीचर अपनी स्कूटी पर सवार होकर अपने गांव आ रही थी जैसे ही वह थाना क्षेत्र के खंद्रावली चौकी के समीप पहुंची तो विपरीत दिशा से आ रहे हैं बाइक सवार गांव लिलोन निवासी बादल व निखिल की बाइक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। दोनों वाहनों की टक्कर में बाइक सवार दोनों युवक एवं स्कूटी पर सवार टीचर घायल हो गई। आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। खबर लिखे जाने तक थाने पर कोई भी तहरीर नहीं दी गई थी।

# छात्र-छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल में आयोजित तकनीकी कार्यशाला के द्वितीय दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया। स्कूल डायरेक्टर भारत संगल ने कहा कि जो हम देखते हैं, उसे भूल जाते हैं, लेकिन जो हम स्वयं बनाते हैं, उसे पूरी तरह समझ पाते हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ तकनीकी कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला में हरिद्वार की तकनीकी फाउंडेशन ऑफ इंडिया की आठ सदस्ईय इंजीनियर टीम इंजीनियर गरिमा, भावना, जाह्नवी, उमा, हिमांशी, सूरज, वंश एवं विपि. नकृने कक्षा 5 के विद्यार्थियों को फोम



शीट, पेपर, कप, बॉल एवं स्ट्रॉ की सहायता से हिंज तथा बॉल एंड सॉकेट जोड़ के कार्यशील मॉडल बनवाए। इस दौरान विद्यार्थियों को मानव भुजा के विभिन्न जोड़ों के बारे में जानकारी दी गई। इंजीनियरों ने बताया कि हिंज जोड़ एक सामान्य सायनोवियल जोड़ होता है, जिसमें टखना, कोहनी और घुटनों के जोड़ शामिल हैं, जबकि बॉल एंड सॉकेट जोड़ हड्डियों को कई दिशाओं में गति करने में सक्षम बनाता है। इसी क्रम में कक्षा 4 के विद्यार्थियों को बैलून, टी-शेप कनेक्टर, प्लास्टिक स्ट्रॉ, बॉटमलेस बोतल एवं फोम की सहायता से श्वसन प्रणाली का कार्यशील मॉडल तैयार कराया गया। बताया कि फेफड़े मानव शरीर का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग हैं, जो ऑक्सीजन ग्रहण कर कार्बन डाइऑक्साइड बाहर निकालने का कार्य करते हैं और मानव जीवन इन्हीं पर निर्भर है। प्रधानाचार्या उजमा जैदी ने कहा कि विद्यालय में प्रत्एक वर्ष इस प्रकार की वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है, जिससे विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ-साथ तकनीकी कौशल का भी विकास हो सके।

## एक नजर

## चकबंदी को लेकर ग्रामीणों में मतभेद, विरोध के बीच लौटे अधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव ताहरपुर भभीसा में चकबंदी प्रक्रिया को लेकर स्थिति असमंजस बनी हुई है। गुरुवार को चकबंदी विभाग के अधिकारी किसानों की समस्याएं और राय जानने के लिए गांव के प्राथमिक विद्यालय पहुंचे, जहां सैकड़ों किसानों ने हाथ उठाकर चकबंदी के विरोध में प्रदर्शन किया। हालांकि, कई किसानों ने चकबंदी कराने के समर्थन में भी अपनी राय रखी। क्षेत्र के गांव ताहरपुर भभीसा में बीते लगभग एक वर्ष से चकबंदी की प्रक्रिया चल रही है। इस दौरान ज्यादातर किसानों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है, वहीं उच्च अधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्रों में भी चकबंदी नहीं कराने की मांग की गई है, जिसके चलते मामला अब तक उलझा हुआ है। गुरुवार को चकबंदी विभाग के एसीओ अंकुर पाल, कानूनगो जगवीर सिंह और लेखपाल मनीष कुमार ग्रामीणों से संवाद करने पहुंचे। बैठक के दौरान सैकड़ों किसानों ने स्पष्ट रूप से कहा कि गांव में किसी भी सूरत में चकबंदी स्वीकार नहीं की जाएगी। दूसरी ओर, कई किसानों ने चकबंदी को गांव के हित में बताते हुए इसका समर्थन किया। दोनों पक्षों के बीच बहस भी हुई, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। विरोध के बीच चकबंदी विभाग के अधिकारी बिना किसी निर्णय के वापस लौट गए। इस संबंध में एसीओ अंकुर पाल ने बताया कि वे उच्च अधिकारियों के आद. ेश पर किसानों की राय जानने पहुंचे थे। गांव में चकबंदी को लेकर अलग-अलग मत सामने आए हैं। गांव में किसानों के दो पक्ष आमने-सामने हैं। पूरे प्रकरण की रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को सौंप दी जाएगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान रोहित कुमार,विकास कुमार,संजीव जावला, विनीत कुमार, मोहित, मनीष, शेखर शर्मा,बिजेंदर, राजकुमार, लोकेश, लोकेंद्र, रविंद्र, नरेंद्र, राहुल, कृष्णपाल, बृजपाल, राजव. ीर सहित आदि मौजूद रहे।

## विवाहिता पर दहेज के लिए मारपीट व हत्या के प्रयास का आरोप, एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी एक विवाहित महिला ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोगों पर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट, मानसिक उत्पीड़न, कपड़े फाड़ने और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत पर एसपी शामली के आदेश से पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।पीड़िता ने एसपी शामली एन।पी। सिंह को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी 22 सितंबर 2023 को राहुल कुमार पुत्र देशपाल, निवासी ग्राम खेड़ा गदाई, थानाभवन के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन तक सब कुछ ठीक रहा, लेकिन इसके बाद पति और ससुराल पक्ष के लोग कार की मांग करते हुए उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे।आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर पति सहित ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया, जिसके बाद से वह मायके में रह रही थी। पीड़िता का कहना है कि 6 नवंबर 2025 को जब वह अपने मायके में थी, तभी उसका पति राहुल, ससुर देशपाल समेत बलेश, संदीप, बबीता, गौतम, रिया, जितेंद्र, मिथिलेश, विपिन व एक अन्य संदीप वहां पहुंचे और आते ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने एकराय होकर उसके गले में दुपट्टा डालकर हत्या का प्रयास किया तथा उसके कपड़े भी फाड़ दिए। घटना की शिकायत उसने थाने में की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बाद में एसपी के हस्तक्षेप पर पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच व तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया गया जल्दी जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान: रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से बैठक

**शामली।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण- 2026के दौरान आज नवीन कलेक्ट्रेट शामली में पहुंचकर Shri Nikhil Gajraj, IAS, Joint Secretary, Ministry of Health And Family Welfare New Delhi भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिनको सहारनपुर मंडल हेतु विशेष रोल प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। जिनके द्वारा आज समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक की गई उक्त बैठक में विशेष रोल प्रक्षेक के द्वारा समस्त राजनैतिक दलों से परिचय प्राप्त करते हुए नोटिस की सुनवाई में कोई समस्या तो नहीं आ रही है तथा राजनैतिक दलों के द्वारा बताया गया कि जनपद में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आ रही है।

जितने भी अधिकारी/कर्मचारी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में लगे हुए वह बहुत मेहनत और लगन से कार्य कर रहे है। नोटिस सुनवाई में निम्नलिखित दस्तावेजों में से कोई एक स्वसत्यापित अभिलेख उपलब्ध कराना होगा।, किसी भी केंद्र सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के नियमित कर्मचारी/पेंशन भोगी को जारी कोई भी पहचान पत्र/पेंशन भुगतान आदेश, भारत में सरकार/स्थानीय प्राधिकरणों/बैंक/डाकघर/एलआईसी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा 1.1.1987 से पहले जारी किया गया कोई भी पहचान पत्र/प्रमाण पत्र/अभिलेख, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालयों द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन/ शैक्षणिक प्रमाण पत्र, सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थाई निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ओबीसी/ एससी/एसटी या अन्य कोई भी जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (जहां भी विद्यमान हो), राज्य/स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा तैयार किया गया परिवार रजिस्टर, सरकार द्वारा जारी कोई भी भूमि मकान आवंटन प्रमाण पत्र, आधार के लिए, आयोग के पत्र संख्या 23/2025, दिनांक 9.9.2025 (परिशिष्ट) द्वारा जारी निर्देश लागू होंगे।दिनांक, 1.7.2025 की संदर्भ में बिहार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण SIR के निर्वाचक नामावली का अंश। नोट: फार्म-6 भरते समय जन्म तिथि एवं आवासीय पते के साक्ष्य के रूप में आधार कार्ड मान्य है। जन्म तिथि के साक्ष्य के रूप में आधार कार्ड के अलावा भी पांच अन्य विकल्प उपलब्ध है जिनमें से भी कोई एक दस्तावेज साक्ष्य के रूप में मान्य होगा, इसी प्रकार आवासीय पते के साक्ष्य के रूप में आधार कार्ड के अलावा छह अन्य विकल्प उपलब्ध है जिनमें से भी कोई एक दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में मान्य होगा।

# अपना घर आश्रम ने धूमधाम से मनाया 11वां स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अपना घर आश्रम शामली ने अपना 11वां स्थापना दिवस मनाया जिसमें कई गणमान्य व्यक्तियों के साथ आश्रम से जुड़े समाजसेवियों ने भाग लिया। डंडी स्वामी जी ललितानंद सरस्वती जी, भरतपुर से वीरपाल जी द्धराष्ट्रीय संरक्षक,अपना घर आश्रम ऋ , समालखा द्ध हरियाणाऋ बलराज जैन जी द्ध अपना घर आश्रम सेवा समितिऋ, तेजेंद्र निर्वाल जी द्ध पूर्व विधायकऋ, मोहम्मद अरशद द्ध कैरानाऋ, पूर्व विधायक थाना भवन वारिस राव जी, चेयरमैन अरविंद संगल जी, लोकदल उपाध्यक्ष विजय कौशिक, विधायक अशरफ अली सुपुत्र श्यान खान, विजय गर्ग (पूर्व आई जी), प्रमुख उद्यमी संभव




तायल, प्रतीक गुप्ता, अनिल (सिल्वर बेल्स स्कूल), विनोद गोयल (ट्रस्टी अपना घर आश्रम, शुक्रताल), संजीव खन्ना (ट्रस्टी, अपना घर आश्रम, मेरठ) एवं पूर्व प्रधानाचार्य हेमलाल गर्ग ने भाग लिया। जिसमें हेमलाल जी ने बताया कि अपना घर आश्रम जैसी संस्था ज्यादा से ज्यादा खुलनी चाहिए, डंडी स्वामी ललितानंद



सरस्वती जी ने विचार रखा कि सबसे बड़ा यज्ञ मानव सेवा है , विजय गर्ग बताया कि आश्रम में आवासित व्यक्तियों की सेवा भगवान की सेवा करने के बराबर , तेजेंद्र निर्वाल , वारिस राव और विजय कौशिक ने बताया कि अपना घर आश्रम बिछड़ों को परिवार से मिलकर पवित्र कार्य कर कर रहा है, अंत में शामली आश्रम के मुख्य संरक्षक राजेश्वर बंसल जी ने बताया कि आश्रम 50 बाद से शुरू हुआ और आज 200 बैड की अक्षमता तक पहुंच गया है , अभी इसको मानव सेवा में और भी विक. सित करने की आवश्यकता है जिसके लिए हम महिला सदन अलग से जगह की व्यवस्था करके उस पर बनने के लिए प्रयास कर रहे जिससे आश्रम की अक्षमता 400 बैड की जा सके , उन्होंने बताया कि कार्यकारिणी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार मित्तल के निर्देशन एवं समस्त सेवा साथियों के सेवा भाव, और समाजसेवियों के विभिन्न प्रकार के सहयोग से आश्रम की व्यवस्था कुशलता पूर्वक चल रही है। राजेश्वर बंसल जी ने सभा अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया एवं सभी से किसी ना किसी तरह मानव सेवा से जुड़ने का विचार रखा।




# नालों की सफाई न होने से बिजली घर मार्ग कीचड़ से लबालब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** देहात क्षेत्र के बिजली घर मार्ग पर नालों की नियमित सफाई न होने के कारण भारी जलभराव की स्थिति बनी हुई है। सड़क पर पानी और कीचड़ फैल जाने से लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। लंबे समय से समस्या झेल रहे मोहल्ले के दर्जनों लोगों ने गुरुवार को हंगामा व प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से निस्तारण की मांग की है।प्रदर्शन में शामिल सालिम, सोयब, मोनू, आरिफ, प्रवेज, नसीम, नफैदीन, मामूदीन, कालू, नदीम, सोहेल सहित अन्य लोगों ने बताया कि क्षेत्र के नालों की सफाई लंबे समय से नहीं कराई गई है। इसके चलते मामूली बारिश में ही सड़क पर पानी भर जाता है। दो दिन पूर्व हुई बरसात के बाद सड़क पर गंदा पानी और कीचड़ फैल गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि कीचड़ और जलभराव के कारण स्कूली बच्चों को भी गंदगी के बीच होकर स्कूल जाना पड़ रहा है, जिससे हादसे और बीमारियों का खतरा बना हुआ है। कई बार शिकायत करने के बावजूद ग्राम प्रधान और विकासखंड स्तर के अधिकारी समस्या के समाधान को तैयार नहीं हैं।आक्रोशित लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही नालों की सफाई कराकर जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। अंत में सभी ग्रामीणों ने जिलाधिकारी शामली से शिकायत कर बिजली घर मार्ग पर नालों की सफाई कराने और सड़क को जलभराव से मुक्त कराने की मांग की है।

## घने कोहरे के चलते दो कारों की आमने-सामने की भिड़ंत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर घने कोहरे के चलते दो कारों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। कारों की भिड़ंत में दोनों कार चालक मामूली रूप से घायल हो गए। समाचार लिखे जाने तक मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई थी। कस्बे के रेल मंडी निवासी अजय गुरुवार को अपनी वेगनआर कार में सवार होकर दिल्ली बस स्टैंड की ओर जा रहा था। इसी बीच शामली की ओर से अपनी बलेनो कार में सवार होकर आ रहे जनपद बागपत के गांव हेवा निवासी अंकुर की कार से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। घने कोहरे के चलते हुई कारों की भिड़ंत में दोनों कारों के चालक मामूली रूप से घायल हो गए। समाचार लिखे जाने तक मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# आरके पीजी में नशा मुक्ति जागरूकता शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के आरके पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय एवं तृतीय इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता को लेकर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। शिविर की मुख्य थीम नशा मुक्ति अभियान रही।

शिविर का शुभारंभ प्रात: प्राचार्य प्रो। लोकेश मालिक ने किया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना को समाज सेवा, अनुशासन, नेतृत्व तथा राष्ट्र निर्माण की भावना से जोड़ने का सशक्त माध्यम बताया। साथ ही नशा-मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए स्वयंसेवकों से सामाजिक अभियानों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में एनएसएस द्वितीय एवं तृतीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ। प्रीतम सिंह एवं गायत्री त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान करते हुए महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई। द्वितीय सत्र में द्वितीय इकाई द्वारा चयनित ग्राम टिटौली तथा तृतीय इकाई द्वारा चयनित ग्राम मुंडेट खुर्द में नशा मुक्ति जागरूकता रैली, निबंध प्रतियोगिता, नारा लेखन, पोस्टर प्रदर्शनी एवं नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों एवं उपस्थित लोगों को नशा न करने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई




गई। इस अवसर पर प्रो. आरपी सिंह, कांत वार्ष्णेय, डॉ. एसके पांडेय, डॉ. अजय कुमार, शमशाद, सेठपाल आदि मौजूद रहे।

# फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

## लैप्स पॉलिसी मैच्यूर कराने पर लेते थे 10 हजार से 1 लाख, 20 बैंक खातों में 1.20 करोड़ फ्रीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में लैप्स बीमा पॉलिसी को मैच्यूर कराकर पैसा दिलाने का झांसा देने वाले तीन लोग पकड़े है। ये लोग सेक्टर-10 में एक कॉल सेंटर से ये फर्जी वाड़ा आपरेट कर रहे थे। इनके 20 खातों में करीब 1.20 करोड़ रुपए फ्रीज किए गए। अब तक 500 से ज्यादा लोगों से ठगी कर चुके है। ये जस्ट डायल और डार्क वेब को पैसा देकर उनसे डेटा लेते है। इसके साथ अन्य मल्टीपल तरीके से ठगी करते है।

एडीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि जानकारी मिलने बाद सेक्टर-10 के डी-226 टॉप फ्लोर पर रेड कंडक्ट की गई। पुलिस मौके पर पहुंची उस समय ये लोग काम कर रहे थे। लैपटॉप और मोबाइल से काफी डेटा बरामद किया गया। बैंक एकाउंटस की जानकारी मिली। ऑनलाइन बाते करते देखा गया। इनके नाम वरूण शर्मा के-2 सुपरटेक इकोविलेज-1 उम्र करीब 30 साल, मदन गुप्ता टावर 18 ला रेजीडेन्सी टेक जोन 4 उम्र करीब 39 साल और प्रदीप वर्मा निवासी भंगेल थाना फेस-2 उम्र




करीब 33 साल है। तीनों नोएडा के रहने वाले है। ये करीब 6 महीन ये यहां कॉल सेटर आपरेट कर रहे थे।

**जस्ट डायल से खरीदते थे डेटा:** ये तीनों लोग जस्ट डायल से कंपनी से डेटा खरीदते थे। इसके लिए 10 हजार रुपए में इनको 5 हजार व्यक्तियों का डेटा मिलता था। इसके अलावा डार्क वेब से भी डेटा खरीदते है। इनके पास से 15 कालिंग शीट बरामद की गई है। जिसमें लोगों के नाम और फोन नंबर व अन्य जानकारी है।

**ऐसे करते है ठगी:** पूछताछ में बताया कि तीनों उन लोगों को फोन करते है। जिनकी पॉलिसी लैप्स हो चुकी है या वो लोग जल्द पॉलिसी को मैच्योर कराना चाहते है। लोगों को अपने झांसे में लेकर प्रोसेसिंग या सेटलमेंट के नाम पर 10, 500 से 1 लाख रुपए तक अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवाते है। एक बार पैसा आने पर ये अपना नंबर बंद कर लेते है। अधिकांश कॉल इंटरनेट के जरिए करते है।

**ऐसे लेते थे पैसा:** ये लोग आनलाइन क्रिकेट सट्टा (बैटिंग) खेलते थे। जिसके जरिए ये पैसा मंगवाते थे। जिसमे 20 प्रतिशत बैटिंग ऐप वालों को मिलते है। बाकी 80 प्रतिशत रुपये अपने बैंक खातों में जमा करा लेते थे। पैसा आने पर ये कैश में विड्राल करते और आपस में बांट लेते है। इनके 20 खातों को फ्रीज किया गया गया है।

**एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत:** इनके बैंक खातों से संबंधित एनसीआरपी के पोर्टल पर करीब 20 शिकायत अब तक मिल चुकी है। जिसमें ठगी की रकम ट्रांसफर की गई। ये शिकायत अलग-अलग राज्यों के लोगों ने दर्ज कराई। इनके पास से एक लैपटॉप, आठ मोबा. इल फोन, 8 किपेड वाले फोन बरामद किए गए।

# अवैध वसूली का आरोप लगाने पर लात-घूंसों से पीटा, महिला का पैर तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-122 स्थित जनता फ्लैट में सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती के नाम पर अवैध वसूली का आरोप लगाने वाले युवक को बुधवार रात गेट पर लात-घूंसों से पीटा गया। युवक को बचाने आई उसकी मां के साथ भी मारपीट की गई। इससे बुजुर्ग महिला के पैर की हड्डी टूट गई। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-113 थाने में आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। जनता फ्लैट निवासी रोशन यादव ने पुलिस को बताया कि वह बैंक के कलेक्शन मैनेजर हैं। उनका आरोप है कि सोसाइटी में कुछ लोग गार्ड तैनात करने के नाम पर जबरन 200 रुपये प्रति फ्लैट वसूलते हैं।

उन्होंने कुछ समय पहले हुई बैठक में अधिक रुपये वसूलने का विरोध किया था। आरोपियों ने अंजाम भुगतने की धमकी दी। उन्होंने इसकी शिकायत चौकी और थाने पर लिखित रूप से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके चलते आरोपियों के हौंसले बुलंद हो गए। पीड़ित का कहना है कि वह बुधवार रात बाइक लेकर सोसाइटी में घुस रहे थे, तभी आरोपियों ने उन्हें रोक लिया और शराब पीकर सोसाइटी में घुसने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज की। विरोध करने पर बाइक समेत कैमरों की जद से दूर ले जाकर पीटने लगे। भाई और माता-पिता भी वहां पहुंच गए। आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। मारपीट में मां प्रतिमा देवी का पैर टूट गया। रोशन यादव को मरणासन्न अवस्था में छोड़कर आरोपी भाग गए। सोसाइटी के लोगों ने मोबाइल से इसका वीडियो भी बना लिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित ने संजय राणा, हिमांशु कश्यप, नीरजराज, एसके सुमन, अभिषेक और कलीम और दो अन्य लोगों के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दी। पीड़ित का आरोप है कि थाने पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने आपसी विवाद बताकर कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। सोसाइटी के लोग पीड़ितों को लेकर सेक्टर-108 में पुलिस अधिकारियों से मिलने पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। एसीपी राकेश सिंह का कहना है कि शुरुआती जांच में सोसाइटी में सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती को लेकर विवाद सामने आया है। मारपीट के संबंध में आठ लोगों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है। चार आरोपियों को हिरासत में लेकर जांच की जा रही है। पीड़ित रोशन का कहना है कि आरा. ेपी पक्ष सेक्टर-10 स्थित जेजे कॉलोनी में शराब और गांजा तस्करी से जुड़े हैं। अब आरोपी सोसाइटी में भी गांजा और अवैध शराब बेचना चाहते हैं, जिसका वह विरोध करते हैं। इसको लेकर भी वह पुलिस को जानकारी दे चुके हैं, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती।

# जहर खाने से पति-पत्नी की मौत

**■ तीन बच्चों की हालत गंभीर, महिला के भाई ने कहा: दोनों में कोई विवाद नहीं था**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में बुधवार देर रात एक पति-पत्नी ने अपने बच्चों के साथ जहर खाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह जब काफी देर तक घर से कोई बाहर नहीं आया, तो पड़ोसियों को शक हुआ। उन्होंने आवाज दी और दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां सभी लोग बेहोशी की हालत में पड़े मिले। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने पति-पत्नी को मृत घोषित कर दिया, जबकि बच्चों का इलाज जारी है। पुलिस ने पति-पत्नी के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना बुधवार रात इकोटेक-3 थाना क्षेत्र की है।

वहीं, महिला के भाई ने कहा- दोनों के बीच किसी तरह का कोई विवाद नहीं था। उन्होंने जहर क्यों खाया, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं है।बताया जा रहा है कि पारिवा. रिक विवाद के चलते पति-पत्नी ने जहर खाया है। मृतकों की पहचान श्रवण और नीलम के रूप में हुई है। दोनों प्रयागराज के थाना एयरपोर्ट क्षेत्र के असरावल कला के निवासी थे। इस समय वह ग्रेटर नोएडा के सादुल्लापुर गांव में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। घटना के समय पति-पत्नी के 3 बच्चे (वैष्णवी (10 वर्ष), वैभव (8 वर्ष) और लाडो (4 वर्ष) भी कमरे में मौजूद थे।



**तीनों बच्चों को AIIMS रेफर किया गया:** नीलम के भाई अवध नारायण ने बताया- मुझे आज सुबह पूरे परिवार के जहर खाने की सूचना मिली। इसके बाद मैं घर पहुंचा, लेकिन तब तक पुलिस सभी को अस्पताल पहुंचा चुकी थी। वहां डॉक्टरों ने मेरी बहन नीलम और जीजा श्रवण को मृत घोषित कर दिया।

वहीं, तीनों बच्चों की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें जिला अस्पताल से सफदरजंग एम्स के लिए रेफर कर दिया गया है।

अवध नारायण ने बताया- परिवार में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं थी। मेरे जीजा एक प्राइवेट कंपनी में बिल्डिंग प्रोजेक्ट से जुड़ा काम करते थे। उन्होंने जहर क्यों खाया, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं है। बच्चों के होश में आने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा।

**एडिशनल डीसीपी बोले- मामले की जांच की जा रही है:** सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया- बीती रात सादुल्लापुर गांव में एक पति-पत्नी ने पारिवारिक विवाद के चलते जहर खा लिया था, जिससे दोनों की मौत हो गई। वहीं, गंभीर हालत में पाए गए बच्चों का इलाज चल रहा है और फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# टायर-बैटरी चोर गैंग बेनकाब, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-39 पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए हिस्ट्रीशीटर अपराधी समेत तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि जो चार पहिया वाहनों से टायर और बैटरी चोरी करने में माहिर थे और नोएडा पुलिस द्वारा सोम बाजार कट से गिरफ्तार किया गया है और गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विशाल शर्मा उर्फ ढोला (हिस्ट्रीशीटर अपराधी),विशाल त्यागी उर्फ अक्कू,उपेंद्र पाठक के रूप में हुई है और इनके कब्जे से 06 टायर (रिम सहित), 02 बैटरी, चोरी में प्रयुक्त वैगनआर कार, एक बड़ा कटर, जैक, दो पाने और अवैध हथियार (02 तमंचे व 01 चाकू) बरामद किया है। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे रात के समय रिहायशी




इलाकों में खड़े वाहनों को निशाना बनाते थे। जैक और पाने की मदद से टायर खोलना और कटर से तार काटकर बैटरी निकालना इनका मुख्य काम था। चोरी किए गए सामान को ये दिल्ली के बाजारों में बेचकर अवैध लाभ कमाते थे।

एडिशनल डीसीपी शव्या गोयल ने बताया कि विशाल शर्मा उर्फ ढोला एक कुख्यात अपराधी है जिसकी पहले से आपराधिक हिस्ट्री रही है।पुलिस अब इनके अन्य साथियों और दिल्ली स्थित उन खरीदारों का पता लगा रही है जिन्हें ये चोरी का माल सप्लाई करते थे।

# रालोद का अधिवेशन एक फरवरी को होगा

**नोएडा।** रालोद के महिला प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय महिला अधिवेशन एक फरवरी को ग्रेटर नोएडा में आयोजित होगा। कार्यक्रम की संयोजित सोनिका आनंद ने बताया कि महिला अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय लो. कदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी, उनकी धर्मपत्नी चारू चौधरी और महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष इंदिरा कपिलावे मुख्य रूप से शामिल होंगी। महिला अधिवेशन का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, संगठनात्मक मजबूती और महिलाओं की सक्रिय राजनीतिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। अधिवेशन में राष्ट्रीय स्तर और 14 प्रदेशों की महिला कार्यकारिणियों के पदाधिकारी और अन्य महिला कार्यकर्ता शामिल होंगी।

# निक्की हत्याकांड में ससुर को मिली जमानत

## 22 अगस्त 2025 को मुकदमा हुआ दर्ज, सास और पति अभी जेल में ही रहेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सिरसा गांव में निक्की भाटी को जलाकर हत्या किए जाने के बहुचर्चित मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने मृतका के ससुर सतवीर को जमानत दे दी है। आरोपी पक्ष के वकील एडवोकेट अमित भाटी बोडाकी ने जमानत की पुष्टि की। उन्होंने बताया जल्द ही अन्य अभियुक्तों की जमानत दायर होगी और सभी अभियुक्तगण साक्ष्य के आधार पर बरी होंगे। हालांकि, इस हत्याकांड में दो आरोपी दया और विपिन अभी भी जेल में बंद हैं।

यह मामला 22 अगस्त 2025 को कासना कोतवाली में दर्ज कराया गया था। मृतका निक्की भाटी की बहन कंचन ने एफआईआर में आरा. ेप लगाया था कि 21 अगस्त की शाम निक्की के पति विपिन, सास दया, ससुर सत्यवीर और जेठ रोहित ने मिलकर उस पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। गंभीर रूप से झुलसने के कारण निक्की की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी।

विवेचना के दौरान पुलिस को शुरुआती बयानों में अहम मोड़ मिला। अस्पताल में इलाज के दौरान डॉक्टरों और नर्सों ने अपने बयान में कहा कि निक्की ने उन्हें बताया था कि वह गैस सिलेंडर फटने से झुलसी है। बाद में परिस्थितियों और पारिवारिक आरोपों के आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने मुख्य आरोपी पति विपिन को 23 अगस्त को गिरफ्तार किया था। उसकी निशानदेही पर थिनर की बोतल बरामद की गई थी।

**सत्र न्यायालय से जमानत हो चुकी खारिज:** इसके बाद पुलिस ने सास दया, ससुर सत्यवीर और जेठ रोहित को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में जिला सत्र न्यायालय से जेठ रोहित और ससुर सत्यवीर की जमानत याचिकाएं खारिज हो चुकी थीं। इसके बाद ससुर सतवीर ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान आरोपी पक्ष की ओर से दलील दी गई कि सतवीर का घटना से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। इस मामले में जेठ रोहित की पहले ही जमानत हो चुकी है।

## एक नजर

### यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक आज

**यमुना सिटी (शाह टाइम्स)।** यमुना विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक शुक्रवार को होगी। अफसरों ने शहर में होने वाले विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर लिए हैं। इस बार हाथरस, नए आगरा और हेरीटेज के मास्टर प्लान को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। सीईओ आरके सिंह ने बताया कि बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे जाएंगे। बोर्ड की मुहर के बाद इन पर अमल किया जाएगा। बैठक में आवंटियों और किसानों से संबंधित और नीतिगत प्रस्ताव रखे जाएंगे। खास तौर पर नोएडा एयरपोर्ट शुरू होने के बाद शहर में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ाने पर जोर है। पिछले वर्ष प्राधिकरण ने 65 से अधिक भूखंड आवंटित किए।
इस वर्ष के अंत तक प्राधिकरण ने शहर में करीब 180 कंपनियों के संच. ालन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके अलावा फेज-2 के तहत हाथरस, आगरा, अलीगढ़ और मथुरा जिले के अधिसूचित क्षेत्र में भी विकास कार्यों को पूरा किया जाना है। बोर्ड बैठक की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

### लैपटॉप और मोबाइल चुराने वाला गिरफ्तार

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** मलकपुर गोलचक्कर के पास से सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने बुधवार की शाम को घरों से कीमती उपकरण चोरी करने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से तीन मोबाइल, लैपटॉप, टेबलेट और अवैध चाकू बरामद हुआ। आरोपी की पहचान सचिन निवासी ग्राम मसौता थाना सिकंदराबाद जनपद बुलंदशहर के रूप में हुई। आरोपी ने 19 जनवरी को मलकपुर गांव में तीन घरों से सामान चुराया था। पुलिस पीड़ितों की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी।

### रियल एस्टेट की मांग कारोबार को मिले इंडस्ट्री का दर्जा

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** केंद्रीय बजट हर साल रियल एस्टेट सेक्टर के लिए दिशा तय करता है। बीते कुछ सालों में सरकार के बजट फोकस ने इस सेक्टर को रफ्तार दी है, खासकर इंफ्रास्ट्रक्चर और किफायती आवास के मोर्चे पर। हालांकि, जमीन पर असर दिखने के बावजूद सेक्टर की कई अहम मांगें अब भी अधूरी हैं। ऐसे में बजट 2026 को लेकर उम्मीदें पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई हैं।
पिछले बजटों में इंफ्रास्ट्रक्चर पर बढ़ा सरकारी खर्च रियल एस्टेट के लिए बड़ा सहारा साबित हुआ। मेट्रो विस्तार, नए एक्सप्रेसवे और जेवर एयरपोर्ट जैसे प्रोजेक्ट्स ने न सिर्फ मेट्रो शहरों बल्कि टियर-प्प और टियर-प्प्प शहरों में भी रियल एस्टेट गतिविधियों को बढ़ावा दिया। बेहतर कनेक्टिविटी से नए रिहायशी इलाके उभरे और निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ। चुनौतियां अब भी बरकरार हैं। निर्माण सामग्री पर ऊंची जीएसटी दरों को लेकर डेवलपर्स की नाराजगी बनी हुई है। सितंबर 2025 से लागू ळैज 2.0 के तहत सीमेंट, पेंट, टाइल्स और वायरिंग जैसी प्रमुख सामग्रियों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया गया, जबकि ईंट, रेत और कुछ पत्थर उत्पादों पर 5 प्रतिशत टैक्स लागू है। इसके बावजूद सेक्टर का मानना है कि लागत पर दबाव कम करने के लिए जीएसटी दरों में और राहत की जरूरत है। इसके अलावा, रियल एस्टेट को अब तक उद्योग का दर्जा नहीं मिल पाया है। उद्योग का दर्जा मिलने से सस्ते कर्ज और संस्थागत फंडिंग आसान हो सकती है। वहीं, सिंगल-विंडो क्लीयरेंस सिस्टम की कमी के चलते परियोजनाओं की मंजूरी में देरी आज भी बड़ी बाधा बनी हुई है।
**बजट 2026 से सेक्टर को क्या उम्मीदें:** बजट 2026 से रियल एस्टेट सेक्टर को सबसे ज्यादा उम्मीद अफोर्डेबल हाउसिंग की परिभाषा में बदलाव की है। मौजूदा समय में मेट्रो शहरों के लिए 45 लाख रुपये की सीमा को उद्योग व्यावहारिक नहीं मानता। डेवलपर्स इस सीमा को बढ़ाकर 75 से 85 लाख रुपये करने की मांग कर रहे हैं, ताकि ज्यादा घर किफायती श्रेणी में आ सकें।
इसके साथ ही होम लोन पर टैक्स छूट बढ़ाने की भी मांग है। पुरानी और नई, दोनों टैक्स रिजीम में ब्याज पर ज्यादा राहत मिलने से घर खरीदारों को प्रोत्साहन मिल सकता है। वहीं, ग्रीन और पर्यावरण-अनुकूल निर्माण को बढ़ावा देने के लिए बजट में विशेष प्रोत्साहन की भी उम्मीद जताई जा रही है।

# यूजीसी पर एससी के फैसले का अखिलेश ने किया स्वागत

**■ नोएडा में बोले- सीएम ने पीएम का मेट्रो प्रोजेक्ट रोका, नोएडा मामला मैनेज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन के नए 'इक्विटी रेगुलेशन 2026' ने एक ऐसा विवाद खड़ा कर दिया है, जिसने छात्रों, प्रोफेसरों और अब देश की सर्वोच्च अदालत को भी अपनी लपेट में ले लिया। जहां एक ओर इसे 'संस्थानिक जातिवाद' को खत्म करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा था, वहीं अब सुप्रीम कोर्ट ने इसे 'समाज को बांटने वाला' और 'भ्रामक' बताते हुए रोक लगा दी है।

ग्रेटर नोएडा के धूम मानिकपुर गांव में सपा नेता मोहित नागर के घर पर पहुंचे सपा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कोर्ट के



फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सच्चा न्याय किसी के साथ अन्याय नहीं होता। उन्होंने जोर दिया कि कानून की भाषा और नीयत दोनों साफ होनी चाहिए ताकि किसी का उत्पीड़न न हो। अखिलेश ने कहा कि हम सब का मानना यही है के दोषी बचे ना और निर्दोष के साथ अन्याय न हो।

**अखिलेश बोले- सीएम ने पीएम के क्षेत्र में रोकी मेट्रो:** उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में सुना दुनिया में सबसे ज्यादा मेट्रो भारत बिछा रहा है। नोएडा से ग्रेटरनोएडा मेट्रो समा. जवादी ने बिछाई नोएडा को दिल्ली मेट्रो से कनेक्ट किया। इन्होंने कौन सी मेट्रो बिछाई।

उन्होंने कहा कि हमारे लखनऊ वाले सीएम बहुत आगे है। वो सड़क वाली मेट्रो नहीं पानी वाली मेट्रो बना रहे है। न नौकरी दे रहे है न रोजगार दे रहे है। महंगाई बढ़ा रहे है। उन्होंने कहा कि समा. जवादी सरकार ने वारणसी में मेट्रो प्रोजेक्ट की डीपीआर को फाइनल किया था बजट दिया था। लेकिन प्रधानमंत्री जी के यहां सीएम मेट्रो बनने नहीं दे रहे। प्रधानमंत्री भाषण लिखकर दे रहे है।

**नोएडा की घटना पर बोले सब मैनेज हो गया:** बीजेपी के लोग होशियार है। घटना किसी वजह से हुई वो सवाल ये है कि बच्चा गाड़ी पर खड़े होकर गुहार लगा रहा था। गुजरात के थे सुनने में आया। प्रधानमंत्री गुजराती होने के बाद गुजराती बच्चे को नहीं बचा पाई। घटना हुई लेकिन बचाने को लोग समय पर क्यो नहीं पहुंचे। अब बीजेपी ने सब मैनेज कर लिया है।

# ग्रेनो वेस्ट में आठ अवैध टावर सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में बिना अनुमति निर्माण करने वालों के खिलाफ गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की गई। प्राधिकरण ने ग्रेनो वेस्ट के खेड़ा चौगानपुर में अवैध रूप से बने आठ रिहायशी टावर को सील कर दिया। इस सोसाइटी में 100 से अधिक फ्लैट बनाए गए हैं। ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में कॉलोनाइजर अवैध कॉलोनियां काट रहे हैं। इनमें फ्लैट और विला बनाए जा रहे हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी ने अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के साथ सील करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

इसके लिए भूलेख और परियोजना विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। टीम ने गुरुवार को पुलिस बल की मौजूदगी में खेड़ा चौगानपुर गांव खसरा संख्या-109 के भूखंड पर बने आठ रिहायशी टावर को सील किया। अधिकारी के मुताबिक इनका नक्शा भी पास नहीं था। प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव की निगरानी में ओएसडी अभिषेक पाठक, ओएसडी राम नयन सिंह, वर्क सर्किल-3 के वरिष्ठ प्रबधंक राजेश कुमार निम, प्रभारी वरिष्ठ प्रबधंक प्रभात शंकर, सहायक प्रबंधक राजीव मोतला सहित स्थानीय पुलिस व प्राधिकरण के सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में कार्रवाई पूरी की गई। यह जमीन प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में है। यहां बिना अनुमति निर्माण किया गया था। संपत्ति खरीदते वक्त सावधानी बरतें एसीईओ ने चेतावनी दी कि अधिसूचित क्षेत्र में अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए बिना अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। एसीईओ ने लोगों ने अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन या फ्लैट खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से संपर्क कर जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं।

# यात्रियों की जान संकट में डाल रहीं 42 स्लीपर बसें जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम ने बुधवार को यमुना एक्सप्रेसवे पर विशेष जांच अभियान चलाया। पूरी रात चले इस अभियान में यात्रियों की जान संकट में डालकर दौड़ रहीं 50 स्लीपर बसों के चालान किए गए। इसमें से 42 बसें जब्त कर ली गईं। आरटीओ प्रवर्तन गाजियाबाद डॉ. सियाराम वर्मा ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री और परिवहन आयुक्त के निर्देश के तहत यह कार्रवाई की गई। बिना परमिट, बगैर वैध दस्तावेज, क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, अनुचित स्थानों पर सवारी उतारने-बैठाने और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर 50 स्लीपर बसों का चालान कर 42 को जब्त किया गया।

बसों पर 15 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। ये बसें बिहार, गोरखपुर समेत अन्य क्षेत्रों से दिल्ली आ रही थीं। इनमें से 29 बसों को मोरना बस डिपो और 13 बसों को कासना डिपो में खड़ा कराया गया है। उन्होंने कहा कि क्षमता से अधिक सवारी बैठाने समेत अन्य नियमों के उल्लंघन पर बसें दुर्घटनाग्रस्त हो सकती हैं और बसों में बैठी सवारियों की जान जोखिम में पड़ सकती है। जब्त बसों के यात्रियों को रोडवेज बसों से दिल्ली भेजा गया। कुछ यात्री खुद साधनों की व्यवस्था करके गंतव्य को निकले। प्रवर्तन अधिकारियों ने बस चालकों और परिचालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने और वैध दस्तावेजों के साथ वाहनों का संचालन करने का निर्देश दिया। इस मौके पर एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडे, यात्री-मालकर अधिकारी राजेश मोहन, एआरटीओ प्रवर्तन नंदकुमार और अभिषेक कनौजिया समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बुलंदशहर और गाजियाबाद के प्रवर्तन अधिकारियों ने भी बसों की जांच और कार्रवाई की।

# इमरान खान ने रांची हाफ मैराथन में जीता गोल्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र स्थित अच्छेजा बुजुर्ग गांव के युवा खिलाड़ी इमरान खान ने झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित 8 किलोमीटर हाफ मैराथन में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से उन्होंने अपने क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

रांची में आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया था। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद, इमरान खान ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के दम पर सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया।

इमरान की इस सफलता से गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

गुरुवार को इमरान खान के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों और गणमान्य लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया और मिठाइयां बांटी गईं।

ग्रामीणों ने कहा कि इमरान की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करेगी। इमरान खान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, कोच और गांव के लोगों को दिया। उन्होंने यह भी कहा कि वह भविष्य में देश और प्रदेश के लिए बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास जारी रखेंगे।

# फार्मा कंपनी करेगी 587 करोड़ का निवेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के मेडिकल डिवाइस पार्क प्रोजेक्ट को बड़ी औद्योगिक सफलता मिली है। प्राधिकरण ने सेक्टर-28 स्थित मेडिकल डिवाइस पार्क में शुक्रा फार्मास्युटिकल्स को 10 एकड़ जमीन आवंटित करने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (एलओएल) जारी कर दिया है।

इस प्रोजेक्ट में 587 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है, जिससे 900 से अधिक प्रत्यक्ष और करीब 2,000 अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। प्राधिकरण के अनुसार, यूनिट में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और स्किल डेवलपमेंट पर खास जोर रहेगा। इससे न केवल आयात पर निर्भरता घटेगी, बल्कि देश को किफायती और विश्वस्तरीय मेडिकल डिवाइस उपलब्ध हो सकेंगे।




**यीडा सीईओ की मौजूदगी में सौंपा गया एलओएल:** एलओएल सौंपे जाने के दौरान ल्म्प्क। के सीईओ राकेश कुमार सिंह, एसीईओ शैलेन्द्र भाटिया समेत प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, शुक्रा फार्मास्युटिकल्स की ओर से ग्रुप सीईओ और ग्लोबल हेड डॉ. मीनाक्षी लाते, सीओओ गौरव शोकीन, वाइस प्रेसिडेंट अनिल कुमार वर्मा और बिजनेस यूनिट हेड कामिनी भारती उपस्थित रहीं।

**कैंसर के अत्याधुनिक इलाज पर रहेगा फोकस:** अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रा फार्मास्युटिकल्स यहां एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी स्थापित करेगी, जिसमें हाई-एंड और लाइफ-सेविंग मेडिकल टेक्नोलॉजी से संबंधित उपकरणों का निर्माण होगा। इस परियोजना का सबसे अहम हिस्सा बोरॉन न्यूट्रॉन कैप्चर थेरेपी (बीएनसीटी) का उत्पादन होगा, जिसे जटिल कैंसर मामलों के इलाज के लिए दुनिया की सबसे उन्नत तकनीकों में गिना जाता है।

**रेडियोलॉजी से लेकर कार्डियक इम्प्लांट तक उत्पादन:** प्रस्तावित इकाई में सीटी स्कैनर, एमआरआई सिस्टम, पीईटी स्कैनर, एक्स-रे मशीन और अल्ट्रासाउंड उपकरण जैसे रेडियोलॉजी व इमेजिंग उपकरण बनाए जाएंगे। इसके अलावा एनेस्थीसिया सिस्टम और आईसीयू व ऑपरेशन थिएटर के लिए जरूरी रेस्पिरेटरी केयर सॉल्यूशंस का भी निर्माण होगा।

कार्डियक केयर को मजबूत करने के लिए यहां हार्ट वाल्व, स्टेंट और लेफ्ट वेंट्रिकुलर असिस्ट डिवाइस जैसे अत्याधुनिक कार्डियक इम्प्लांट भी तैयार किए जाएंगे। साथ ही वेंटिलेटर और ऑक्सीजन कंसंट्रेटर का उत्पादन कर देश की रेस्पिरेटरी केयर क्षमता को मजबूती दी जाएगी।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# अपंजीकृत झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ कारवाई जारी

## जनपद में जनस्वास्थ्य को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने किया एक बड़ा अभियान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में जनस्वास्थ्य को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक बड़ा अभियान शुरू किया है जिसके तहत अवैध रूप से चिकित्सा सेवा देने वाले अपंजीकृत झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ मिशन मोड में कारवाई जारी है ताकि उनकी लापरवाही किसी भी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर भारी न पड़े।



जनपद में लंबे समय से यह एक गंभीर चुनौती रही है कि गांवों और कस्बों में बिना किसी वैध डिग्री और पंजीकरण के कुछ लोग चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहे हैं। सस्ता और तुरंत इलाज मिलने के भ्रम में लोग इनके पास पहुंच जाते हैं, लेकिन इसके दुष्परिणाम कई बार जानलेवा साबित होते हैं। गलत दवाइयां, अनावश्यक इंजेक्शन, एंटीबायोटिक का अंधाधुंध प्रयोग और गंभीर बीमारियों की गलत पहचान-ये सभी खतरे झोलाछाप चिकित्सा से जुड़े हैं। इन्हीं खतरों को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जनस्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने पूरे जनपद में मिशन मोड में अभियान शुरू किया है। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण, सत्यापन और कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नागरिकों को सुरक्षित, वैध और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हों। इसी क्रम में साम.दायिक स्वास्थ्य केंद्र बागपत के अधीक्षक डा.विभाष राजपूत के नेतृत्व में अग्रवाल मंडी टटीरी क्षेत्र में सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई ऐसे क्लिनिक और दुकानें पाई गईं, जो बिना किसी वैध चिकित्सा योग्यता और पंजीकरण के संचालित हो रही थीं। जैसे ही कार्रवाई की सूचना फैली, कुछ झोलाछाप चिकित्सक दुकानें बंद कर मौके से फरार हो गए। यह स्थिति स्वयं इस बात का प्रमाण थी कि ये गतिविधियां पूरी तरह अवैध थीं।

निरीक्षण के दौरान मौके पर पाए गए दो व्यक्तियों में जोगेंद्र पुत्र रघुवीर सिंह और राममोहन पुत्र बलबीर सिंह निवासी टटीरी को तत्काल नोटिस जारी किया गया। उन्हें तीन दिनों के भीतर अपनी वैध चिकित्सा डिग्री और पंजीकरण से संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए, तो उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। अभियान यहीं तक सीमित नहीं रहा। पिलाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र में अधीक्षक डा. सुधीर शर्मा द्वारा दो झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई जिसमें राकेश पुत्र करतार निवासी खिंदौड़ा और मौसिन खान पुत्र हासिम निवासी ग्राम तिलपनी, सिंघावली अहीर शामिल है। वहीं बिनौली क्षेत्र में भी जावेद पुत्र इलियास निवासी धनौरा पर अवैध रूप से चिकित्सा सेवा देने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत किया गया। इन कार्रवाइयों के साथ ही अवैध चिकित्सा गतिविधियों को तत्काल बंद कराने के निर्देश दिए। इससे जनपद में स्पष्ट संदेश गया कि अब ऐसे कृत्यों को किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तीरथ लाल ने बताया कि बिना पंजीकरण चिकित्सा सेवा देना दंडनीय अपराध है और भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध चिकित्सा पर प्रभावी अंकुश लगाया जाएगा: सीएमओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अभियान एक बार की कार्रवाई नहीं है, बल्कि इसे निरंतर जारी रखा जाएगा। नियमित निरीक्षण, दस्तावेजों का सत्यापन और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से अवैध चिकित्सा पर प्रभावी अंकुश लगाया जाएगा। इस अभियान का एक महत्वपूर्ण पहलू जन-जागरूकता है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इलाज के लिए किसी भी अप्रमाणित और अपंजीकृत व्यक्ति पर निर्भर न रहें। किसी भी क्लिनिक या चिकित्सक के पास इलाज कराने से पहले उसकी डिग्री और पंजीकरण की जानकारी अवश्य जांचें। तात्कालिक राहत के लालच में गलत इलाज भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य संकट का कारण बन सकता है। हसस्ता इलाज, महंगा नुकसान-यह संदेश गांव-गांव तक पहुंचाने की योजना पर काम किया जा रहा है। साथ ही प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया गया है कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति बिना वैध डिग्री और पंजीकरण के चिकित्सा सेवा देता पाया जाए, तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक या स्वास्थ्य विभाग को दें। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। यह सहयोग न केवल कानून के पालन में मदद करेगा, बल्कि अनमोल जीवन बचाने में भी सहायक सिद्ध होगा। जिला प्रशासन यह भी मानता है कि अवैध चिकित्सा पर रोक तभी प्रभावी होगी, जब सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत और सुलभ हों। इसी दिशा में सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, जांच सुविधाओं का विस्तार, प्रशिक्षित चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती-इन सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि नागरिकों को इलाज के लिए अवैध विकल्पों की ओर न जाना पड़े।

# चोरों ने की 6 नलकूपों से हजारों के उपकरण की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ललियाना गांव के जंगल में अज्ञात चोर 6 नलकूपों से हजारों के उपकरण चोरी कर ले गये। पीड़ित किसानो नें थानें में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।



चांदीनगर क्षैंत्र में चोरो का बोलबा.ला है पिछले तीन वर्षो से अज्ञात चोर खेतो में रात्रि के समय नलकूपों पर धावा बोल हजारों का समान चोरी कर ले जाते है जिससे किसान परेशान है। ललियाना गांव के जंगल मे नलकूपों पर धावा बोल चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। राज्यमंत्री केपी मलिक के साले योगेश के नलकूप सहित रविन्द्र, अनिरुद्ध, इन्द्रपाल, नरेश, वीरप्पा आदि के नलकूप पर चोर केबिल, स्टार्टर, कट आऊट आदि चोरी कर ले गये। लगातार बढ रही चोरी की घटनाओं को लेकर किसान परेशान है। किसानों ने उच्च अधिकारियों से चोरी की घटनाओं पर अकुंश लगाने की मांग की है।

# पुलिस ने चैकिंग के दौरान सात अभियुक्तों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान लूट की योजना बनाते हुए सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में तीन नाबालिग भी शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से अवैध हथियार और एक कार बरामद की है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ युवक एक स्थान पर बैठकर लूट की वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर इन्हें पकड़ा। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से एक स्विफ्ट डिजायर कार, दो अवैध तमंचे, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, सात अवैध चाकू और सात मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। गिरफ्तार किए गए वयस्कों में नाजिम पुत्र कल्लू, शहजाद पुत्र असलम दोनों निवासी सैंडभर, बागपत, राकेश निवासी बागपत और रिहान पुत्र अफजल निवासी दिल्ली शामिल हैं। इनके साथ तीन नाबालिगों को भी पकड़ा गया है। खेकड़ा कोतवाली प्रभारी प्रभाकर केन्तुरा ने बताया कि सभी सात अभियुक्तों को लूट की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया गया है। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की गहन छानबीन कर रही है।

## एक नजर

### प्रशासन का प्रयास! दूर-दराज के गांवों तक भी समय पर पहुंचे सही चिकित्सा सुविधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ग्रामीण क्षेत्रों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य शिविर को भी मजबूत किया जा रहा है। प्रशासन का प्रयास है कि दूर-दराज के गांवों तक भी समय पर सही चिकित्सा सुविधा पहुंचे। यह अभियान केवल वर्तमान समस्या का समाधान नहीं, बल्कि भविष्य के लिए एक मजबूत आधार तैयार करने का प्रयास है। झोलाछाप चिकित्सा के खिलाफ बागपत की यह निर्णायक लड़ाई केवल कानून की नहीं, बल्कि हर नागरिक के जीवन और भविष्य की रक्षा की लड़ाई है-और इसमें प्रशासन के साथ-साथ समाज की सक्रिय भागीदारी ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है।

### रात हो या दिन, नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई तय:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अवैध खनन पर नियंत्रण केवल कार्रवाई से नहीं, बल्कि स्पष्ट नीति और निरंतर निगरानी से संभव है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के नेतृत्व में प्रशासन ने यह संदेश दे दिया है कि रात हो या दिन, नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई तय है।

### एसपी ने किया कावड़ मेल को सकुशल संपन्न कराने के लिए मंदिर परिसर, पार्किंग स्थल का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एसपी ने महाशिवरात्रि पर्व एवं पुरा महादेव मंदिर में आयोजित कावड़ मेल को सकुशल संपन्न कराने के लिए मंदिर परिसर, पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। गुरुवार की दोपहर करीब एक बजे एसपी सूरज कुमार राय ने महाशिवरात्रि पर्व एवं पुरा महादेव मंदिर में आयोजित कावड़ मेल को सकुशल संपन्न कराने के लिए मंदिर परिसर, पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### दो आरोपियों को गिरफ्तार कर किया कब्जे से चोरी का सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना सिंघावली अहीर पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपितों के कब्जे से चोरी की एक बैटरी, उपकरण तथा एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। गुरुवार की दोपहर करीब ढाई बजे थाना सिंघावली अहीर के उप निरीक्षक शीलेंद्र सिंह के मुताबिक पुलिस चैकिंग के दौरान दो आरोपित अमित कुमार व सोनू निवासी गण बरसिया को गिरफ्तार किया। आरो.पितों के कब्जे से चोरी की एक बैटरी, चोरी करने के उपकरण तथा एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वालों में उप निरीक्षक धीर सिंह, हेड कांस्टेबल विपिन कुमार, कांस्टेबल नीरज कुमार व सुमित सिरोही मौजूद रहे।

# नियमों से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही:जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में अवैध खनन के खिलाफ जिला प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि नियमों से खिलवाड़ अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला.धिकारी अस्मिता लाल के निर्देशन और सघन निगरानी में खनन विभाग की टीमें सड़कों पर लगातार पहरा दे रही हैं। कल देर रात-करीब तीन बजे-जब अधिकांश लोग नींद में थे, तब प्रशासन की टीम मुस्तैदी के साथ सड़कों पर उतरी और बिना रॉयल्टी दौड़ रहे मिट्टी, बालू, डस्ट और मार्बल से लदे अपंजीकृत वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की। जिले के विभिन्न स्थानों पर वाहनों को सीज किया गया, जिससे अवैध खनन माफिया में हड़कंप मच गया।



यह कार्रवाई एक सुनियोजित और समन्वित अभियान का हिस्सा रही। तहसीलदार व नायब तहसीलदारों ने खनन विभाग की टीम के साथ मिलकर मोर्चा संभाला, वहीं जिलाधिकारी कार्यालय का स्टाफ भी मौके पर मौजूद रहा। प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि कार्रवाई पारदर्शी हो, नियमों के अनुरूप हो और किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। पकड़ी गई 16 गाड़ियों में से छह पर 5 लाख 90 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया, जबकि शेष 10 वाहनों को संबंधित थानों मे सीज किया गया है। जिला प्रशासन ने साफ शब्दों में दोहराया कि बिना रॉयल्टी कोई वाहन नहीं चलेगा। खनन से जुड़े हर वाहन की वैधता, रॉयल्टी रसीद और दस्तावेजों की जांच अनिवार्य की गई है। नियमों के उल्लंघन पर न केवल वाहन सीज होंगे, बल्कि आर्थिक दंड और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। जिला खनन अधिकारी वीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम लगातार एक्शन मोड में है और दिन-रात निगरानी बढ़ाई गई है। जनपद में अवैध खनन और बिना रॉयल्टी परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा जगह-जगह बैरिकेडिंग एवं चेक पोस्ट स्थापित हैं। प्रमुख प्रवेश मार्गों, अंतरजनपदीय सीमाओं तथा सीमा से सटे थानों के क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध वाहन की तत्काल जांच की जा सके। इन चेक पोस्टों पर खनन से जुड़े वाहनों के दस्तावेज, रॉयल्टी रसीद और परमिट की सख्ती से जांच की जा रही है। प्रशासन का उद्देश्य स्पष्ट है। जनपद की सीमाओं से अवैध खनन सामग्री का प्रवेश पूरी तरह रोका जाए और नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी वाहन को आगे बढ़ने न दिया जाए।

# मंदिर में अजितनाथ महामंडल विधान का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज के कार्यक्रम को संबोधित करते मुनि महाराज आचार्य श्री विमर्श सागर महामुनिराज के पावन सानिध्य में अजितनाथ भगवान के जन्म कल्याणक के अवसर पर अजितनाथ दिगंबर जैन प्राचीन मंदिर मंडी बड़ौत में अजितनाथ महामंडल विधान का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक जैन श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

विधान का शुभारंभ अजितनाथ भगवान के अभिषेक और शांतिधारा से हुआ। शांतिधारा का सौभाग्य सौधर्म इंद्र सुंदर लाल जैन, कुबेर इंद्र पर्व जैन, सागर जैन और यज्ञनायक गौरव जैन को प्राप्त हुआ। चित्र अनावरण दिनेश जैन और अंकित जैन द्वारा दीप प्रज्वलन संजीव जैन द्वारा किया गया।आचार्य श्री विमर्श सागर महाराज का पाद प्रक्षालन राजकुमार जैन द्वारा और सामग्री वितरण अनिल जैन द्वारा किया गया। पंडित गौरव जैन द्वारा विधि विधान से 48 अर्ध मंडल पर चढ़वाए गए।

आचार्य विमर्श सागर महाराज ने इस अवसर पर कहा कि अजितनाथ भगवान का जन्म कल्याणक के अवसर पर सभी को उनके बताए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सार्थक करना चाहिए। आप सभी जिनेंद्र प्रभु की आराधना करो आपके भी सभी संकटों का निवारण प्रभु की भक्ति से होगा।

इस अवसर पर वरदान जैन द्वारा भक्तिपूर्ण भजन प्रस्तुत किए गए।प्रभावना वितरण राजकुमार जैन द्वारा किया गया। विधान में सुभाष जैन, राजकुमार जैन, वरदान जैन, सुधीर जैन, आशीष जैन, अंकुर जैन, विपिन जैन, उज्जवल जैन, राजीव जैन, अनिल जैन, इंद्राणी जैन, शालू जैन, डिंपल जैन आदि उपस्थित रहे।

# जन्म दिवस के अवसर पर यजुर्वेद परायण यज्ञ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के गांव किरठल में यजमान संजीव आर्य के पुत्र शिवम आर्य के जन्मदिवस के अवसर पर तीन दिवसीय यजुर्वेद पारायण यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा डा.धीरज रमाला रहे कार्यक्रम का संचालन राष्ट्र वर्धन आर्य ने किया। मुख्य वक्ता योगेश ने भारद्वाज आचार्य ने वैदिक सभ्यता को विस्तार से समझाया वैदिक मंत्रों की ध्वनि को हर घर तक पहुंचाने का आवाहन किया।



कार्यक्रम को उपेंद्र मुनि तथा ऋषिपाल लूंब ने संबोधित किया अशोक प्रधान ने समाजिक सभ्यता शिक्षा पर बल दिया भजन उपदेशक वेदपाल आर्य एवं शिवानी ने भजन प्रस्तुत किया अ.भ. व. नव युवक संघ के जिला अध्यक्ष अजय कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में चारों वेद हम सब लोगों को अपनाकर सुबह सवेरे अपने आवास पर भी रोजाना यज्ञ हवन करते रहना चाहिए। महामंत्री रामहेर सिंह एवं सुरेंद्र सिंह ने संजीव कुमार को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। अवसर पर समरभानु आर्य सुरेंद्र सिंह विजवाड़ा आर्य कुमार मा संदीप ऋषिपाल डा. ओमपाल अजय कुमार आजाद सिंह चट्टान सिंह निखिल मोहन आर्य गौतम वाल्मीकि खुशीराम सत्येंद्र सूद प्रदीप हेवा महेश कुमार निखिल रामभजन सोमपाल सिंह, रविंद्र कुमार एवं ओमवीर सिंह अक्षय बिड़लान मोनू आर्य दियांशु पूजा और रेनू आदि उपस्थित रहे।

# ओवरलोड वाहन अकसर पहुंचाते है सड़कों को नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला खनन अधिकारी वीरेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार इस सख्ती से जनवरी 2026 माह में अब तक 37 लाख रुपये का जुर्माना राजस्व के रूप में वसूला जा चुका है। यह आंकड़ा प्रशासन की सख्ती और निरंतर कार्रवाई का प्रमाण है। अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान किसी एक रात तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे निरंतर और व्यापक रूप से चलाया जाएगा, ताकि अवैध खनन की जड़ों पर प्रहार किया जा सके। अवैध खनन केवल राजस्व का नुकसान नहीं करता, बल्कि पर्यावरण, सड़क सुरक्षा और आमजन के जीवन पर भी गंभीर असर डालता है। ओवरलोड वाहन सड़कों को नुकसान पहुंचाते हैं, दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ाते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में धूल-प्रदूषण से स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होती हैं। प्रशासन का मानना है कि सख्ती के साथ-साथ इस व्यापक प्रभाव को भी रोकना आवश्यक है। इसी दृष्टि से रात में विशेष चेकिंग, रूट मैपिंग और संवेदनशील मार्गों पर स्थायी निगरानी बढ़ाई गई है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल स्वयं इस पूरे अभियान की सघन मॉनिटरिंग कर रही हैं। अधिकारियों के साथ नियमित समीक्षा बैठकों में न केवल कार्रवाई की प्रगति पर चर्चा होती है, बल्कि नई रणनीतियां भी तय की जा रही है-जैसे कि अचानक नाक.ेबंदी, मोबाइल टीमों की तैनाती और सूचना तंत्र को मजबूत करना। प्रशासन का संदेश साफ है-कानून से ऊपर कोई नहीं। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिनके पास सभी आवश्यक दस्तावेज, रॉयल्टी रसीद और परमिट होंगे, वे नियमों के तहत निर्बाध रूप से कार्य कर सकेंगे। कार्रवाई केवल उन्हीं पर होगी, जो अवैध तरीके से खनन सामग्री का परिवहन कर रहे हैं या नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। अभियान की एक अहम कड़ी जनभागीदारी भी है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं अवैध खनन या बिना रॉयल्टी वाहन चलते दिखाई दें, तो उसकी सूचना तत्काल प्रशासन या खनन विभाग को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। प्रशासन को उम्मीद है कि निरंतर कार्रवाई से अवैध खनन पर स्थायी अंकुश लगेगा और राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी।

# नंगला बहलोलपुर में चोरों का आतंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नंगला बहलोल.पुर में चोरों का आतंक, चोरों ने सरकारी सस्ते गल्ले और परचून की दुक.ानों को निशाना बनाते हुए नगदी सहित हजारों का सामान चोरी कर ले गए।



कोतवाली क्षेत्र के नंगला बहलोलपुर निवासी अजय शर्मा ने गुरुवार की सुबह करीब साढे दस बजे कोतवाली पर तहरीर देते हुए बताया कि उनकी सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान है। बुधवार की देर रात चोरों ने ताले तोड़ कर तथा गल्ले उखाड़ कर करीब बीस हजार रुपये और बर्तन व कपड़े चोरी कर ले गए। गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान खुलने गया, तो चोरी की घटना पता चला। उन्होंने डायल 112 पुलिस को चोरी की घटना से अवगत कराया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना का मौका मुआयना किया। वहीं दिल्ली सहारनपुर हाइवे किनारे ब्रह्मपाल की परचून की दुकान का भी ताला तोड़ कर हजारों का सामान चोरी कर ले गए। पीड़ितों ने कोतवाली बागपत पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं। उधर कोतवाली प्रभारी ब्रजेश कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्ट्रेट परिसर में एक सुसज्जित कैफे की स्थापना की है-जिसका नाम है सामर्थ्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद की पहचान सिर्फ गन्ने, खेल प्रतिभाओं और ऐतिहासिक विरासत तक सीमित नहीं रही है, बल्कि अब यह जिला प्रशासनिक नवाचार और सामा.जिक समावेशन की मिसाल भी बनने लगा है।

वर्ष 1997 में जनपद के रूप में स्थापित बागपत में जब कलेक्ट्रेट मुख्यालय की स्थापना हुई, तो यह आमजन के लिए प्रशासन तक पहुंच का बड़ा केंद्र बना। समय के साथ कलेक्ट्रेट में प्रतिदिन आने- जाने वाले लोगों की संख्या बढ़ती गई-किसान, अधिवक्ता, फरियादी, अधिकारी-कर्मचारी- सबकी आवाजाही ने यहां सुविधाओं के विस्तार की मांग को स्वाभाविक बना दिया। प्रशासन ने वर्षों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया। कार्यालय, प्रतीक्षालय, शौचालय, पेयजल और पार्किंग जैसी व्यवस्थाएं क्रमशः बेहतर होती गईं। हालांकि, खानपान की सुविधा लंबे समय तक एक छोटी-सी दुकान तक ही सीमित रही, जो बढ़ती भीड़ और जरूरतों के लिहाज से नाकाफी साबित हो रही थी। इसी कमी को महसूस करते हुए जिलाधिकारी अस्मिता लाल की पहल पर कलेक्ट्रेट परिसर में एक सुसज्जित कैफे की स्थापना की है-जिसका नाम है सामर्थ्य। 'सामर्थ्य' एक कैफे है जो आत्मनिर्भरता, सम्मान और अवसर का प्रतीक बनकर उभरा है। इसका संचालन दिव्यांग राजकुमार द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने सीमित संसाधनों और चुनौतियों के बावजूद अपने हौसले से यह साबित कर दिया कि अवसर मिले तो सामर्थ्य अपने आप रास्ता बना लेता है। उद्घाटन के मात्र एक सप्ताह के भीतर ही कैफे से लगभग 15 हजार रुपये की कमाई होना इसकी लोकप्रियता और जरूरत दोनों को रेखांकित करता है। यह पहल दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। प्रशासन की यह सोच कि सुविधा का विस्तार सामाजिक जिम्मेदारी के साथ हो-आज 'सामर्थ्य' के रूप में साकार दिखती है। कफै 'सामर्थ्य' में खानपान की व्यापक और संतु.लित व्यवस्था की गई है। यहां चाय, पकौड़ी, डोसा, सैंडविच जैसे नाश्ते के विकल्पों के साथ रसगुल्ला, बर्फी जैसी मिठाइयां, दूध, ब्रेड और बेकरी उत्पाद भी उपलब्ध हैं। गुणवत्तापूर्ण सामग्री, साफ-सुथरी रसोई और किफायती मूल्य-इन तीनों पर विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि हर वर्ग का व्यक्ति यहां सहजता से आ सके। बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ कैफे के बाहर आकर्षक लाइटिंग और बेंच लगाई गई हैं। यह स्थान धीरे-धीरे कलेक्ट्रेट आने वालों के लिए एक सुकून भरा पड़ाव बनता जा रहा है-जहां लोग काम के बीच कुछ पल ठहरकर चाय की चुस्की ले सकते हैं, बात.चीत कर सकते हैं या बस शांति से बैठ सकते हैं। कैै को कलेक्ट्रेट के मुख्य प्रवेश द्वार से भीतर आते ही बाईं ओर बनाया गया है। जैसे ही कोई नागरिक परिसर में प्रवेश करता है, 'सामर्थ्य' उसका स्वागत करता नजर आता है। इस कैफे का उद्घाटन 21 जनवरी को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और राज्यमंत्री केपी मलिक द्वारा किया गया। उद्घाटन के दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों ने कैफे की चाय का स्वाद लिया और इस पहल की सराहना की।

# सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूसीजी पर रोक लगाई जाने पर जताई खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में तहसील परिसर के अधिवक्ताओं ने वरिष्ठ अधिवक्ता अमित वशिष्ट एडवोकेट के नेतृत्व में उनके चेंबर पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूसीजी पर रोक लगाई जाने पर स्वर्ण समाज द्वारा खुशी जताते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर तहसील परिसर में मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता अमित वशिष्ट एडवोकेट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस तरीके का निर्णय लेना बड़ी ही खुशी का विषय है। इस मौके पर उनके चेंबर पर जितेंद्र शर्मा एडवोकेट शिवम शर्मा एडवोकेट अमर वशिष्ठ एडवोकेट संजय गुप्ता सभासद आकाश राजपूत नरेश कुमार निटु कुमार अश्वनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 1993 व अनुक्रमांक 207437 के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गए है। परवीन बोबी पुत्री यामीन खॉ निवासी ग्राम छपरौली, हाल निवासी म.नं. 18, इग्नु रोड, नेब, सराय, दिल्ली।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सावेज से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
रूखसाना पत्नि मरहूम अय्यूब निवासी मौ. गुसाईयान गुराना रोड कस्बा व थाना बडौत जनपद बागपत।

# सोतीगंज में स्पेयर पार्ट्स की दुकान में लगी भीषण आग

## लाखों का नुकसान, कड़ी मशक्कत के बाद दमकल गाड़ियों ने पाया काबू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के सोतीगंज स्थित न्यू मार्केट में आग लगने से हड़कंप मच गया। यहां एक स्पेयर पार्ट्स की दुकान की बेसमेंट में अचानक आग भड़क उठी, जिससे लाखों रुपये के सामान जलकर राख हो गया। दुकान मालिक रवि ने बताया कि बाजार में सामान्य रूप से कामकाज चल रहा था, तभी दुकान के बेसमेंट में से धुआं निकलता दिखाई दिया। कुछ ही देर में धुआं बढ़ता चला गया और दूर-दूर तक आग की लपटें नजर आने लगीं। आसपास के दुकानदारों ने तुरंत शटर बंद कर सुरक्षित दूरी बनाई और दमकल विभाग को इस हादसे की सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल की गाडियां और सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गई। लेकिन बेसमेंट में धुआं ज्यादा होने की वजह से दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ा। कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। गनीमत रही की कोई जाने नुकसान नहीं हुआ समय रहते आप पर काबू पा लिया गया। बताया जा रहा है कि दुकान में भारी मात्रा में गाड़ियों का स्पेयर पार्ट्स भरा हुआ था। जो कि आग की चपेट में आ गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपये के नुकसान की बात कही जा रही है। हालांकि वास्तविक नुकसान का आकलन बाद में किया जाएगा। वहीं आग किस वजह से लगी है, इसका कोई स्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया है। शुरूआती तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, फिलहाल दमकल विभाग और सदर थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# जानी क्षेत्र में बिजली विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

## 31 जनवरी तक बकाया बिल जमा करने की दी नसीहत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही एक मोस्ट समाधान योजना का समापन अभी 31 जनवरी तक पूरा होने वाला है। जिसके चलते गुरुवार को बिजली विभाग के अधिकारियों ने चेकिंग अभियान चलाया और ज्यादा से ज्यादा बकाया बिल जमा करने के लिए जागरूक किया। वहीं बिजली विभाग ने कुछ कनेक्शन भी काटे जो काफी दिनों से बिजली बकाया जमा नहीं कर रहे थे उनके खिलाफ भी अभियान चलाया वहीं अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय ने बताया कि 31 जनवरी तक हर क्षेत्र में अभियान चलाया जाएगा जिसमें ज्यादा से ज्यादा बकाया बिल जमा करवाया जाएगा और चोरी संबंधित भी जो मामले हैं जिनका पंजीकृत हो चुका है जल्द से जल्द उपभोक्ता बकाया बिल पूरा करें।

# नाले में गिरी कार, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान, बड़ा हादसा होने से टला

- ड्राइविंग सिखाते समय जाग्रति विहार एक्सटेंशन के पास हुआ हादसा
- कार में तीन लोग थे सवार, पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को बाहर निकलवाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार की सुबह थाना मेडिकल क्षेत्र के जागृति विहार एक्सटेंशन में एक कार गहरे नाले में गिर गई। समय रहते ड्राइवर ने खुद कर अपनी जान बचाई और उसके चिल्लाने के बाद आसपास भीड़ जमा हो गई। इसके बाद कार को क्रेन की मदद से नाले से बाहर निकाला गया। कार में तीन लोग सवार थे जिसमें एक लड़की और 2 लड़के थे। घटना सुबह 9 बजे की है। बताया जा रहा है कि ये लोग कार ड्राइविंग सीख रहे थे। उसी दौरान यह हादसा हो गया। काफी देर तक कार उसी नाले में पड़ी रही और आसपास देखने वालों की भीड़ लग गई। हालांकि इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ है। दरअसल हादसा होने के तुरंत बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने मेडिकल थाना पुलिस को सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को नाले से बाहर निकलवाया।

# पेड़ पर चढ़े नशेड़ी युवक को पुलिस ने क्रेन की मदद से उतारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में देर रात एक युवक नशे की हालत में पेड़ पर चढ़ गया, वहीं लोगों की काफी भीड़ इकट्ठा होने लगी और अफरा तफरी मच गई। पेड़ पर चढ़ा युवक ने आत्महत्या की धमकी दी देने लगा। आसपास के लोगों ने लिसाड़ी गेट पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन नशे की हालत में चढ़ा युवक पुलिस की एक भी बात मानने को तैयार नहीं हुआ। बड़ी मशक्कत के बाद लिसाड़ी गेट पुलिस ने क्रेन बुलवाकर, क्रेन की मदद से युवक को सुरक्षित नीचे उतारा। घटना थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के कंजर वाले पुल शादी महल के पास हुई। लिसाड़ी गेट क्षेत्र के श्याम नगर निवासी अनवर नामक युवक देर रात नशे की हालत में नाले के किनारे खड़े एक पेड़ पर चढ़ गया था। उसने हंगामा करते हुए हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू कर दिया, जिसके बाद आसपास के लोगों ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना। कुछ लोगों ने अपने मोबाइल से पेड़ पर चले युवक की वीडियो बनानी शुरू कर दी। परिजनों के अनुसार, अनवर अपने भाई से कहासुनी के बाद नाराज होकर वहां पहुंचा था। पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। युवक को नीचे उतारने के बाद यातायात सामान्य कर दिया गया। युवक के पेड़ पर चढ़ने और हंगामा करने से मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे यातायात प्रभावित हुआ और जाम लग गया। जाम की सूचना मिलते ही लिसाड़ीगेट थाना प्रभारी अशोक कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। थाना पुलिस ने युवक को नीचे उतारने के लिए काफी समझाया, लेकिन वह नहीं माना। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने क्रेन बुलाई। क्रेन की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा जा सका। युवक के परिजनों ने उसे सुरक्षित देखकर राहत की सांस ली।


# लिसाड़ी गेट पुलिस की चेतावनी शब-ए-बरात पर आतिशबाजी व हुड़दंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शब-ए-बरात पर लिसाड़ी गेट क्षेत्रों में थाना पुलिस ने शबे बरात पर होने वाली आतिशबाजी व हुड़दंग करने वालों के खिलाफ एक अभियान चलाया, जिसमें लिसाड़ी गेट पुलिस ने आतिशबाजी व हुड़दंग करने वालों को चेतावनी देते हुए सख्त कार्यवाही करने की बात की। वहीं क्षेत्रों के लोगों तक जानकारी भी दी अगर किसी भी व्यक्ति ने आतिशबाजी करते हुए पकड़ा गया तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना लिसाड़ी गेट प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि शबे बरात एक इबादत और भाईचारे की रात है जिसमें लोग शांति से अपने परवरदिगार को खुश करने के लिए इस रात को इबादत और एक दूसरे के लिए अमन और चैन के लिए दुआ करते हैं। वहीं कुछ लोग दूसरों की इबादत में आतिशबाजी व बाइकों पर हुड़दंग करके इबादत में खलल डालते हैं। अगर किसी भी व्यक्ति ने शबे बरात पर हुड़दंग व बाइक स्टैंड और आतिशबाजी करते हुए पकड़ा गया तो पुलिस उसे पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# प्री-कास्ट तकनीक से ढका जाएगा आबूनाला

- नगर निगम ने एनडीएमए को पत्र भेजकर मांगा सहयोग, जापान की निजी एजेंसी के माध्यम से तैयार कराया जाएगा प्रस्ताव
- प्री-कास्ट तकनीक से ढकने के लिए 32 करोड़ रुपये किए जा चुके हैं स्वीकृत: सौरभ गंगवार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहर के बीचोंबीच गुजरने वाले आबूनाला के ढकने की कवायद शुरू हो चुकी है। नगर निगम की उदासीनता के चलते यह नाला लंबे समय से गंदगी और दुर्गंध का पर्याय बन चुका है। इस योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए नगर निगम ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) को पत्र भेजकर अनुमति और सहयोग मांगा है। इसके लिए प्री कास्ट तकनीक अपनाई जाएगी। दरअसल आबूनाला शहर की जल निकासी का प्रमुख नाला है। ढकने के बाद जलभराव की स्थिति ना बने, इसके लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की तकनीकी सलाह और अनापत्ति आवश्यक है। वहीं इस मामले में नगर आयुक्त सौरभ गंगवार का कहना है कि कैंट क्षेत्र से लेकर नगर निगम क्षेत्र के आबादी वाले हिस्से को प्री-कास्ट तकनीक से कवर्ड करने का खाका एनडीएमए में पेश किया गया है। केंद्र सरकार से इसके लिए बजट की मांग की जाएगी। और नाला ढकने और उसके ऊपर सड़क निर्माण में आने वाले खर्च का आंकलन एजेंसी के माध्यम से कराया जाएगा। बताया गया है कि इस कार्य के लिए जापान की एक कंपनी से संपर्क किया गया है। जल्द एनडीएमए की टीम नाले का सर्वे करेगी। नाले के किनारे से सफाई के लिए मैनहोल दिए जाएंगे। नगर आयुक्त सौरभ गंगवार ने यह स्पष्ट किया कि अब नगर निगम प्री-कास्ट तकनीक से नाले को कवर्ड करने का काम करेगा। प्री-कास्ट तकनीक में स्लैब पहले से फैक्ट्री में तैयार किए जाते हैं। मौके पर लाकर उनको एक के बाद एक जोड़ते हुए नाला बनाया जाता है। दिल्ली रोड के नाले को प्री-कास्ट तकनीक से ढकने के लिए 32 करोड़ रुपये स्वीकृति किए जा चुकी है। दरअसल आबूलेन व्यापार संघ के अलावा बेगमपुल से लेकर कचहरी पुल तक, मोहनपुरी और फूलबाग कॉलोनी के लोग की, नाले को ढककर उसके ऊपर सड़क, पार्किंग, स्ट्रीट वेंडिंग बनाने की मांग लंबे समय से चल रही है। खुले नाले में आबादी क्षेत्र में आए दिन कोई ना कोई गिरता रहता है। गत दिनों कैंट क्षेत्र में काठ पुल के पास एक ई-रिक्शा चालक की मौत भी इसी नाले में गिरने से हो चुकी है। आबूनाला बेगमपुल और नगला ताशी कंकरखेड़ा से शुरू होता है। कैंट क्षेत्र से होते हुए नगर निगम के क्षेत्र में बेग. मपुल के पास प्रवेश करता है। रंगोली मंडप के पास तक आबादी क्षेत्र है। इसके बाद आगे काली नदी में जाकर गिरता है। लगभग 14 किमी लंबा है। इमसें छोटे-बड़े लगभग 50 से ज्यादा नाले जुड़े हैं। लगभग पांच लाख आबादी की जल निकासी इसी नाले पर निर्भर है।

# बीमारी के चलते पूर्व विधायक योगेश वर्मा की माता का निधन

## पैतृक गांव धजू में हुआ अंतिम संस्कार, राजनीतिक और सामाजिक लोगों का रहा जमावड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** हस्तिनापुर के पूर्व विधायक व समा. जवादी पार्टी के कद्दावर नेता योगेश वर्मा की माता का बुधवार की देर शाम बीमारी के चलते निधन हुआ उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव ग्राम धांजू में हुआ। जहां पर राजनीतिक, सामाजिक व वीआईपी लोगों का जमावड़ा रहा। गुरुवार को एक बजे के बाद उनका अंतिम संस्कार किया गया है।

गौरतलब है कि पूर्व विधायक योगेश वर्मा की माता काफी दिनों से बीमार चल रही थी और उनका इलाज मेरठ के न्यूटीमा अस्पताल में चल रहा था। अभी कुछ दिनों पहले ही योगेश वर्मा व उनके भाइयों ने परिवार सहित मिलकर अपनी माता मालती देवी का 80वां जन्म दिवस मनाया था और उनके साथ अपना वक्त बिताया था। बुधवार की देर शाम अपनी माता के निधन के बाद पूर्व विधायक योगेश वर्मा के पूरे परिवार को गहरा सदमा लगा। उनकी माता के निधन की सूचना मिलते ही राजनी. तिक गलियारे के साथ-साथ उनके समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार को ग्राम धंजू में समाजवादी पार्टी के साथ साथ भाजपा, लोकदल बसपा व अन्य सामाजिक संगठन के लोगों का जमावड़ा रहा। अपनी माता की अंतिम यात्रा के दौरान योगेश वर्मा ने उनकी अर्थी को कंधा दिया। वहीं उनके भाई राजन वर्मा व अन्यों ने भी अपनी माता मालती देवी की अर्थी को कंधा दिया। उनके अंतिम संस्कार के बाद परिवार में गेहरा शौक था। कई बार योगेश वर्मा रोते हुए नजर आए जिसके बाद परिवार सहित उनके समर्थकों ने उन्हें संभाला।



अपनी माता के साथ योगेश वर्मा।

### माता से करते थे बेहद प्यार

पूर्व विधायक योगेश वर्मा अपनी माता मालती देवी से बेहद प्यार करते थे। जनवरी के पहले हफ्ते में ही उन्होंने अपनी माता के 80वें जन्मदिवस के अवसर पर परिवार सहित केक काटा था और अपनी माता के चरणों मे बैठकर उनका आशीर्वाद लिया था। उस समय उन्होंने सोचा भी नहीं होगा कि यह उनकी माता का आखिरी साल होगा और कुछ दिनों बाद ही उनकी माता उनका साथ हमेशा के लिए छोड़ जाएंगी। गुरुवार को माता के निधन के बाद योगेश वर्मा बेहद सदमे में दिखाई दिए।



# पूर्व पार्षद प्रत्याशी की पुण्यतिथि पर लगाया गया निशुल्क मेडिकल कैंप

- 400 मरीजों की जांच के बाद हुआ निशुल्क दवाइयों का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** कसेरूखेड़ा वार्ड 20 में गुरुवार को पूर्व पार्षद प्रत्याशी सुधा यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर परिवार वालों की तरफ से निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया। कैंप का आयोजन कसेरू खेड़ा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में किया गया, जिसमें नेशनल कैपिटल रीजन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज खरखौदा मेरठ के डाक्टर के द्वारा मरीजों की जांच कर निशुल्क दवाइयां का वितरण किया गया।

सुधा यादव के पति पूर्व पार्षद नरेंद्र यादव ने बताया कि मेडिकल कैंप में लगभग 400 व्यक्तियों की जांच कर दवाई दी गई। मेडिकल कैंप में फिजिशियन, डेंटल, ऑर्थो, फिजियोथैरेपी से जुड़े चिकित्सक उपस्थित रहे। कैंप में शुगर एवं थायराइड की जांच भी निशुल्क की गई वहीं गंभीर बीमारी वाले मरीजों के एक्स-रे भी करे गए।

चिकित्सकों की टीम में डाक्टर उवेश अंसारी, डॉ शिवा, डाक्टर सद्दाम, डाक्टर अवाना, डाक्टर रविना, डाक्टर अतुल रहमान, डॉ हरमन, फार्मासिस्ट अतुल एवं नर्सिंग स्टाफ हर्ष शर्मा एवं शिवानी मेडिकल कैंप में उपस्थित रहे। वार्ड पार्षद शालू यादव के परिवार की तरफ से लगाया गये कैंप की क्षेत्रवासियों ने सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र में यह ऐसा पहला मेडिकल कैंप लगा है जिसमें सभी विभागों से जुड़े चिकित्सक उपलब्ध रहे एवं एक्स-रे की सुविधा भी रही। मेडिकल कैंप को सफल बनाने में सुधा यादव के पति पूर्व पार्षद नरेंद्र यादव, पुत्र देवेश एवं विकास यादव, पुत्रवधू वार्ड पार्षद शालू यादव एवं कोमल के साथ कपिल शर्मा, मुकेश धस्माना, विजय सोनकर, राजीव रस्तोगी, इंद्रजीत कोरी का योगदान रहा।

# माधवपुरम में 29 जुआरी दबोचे

## सूचना के बाद एसपी सिटी की टीम ने की कार्रवाई



जुआ व सट्टा खेलते पकड़े गए आरोपी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र में खुलेआम सट्टे व जुआ खेलने की सूचना पर एसपी सिटी की स्पेशल टीम ने छापा मार दिया। पुलिस की कार्यवाही से वहां भगदड़ मच गई। पुलिस ने 29 सट्टेबाजों व जुआरियों को हिरासत में लिया है।

देर रात तक सभी सट्टेबाज थाने में ही मौजूद रहे। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह के फोन पर बुधवार देर रात एक कॉल आई। कॉलर ने बताया कि ब्रह्मपुरी के माधवपुरम में खुलेआम एक घर में सट्टा चल रहा है। यहां आने वाले लोगों से आस पास के लोग बहुत परेशान हैं। थाना पुलिस की मिलीभगत से यह सट्टा चल रहा है। एसपी सिटी ने सूचना मिलते ही अपनी टीम को एक्टिव किया। पहले सूचना की पुष्टि की गई। इसके बाद टीम ने माधवपुरम स्थित एक मकान पर छापा मार दिया। पुलिस को देखते ही यहां भगदड़ मच गई। लोग दीवार व छत फांदकर भागने लगे लेकिन पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद 29 लोगों को दबोच लिया।

# कर्ज से परेशान प्लंबर ने की खुदकुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के यादगारपुर में कर्ज के दबाव से परेशान एक युवक ने आत्महत्या कर ली। युवक की मौत से पहले बनाए गए वीडियो सामने आने के बाद परि. जनों ने कुछ लोगों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। यादगारपुर निवासी गोविंद पुत्र ओमप्रकाश पेशे से प्लंबर था। परिजनों के अनुसार, उसने हाल के दिनों में मोहल्ले के कुछ लोगों से उधार लिया था।

आर्थिक तंगी के चलते वह मानसिक दबाव में था। परिजनों का आरोप है कि कर्ज देने वालों की ओर से उसे लगातार परेशान किया जा रहा था। इसी तनाव के बीच बुधवार रात उसने आत्महत्या कर ली। बताया गया कि गोविंद ने मौत से पहले तीन वीडियो रिकॉर्ड किए थे। इन वीडियो में उसने कर्ज और कथित प्रताड़ना का जिक्र किया है, साथ ही कुछ लोगों को अपनी स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

# सोतीगंज व्यापार संघ का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को गुरुद्वारा रोड सोतीगंज व्यापार संघ की ओर से शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें सभी सम्मानित व्यापारियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान व्यापार संघ के अध्यक्ष सुमित सचदेवा, उपाध्यक्ष सुमित खंडूजा, महामंत्री राकेश सोनकर व राजीव कुमार को जिम्मेदारी दी गई। अध्यक्ष सुमित सचदेवा ने कहा कि उन्हे जो जिम्मेदारी दी गई है वह उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्हे अपने कार्यकाल में व्यापारियों के हित के बारे में कार्य करने है।



# जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच घमासान फावड़े से हमले का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव नवाबगढ़ी में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया। विवाद इस कदर बढ़ गया कि दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई। घटना के दौरान फावड़े से हमला किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने उस पर गोली चलाने का भी प्रयास किया। मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल युवक की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की भी जांच की जा रही है और मामले की विस्तृत विवेचना जारी है। गौरतलब है कि बुधवार को मुस्लिम- गुर्जर पक्ष के दो लोग आपस में भिड़ गये थे। और देखते ही देखते उग्र हो गये।

# बिजली बिल राहत योजना के द्वितीय चरण का अधिकतम लाभ लेने के लिए मात्र दो दिन शेष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के घरेलू (02 किलोवाट तक) और वाणिज्यिक (01 किलोवाट तक) श्रेणी व भार के नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड तथा विद्युत चोरी के समस्त प्रकरणों में राजस्व निर्धारण मे छूट हेतू सभी पात्र उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि बकाया बिल भुगतान के लिए अधिकतम छूट का लाभ लेने के लिए अब केवल दो दिन शेष बचे हैं, इस योजना का द्वितीय चरण 31 जनवरी 2026 को समाप्त हो जाएगा। 01 फरवरी 2026 से योजना का तृतीय चरण प्रारम्भ हो जाएगा जिसमें मूल बकाया राशि पर 20 प्रतिशत के स्थान पर 15 प्रतिशत अतिरिक्त छूट प्राप्त होगी। इस विशेष राहत के तहत यदि उपभोक्ता 31 जनवरी 2026 तक अपना बकाया बिल जमा कराते हैं तो उन्हें बिल पर लगने वाले विलम्ब शुल्क (सरचार्ज/ब्याज) में 100 प्रतिशत तक की छूट दी जाएेगी साथ ही मूल बकाया राशि पर 20 प्रतिशत तक अतिरिक्त छूट का प्राविधान है इसलिए उपभोक्ता 31 जनवरी 2026 तक अपना बकाया बिल जमा करा कर, इस योजना के तहत अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकते है। बिजली बिल राहत योजना के अन्तर्गत मेरठ क्षेत्र प्रथम-मेरठ में 4056, मेरठ क्षेत्र द्वितीय-मेरठ मे 55975, गाजियाबाद क्षेत्र प्रथम गाजियाबाद में 1868, गाजियाबाद क्षेत्र-द्वितीय गाजियाबाद मे 22290, गाजियाबाद क्षेत्र-तृतीय गाजियाबाद गे 1744, बुलंदशहर क्षेत्र में 82546, मुजफ्फरनगर क्षेत्र मे 67166, सहारनपुर क्षेत्र में 75041, नोएडा क्षेत्र में 21294, मुरादाबाद क्षेत्र मे 124725 एवं गजरौला क्षेत्र मे 99403 उपभोक्ताओं द्वारा पंजीकरण कराकर, योजना का लाभ उठा चुके हैं। इस योजना के अन्तर्गत अब तक विभाग द्वारा 500.48 करोड़ रु. की छूट का लाभ, 556108 उपभोक्ताओं को दिया जा चुका है। उपरोक्त श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले सभी विद्युत उपभोक्ताओं से द्वितीय चरण समाप्त होने पर, अन्तिम बार अपील की जाती है की बिजली बिल सरचार्ज पर, 100 प्रतिशत की छूट तथा बिल की मूल राशि पर 20 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट का लाभ उठाने के लिए आज ही पंजीकरण करायें।

# ताज के लिए भिड़ेंगी सबालेंका-रायबकिना

● **आर्याना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में एलिना स्वितोलिना को हराया, जबकि एलेना रायबाकिना ने दूसरे सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला को हराया**



**मेलबर्न, वार्ता।** गुरुवार को 12वीं सीड एलिना स्वितोलिना पर ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में आसान जीत के बाद दुनिया की नंबर एक आर्यना सबालेंका की मेलबर्न में वापसी की तलाश लगभग पूरी हो गई है। सबालेंका का 76 मिनट में 6-2, 6-3 का मास्टर क्लास, रॉड लेवर एरिना में उनके पिछले 27 मैचों में से 26वीं जीत थी, जिससे वह पांचवें ग्रैंड स्लैम टाइटल के करीब पहुंच गई। 27 साल की सबालेंका की इन चार सालों में एकमात्र हार पिछले साल के फाइनल में मैडिसन कीज से तीन सेट में चौंकाने वाली हार थी, जिससे उनका लगातार तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल जीतने का सपना टूट गया। सबालेंका का ताज फिर से जीतने का मौका पूर्व विंबलडन चैंपियन एलेना रायबाकिना के खिलाफ होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला को हराया। सबालेंका, जिन्होंने टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया है, ने कहा कि काम अभी खत्म नहीं हुआ है। स्वितोलिना, जो अपना चौथा ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल खेल रही थीं, एक बड़ी अंडरडॉग के तौर पर उतरीं, लेकिन साल की अच्छी शुरुआत के बाद कॉन्फिडेंस के साथ उन्होंने आखिरी आठ में नंबर 3 कोको गॉफ को हराकर नई ऊंचाइयों को छुआ। लेकिन सबालेंका के जबरदस्त ग्राउंडस्ट्रोक्स के सामने उनका कोई चांस नहीं था, शायद उनका सबसे अच्छा बैकहैंड क्रॉसकोर्ट बुलेट था जिसने 41 मिनट का पहला सेट जीत लिया। मुश्किलों के बावजूद, स्वितोलिना ने दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त बना ली, इससे पहले कि सबालेंका ने अपनी ज़बरदस्त हिटिंग फिर से शुरू की और एक ज़बरदस्त फोरहैंड विनर ने उन्हें लगातार चौथे फाइनल में जगह दिलाई। इस बीच रायबाकिना ने पेगुला को हराकर 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल का रीमैच तय किया। नंबर 5 सीड एलेना रायबाकिना ने नंबर 6 सीड जेसिका पेगुला को 6-3, 7-6(7) से हराकर अपने करियर के तीसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनाई, और तीन साल में पहली बार फाइनल में पहुंचीं। उन्होंने दूसरे सेट के टाईब्रेक में दो सेट पॉइंट बचाए। रायबाकिना को पेगुला की आखिरी स्टेज में जबरदस्त वापसी की कोशिश को रोकना पड़ा, जो 30 साल की होने के बाद ओपन एरा में अपने पहले दो बड़े फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला बनने की कोशिश कर रही थीं। 2024 यूएस ओपन की रनर-अप ने दूसरे सेट में 5-3 से पिछड़ने पर तीन मैच पॉइंट बचाए, फिर कज़ाकिस्तान की खिलाड़ी ने 5-4 और 6-5 पर मैच के लिए सर्विस करते हुए दो बार रायबाकिना की सर्विस तोड़ी। हालांकि, रायबाकिना ने क्लच टेनिस के साथ एक ज़बरदस्त टाईब्रेक जीता, और दिन के अपने छठे ऐस के साथ मैच के आखिरी दो पॉइंट जीते, फिर दिन का अपना छठा रिटर्न विनर। यह 2022



# ओसाका-मार्टा ने चोटों के कारण दोहा से नाम वापस लिया

● **ओसाका को मैच के दौरान पेट के बाएं हिस्से में लगी थी चोट मोर्टा टखने की चोट के चलते टूर्नामेंट से हुई बाहर**

**दोहा, वार्ता।** नाओमी ओसाका और मार्टा कोस्त्युक अगले महीने दोहा में होने वाले कतर टोटलएनर्जीज ओपन में नहीं खेलेंगी।

दोनों का नाम वापस लेना कोई खास हैरानी की बात नहीं है। ओसाका ने पिछले हफ्ते ऑस्ट्रेलियन ओपन में क्वालीफायर मैडिसन इंग्लिस के खिलाफ अपने तीसरे राउंड के मैच से पेट के बाएं हिस्से में चोट का हवाला देते हुए नाम वापस ले लिया था। दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी ने यह दर्दनाक फैसला लेने के बाद कहा कि यह एक ऐसी चोट है जो मुझे पहले भी कुछ बार लगी है, और मुझे लगा कि मैं इससे उबर सकती हूं। मैंने अपना पिछला मैच थोड़े दर्द के साथ खेला था, और मैंने सोचा कि शायद अगर मैं आज अपने मैच से पहले खुद को थोड़ा ब्रेक दे दूं, तो मैं इसे संभाल पाऊंगी। लेकिन मैंने वार्म-अप किया, और यह बहुत ज्यादा खराब हो गया। मुझे निश्चित रूप से और टेस्ट करने होंगे, और ज़ाहिर है मुझे लगता है कि प्रेग्नेंसी से वापस आने के बाद, मेरे शरीर में काफी बदलाव आया है। तो यह कुछ ऐसा है जिससे मुझे सच में सावधान रहना होगा। कोस्त्युक, जो अभी डब्ल्यूटीए टूर पर नंबर 20 पर हैं, मेलबर्न में भी घायल हो गईं। पहले राउंड में हार के दौरान, एल्सा जैक्वेमोट से तीन सेट में दिल तोड़ने वाली हार के दौरान, यूक्रेन की इस खिलाड़ी के टखने में चोट लग गई।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अमेरिका के बल्लेबाज आरोन जोन्स भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित

**दुबई, वार्ता।** अमेरिका के बल्लेबाज आरोन जोन्स को आईसीसी के भ्रष्टाचार निवारण आचार संहिता के पांच उल्लंघन के आरोप में तुरंत प्रभाव से सभी तरह की क्रिकेट खेलने से निलंबित कर दिया गया है और उन्हें इन आरोपों का जवाब देने के लिए 14 दिन का समय दिया हैं। 31 साल के जोन्स टी-20 विश्वकप 2026 से पहले श्रीलंका में एक अभ्यास शिविर में अमेरिका के 18 खिलाड़ियों के ग्रुप का हिस्सा है। अमेरिका ने अभी तक टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम की घोषणा नहीं की है, लेकिन उम्मीद है कि वे अभ्यास शिविर में मौजूद खिलाड़ियों में से 15 को चुनेंगे। जोन्स अब चयन के लिए योग्य नहीं हैं।

### पवन रत्नायके इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका की टी-20 टीम में शामिल

**कोलंबो, वार्ता।** पवन रत्नायके को दो रात पहले तीसरे वनडे में 115 गेंदों पर 121 रन बनाने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए श्रीलंका की टी-20 टीम में शामिल किया गया है। 23 साल के इस खिलाड़ी ने आखिरी बार नवम्बर में पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 खेला था और वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ तीन टी-20 मैचों के लिए टीम से बाहर कर दिया गया था। लेकिन उनकी पारी, भले ही हार का कारण बनी, ने एक बार फिर सिलेक्शन के दरवाजे खोल दिए हैं। वर्ल्ड कप को-होस्ट करने से पहले श्रीलंका की आखिरी सीरीज से पहले टीम में कुछ खास खिलाड़ी नहीं हैं। तेज गेंदबाज तुषारा और बैटिंग ऑलराउंडर कामिंडू इस सीरीज में नहीं खेलेंगे, जबकि लेग स्पिनर दुशान को भी बाहर कर दिया गया है। तुषारा पिछले दो सालों से श्रीलंका की टी-20 टीम में लगातार मौजूद थे।

# अल्काराज-ज्वेरेव, सिनर-नोवाक की भिड़ंत आज

● **कार्लोस अल्काराज आज ऑस्ट्रेलियन ओपन में टाइटल की अपनी कोशिश जारी रखेंगे, सिनर का लक्ष्य तीन मेन्स सिंगल जीतने का**

**मेलबर्न, वार्ता।** वर्ष के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन के शुक्रवार को होने वाले पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में विस्फोटक मुकाबले होंगे जिसमें वर्ल्ड नंबर 1 कार्लोस अल्काराज का मुकाबला अलेक्जेंडर ज्वेरेव से( दो बार के डिफेंडिग चैंपियन जैनिक सिनर का सामना नोवाक जोकोविच से होगा। कार्लोस अल्काराज ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने पहले सेमीफाइनल में हैं। अल्काराज शुक्रवार को अपने पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल की अपनी कोशिश जारी रखेंगे, जब वह हार्ड-कोर्ट मेजर में सेमीफाइनल एक्शन में होंगे। नंबर 1 खिलाड़ी, अल्काराज़ का सामना पिछले साल के फाइनलिस्ट अलेक्जेंडर ज्वेरेव से रॉड लेवर एरिना में होगा। ज्वेरेव के साथ उनकी एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज 6-6 से बराबर है। दो बार के डिफेंडिग चैंपियन जैनिक सिनर का सामना दूसरे सेमीफाइनल में रिकॉर्ड 10 बार के टाइटलिस्ट नोवाक जोकोविच से होगा। सिनर का लक्ष्य ऑस्ट्रेलियन ओपन में लगातार तीन मेन्स सिगल्स टाइटल जीतने वाले अकेले पुरुष जोकोविच के साथ जुड़ना है। यह पहली बार है जब 2019 में रौलां गैरो के बाद टॉप चार सीड किसी मेजर के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन में जहां दांव फाइनल में जगह बनाने से कहीं ज्यादा हैं, कार्लोस अल्काराज और अलेक्जेंडर ज्वेरेव सेमीफाइनल में बहुत अलग-अलग माइलस्टोन के साथ टकराएंगे। अल्काराज अपने पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल की तलाश में हैं, जिसके साथ वह करियर ग्रैंड स्लैम पूरा कर लेंगे, जबकि ज्वेरेव - तीन बार के मेजर फाइनलिस्ट और पिछले साल मेलबर्न में रनर-अप - के लिए लंबे समय से इंतज़ार की जा रही पहली स्लेम ट्रॉफी पर दांव लगा है। सेमीफाइनल तक उनके रास्ते इस अंतर को दिखाते हैं। ज्वेरेव का बार-बार टेस्ट हुआ है, उन्होंने पांच में से चार मैचों में एक सेट गंवाया है, जबकि अल्काराज पूरे समय क्लिनिकल रहे हैं, बिना कोई सेट गंवाए अपने लगातार चौथे मेजर सेमीफाइनल में पहुंचे हैं - और मेलबर्न में पहले भी। अल्काराज ने ज्वेरेव के बारे में कहा कि मैंने पूरे टूर्नामेंट में उनके मैच देखे हैं।अब तक वह जिस लेवल पर खेल रहा है, वह शानदार है, इसलिए यह एक शानदार मुकाबला होने वाला है। मुझे पता है कि वह काफी अच्छी सर्व कर रहा है। बेसलाइन से रैलियों में जब भी मौका मिलता है, वह बहुत सॉलिड और अग्रेसिव खेलता है। मैं पक्का तैयार रहूंगा। मैं यहां ऑस्ट्रेलियन ओपन में सेमीफाइनल में उसके साथ खेलने को लेकर एक्साइटेड हूं। मुझे पता है कि मुझे क्या करना है। मैं उस मैच के लिए अच्छी तरह तैयार रहूंगा। अगर उसे मुझे हराना है, तो उसे बहुत पसीना बहाना होगा। अल्काराज की मेलबर्न में एलेक्स डी मिनौर पर क्वार्टर-फाइनल जीत ने उनके बढ़ते कंट्रोल को दिखाया, जिसमें उन्होंने एक कड़े शुरुआती सेट के बाद भारी बॉल स्ट्राइकिंग और डिसिप्लिन्ड अग्रेसन के ज़रिए अपनी इंटेंसिटी बढ़ाई। ए वो क्वालिटीज हैं जिन पर वह ज्वेरेव को फज़िकिल एक्सचेंज में लाने के लिए फिर से

# सोफी बनी ऑल फॉर्मेट कप्तान



● **सोफी मोलिनक्स को ऑस्ट्रेलिया की टीम का सभी फॉर्मेट की कप्तान एलिसा हीली का फुल टाइम उत्तराधिकारी घोषित किया गया**

**सिडनी, वार्ता।** सोफी मोलिनक्स को ऑस्ट्रेलिया की सभी फॉर्मेट की कप्तान के तौर पर एलिसा हीली का फुल-टाइम उत्तराधिकारी घोषित किया गया है और वह भारत के खिलाफ आने वाली मल्टी-फॉर्मेट घरेलू सीरीज के अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में पहली बार टीम की कप्तानी करेंगी। सभी प्रारुपों ताहलिया मैकग्रा उपकप्तान बनी रहेंगी। कप्तानी की एक और दावेदार एश्ले गार्डनर को मैकग्रा के साथ दूसरी उप-कप्तान बनाया गया है। राष्ट्रीय चयनकर्ता शॉन फ्लेगलर ने कहा कि मोलिनक्स कप्तान के तौर पर सही पसंद हैं, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वह हर मैच नहीं खेलेंगी क्योंकि चोट के इतिहास के कारण उनके वर्कलोड को मैनेज किया जाएगा। फ्लेगलर ने कहा कि हम सोफी के वर्कलोड को मैनेज करना जारी रखेंगे, हाल के सीजन में चोट की चुनौतियों के बाद अहम टूर्नामेंट और बड़ी इंटरनेशनल सीरीज को प्राथमिकता देंगे। ताहलिया मैकग्रा उप कप्तान बनी रहेंगी, जो एलिसा हीली के अंडर उनके अहम लीडरशिप योगदान को दिखाता है। ताहलिया ने सभी फॉर्मेट में 16 बार स्टैंड-इन कप्तान के तौर पर काम किया है, जिससे टीम में निरंतरता और स्थिरता आई है। एश्ले गार्डनर को ताहलिया के साथ उप कप्तान बनाया गया है, जिससे टीम का लीडरशिप ग्रुप मजबूत हुआ है। एश और ताहलिया सोफी को सपोर्ट करने के लिए एक-दूसरे के पूरक स्किल्स देती हैं और जरूरत पड़ने पर दोनों स्टैंड-इन कप्तान के तौर पर टीम की अगुवाई करने में भी सक्षम हैं। ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम का कप्तान बनाए जाने पर मोलिनक्स ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बनना मेरे लिए सच में सम्मान की बात है।

# भारत खिताब का सबसे बड़ा दावेदार: शास्त्री



● **कहा: मौजूदा चैंपियन भारत इस बार लगातार दो बार खिताब जीतने वाली पहली टीम बन सकता है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** टी-20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि मौजूदा चैंपियन भारत इस बार इतिहास रच सकता है और लगातार दो बार खिताब जीतने वाली पहली टीम बन सकता है। भारतीय टीम का मौजूदा प्रदर्शन बेहद ज़बरदस्त रहा है। 2024 में टी 20 विश्व कप का खिताब जीतने के बाद से टीम इंडिया ने कोई भी द्विपक्षीय सीरीज या टूर्नामेंट नहीं गंवाया है। आंकड़ों पर नज़र डालें तो भारत का जीत-हार का रिकॉर्ड 32-5 का है, जो किसी भी विरोधी टीम के लिए खतरे की घंटी है। टी 20 रैंकिग में नंबर 1 पर काबिज़ भारतीय टीम के पास इस वक्त दुनिया का सबसे बेहतरीन दल है। टीम में नंबर 1 टी 20 बल्लेबाज़ अभिषेक शर्मा और नंबर 1 टी 20 गेंदबाज़ वरुण चक्रवर्ती शामिल हैं, जो विरोधियों पर भारी पड़ रहे हैं। शास्त्री ने टीम की मजबूती पर बात करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि डिफेंडिंग चैंपियंस स्पष्ट रूप से जीत के प्रबल दावेदार के तौर पर शुरुआत करेंगे। अगर आप एक-एक खिलाड़ी को देखें, उनकी मौजूदा फॉर्म, मैच फटिनेस और हाल के दिनों में उन्होंने जितना क्रिकेट खेला है, यह सब उन्हें साफ तौर पर फेवरेट बनाता है। खास तौर पर जब आप उनके टॉप ऑर्डर और उनकी मौजूदा फॉर्म को देखते हैं, तो स्थिति और भी मजबूत नजर आती है। टी 20 विश्व कप की तैयारी में 'मेन इन ब्लू' का सफर अब तक लगभग बेदाग रहा है। टीम ने अपनी बादशाहत साबित करते हुए दिसम्बर में 2024 विश्व कप की फाइनलिस्ट टीम साउथ अफ्रीका को 5 मैचों की टी 20 सीरीज़ में 3-1 से हराया था। नए साल में भी भारत का यह विजय रथ रुकने का नाम नहीं ले रहा है। न्यूज़ीलैंड के खिलाफ चल रही मौजूदा पांच मैचों की सीरीज़ में भारत ने 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। शास्त्री का यह भरोसा टीम के इसी अटूट प्रदर्शन पर आधारित है। शास्त्री का मानना है कि भारतीय चयनकर्ताओं ने टीम में युवा जोश और अनुभव का बिल्कुल सही मिश्रण तैयार किया है, जो टीम को एक और विश्व कप जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि कई खिलाड़ियों पर अतीत का कोई बोझ नहीं है। वे अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं और यह उनके लिए अपने स्वाभाविक खेल को खुलकर दिखाने का मौका है। वहीं, दूसरी तरफ आपके पास वेस्टइंडीज़ में पिछला विश्व कप जीतने वाली टीम के खिलाड़ी भी हैं, जो अपने साथ ढेर सारा तजुर्बा लेकर आए हैं। टीम में जसप्रीत बुमराह हैं और हार्दिक पंड्या हैं।

# मिथुन-अनमोल ने अगले दौर में बनाई जगह





● **मिथुन मंजूनाथ ने सुपर 300 टूर्नामेंट में मुलबर्न के मैग्नस हराया**
● **अनमोल खरब ने हांगकांग की लो सिन यान हैप्पी को दी मात**

**थाईलैंड, वार्ता।** भारत के मिथुन मंजूनाथ ने पुरुष एकल तथा अनमोल खरब ने महिला एकल में थाईलैंड मास्टर्स बैडमिटन टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली हैं। बुधवार को खेले गए मुकाबले में बैडमिटन रैंकिग में 60वें स्थान पर काबिज 27 वर्षीय मिथुन मंजूनाथ ने सुपर 300 टूर्नामेंट में विश्व नंबर 41 डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन को 21-12, 9-21, 21-17 से हराया जबकि अनमोल खरब ने हांगकांग की लो सिन यान हैप्पी को हराया। मिथुन ने पहले गेम में दबदबा बनाए रखा, लेकिन जोहानसन ने दूसरे गेम में जोरदार वापसी करते हुए मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। तीसरा गेम बेहद रोमांचक रहा, जिसमें मिथुन 16-17 से पीछे चल रहे थे, लेकिन फिर दोनों खिलाड़ी 17-17 से बराबरी पर आ गए। भारतीय बैडमिटन खिलाड़ी ने लगातार चार अंक जीतकर अपने से हाई रैंक वाले प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जीत दर्ज की। दूसरे दौर में भी मिथुन के सामने कड़ी चुनौती होगी, जहां उनका मुकाबला पेरिस 2024 के कांस्य पदक विजेता मलेशियाई ली जी जिया से होगा। महिला एकल में भी रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जहां रक्षिता रामराज ने थाईलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त सुपनिडा कटेथोंग को तीन गेम तक कड़ी टक्कर दी, लेकिन वह जीत हासिल करने में सफल नहीं हो सकी और 21-18, 13-21, 14-21 से हार गईं। 51वीं रैंकिग पर काबिज अनमोल खरब ने महिला एकल मुकाबले में विश्व नंबर 66 हांगकांग की लो सिन यान हैप्पी को सीधे गेमों में 21-12, 21-12 से हराया और प्री-क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। 33 मिनट तक चले मैच में अनमोल ने शुरू से ही मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखी और आसानी से जीत हासिल की। इसके अलावा किरण जॉर्ज ने भी मलेशिया के शोलेह ऐडिल को हराकर 21-15, 21-9 को हराकर राउंड ऑफ 16 में पहुंचे।

# मैं अपनी भूमिका को लेकर स्पष्ट हूं: शिवम

**आईसीसी के मुताबिक शिवम दुबे ने 15 गेंदों में फिफ्टी लगाई, जो पुरुष टी-20 में किसी भारतीय की तीसरी सबसे तेज फिफ्टी है जो उन्होंने नंबर-6 पर आने के बाद 65 रन बनाए**



**विजाग, वार्ता।** भारत के ऑलराउंडर शिवम दुबे ने बुधवार को चौथे टी-20 में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ भारत की हार में जबरदस्त हाफ सेंचुरी बनाने के बाद कहा कि वह आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में अपनी भूमिका को लेकर स्पष्ट हैं।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, दुबे ने 15 गेंदों में फिफ्टी लगाई, जो पुरुष टी-20 में किसी भारतीय की तीसरी सबसे तेज फिफ्टी है, उन्होंने नंबर 6 पर आने के बाद 65 रन बनाए, जो ब्लैक कैप्स से 50 रन से हारने के बावजूद मेजबान टीम के लिए सबसे शानदार परफॉर्मेंस थी। खेल के बाद दुबे ने कहा कि मैं अपनी सोच को बेहतर बना रहा हूं क्योंकि मैं अब ए सभी मैच खेल रहा हूं।मैं उन सिचुएशन में बैटिंग कर रहा हूं, इसलिए अब मुझे पता है कि क्या होने वाला है और कौन से बॉलर मुझ पर अटैक कर सकते हैं। यही मेरी बैटिंग और बॉलिग के लिए भी खास बात है। 32 साल के इस खिलाड़ी ने कहा कि मैच के हालात में मिले अनुभव ने उन्हें अपने काम को बेहतर बनाने में मदद की है। उन्होंने कहा कि जब आप नेट्स में सच में बहुत मेहनत करते हैं तो एक बात होती है, लेकिन आपको इसे मैच में भी इस्तेमाल करना होता है। अनुभव मेरे पास आया है, और यह सही दिशा में जा रहा है। इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि टीम कॉम्बिनेशन 7 फरवरी से शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखकर चुना गया था। सूर्यकुमार ने कहा कि हमने आज जानबूझकर छह बैटर खिलाए। हम पांच सही बॉलर चाहते थे और खुद को चैलेंज करना चाहते थे।अगर हम 180 या 200 रन का पीछा कर रहे हैं और हम दो या तीन विकेट खो चुके हैं, तो हम देखना चाहते थे कि यह कैसा दिखता है। हम वर्ल्ड कप टीम के सभी खिलाड़ियों को खेलने का समय भी देना चाहते थे। यह जीत न्यूजीलैंड की पांच मैचों की सीरीज में पहली जीत थी, और कप्तान मिशेल सेंटनर ने कहा कि यह दौरा ग्लोबल इवेंट के लिए आइडियल तैयारी साबित हो रहा है। सेंटनर ने कहा कि वर्ल्ड कप के लिए भारत में भारत के खिलाफ खेलने से बेहतर कोई तैयारी नहीं है। यह हमारे प्लान को सही करने और कप से पहले अपनी भूमिकाएं तय करने के बारे में है। भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच पांचवां और आखिरी टी-20 शनिवार को तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा।

# अनिरुद्ध गुलिया के दम पर हरियाणा थंडर्स अंक तालिका में शीर्ष पर



**नोएडा, वार्ता।** अनिरुद्ध गुलिया ने हेवीवेट वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा थंडर्स को रात की पांचवीं बाउट जीत दिलाई और यूपी डोमिनेटर्स पर 6-3 की जीत सुनिश्चित की। इसके साथ ही हरियाणा थंडर्स ने प्रो रेसलिंग लीग 2026 के लीग चरण में पहला स्थान पक्का कर लिया। इस जीत के साथ हरियाणा ने पांच मुकाबलों में आठ अंकों और कुल 29 बाउट जीत के साथ लीग चरण का समापन करते हुए तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। छह बाउट्स के बाद मुकाबला 3-3 की बराबरी पर था, जिसके बाद प्लेयर ऑफ द मैच इरीना कोलियादेंको ने सातवीं बाउट में फॉल से नाटकीय वापसी करते हुए मुकाबले की दिशा निर्णायक रूप से हरियाणा के पक्ष में मोड़ दी। यूपी डोमिनेटर्स, जो लीग चरण में दो जीत, चार अंक और 23 बाउट जीत के साथ चौथे स्थान पर रहे, अब सेमीफाइनल में अपनी किस्मत जानने के लिए पंजाब रॉयल्स और दिल्ली दंगल वॉरियर्स के मुकाबले के नतीजे का इंतजार करेंगे। यूपी डोमिनेटर्स के लिए शानदार प्रदर्शन के चलते तपस्या गहलावत को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया। हरियाणा ने शुरुआती दो बाउट्स में बेहद करीबी और दबाव भरी जीत के साथ मजबूत शुरुआत की। 76 किग्रा महिला वर्ग में काजल धोचक ने मानसी लाथर के खिलाफ कड़े मुकाबले में 3-3 की बराबरी के बाद आखिरी अंक के आधार पर जीत दर्ज की। शुरुआती टेकडाउन के जवाब में दूसरे पीरियड में अहम टेकडाउन और पैसिविटी प्वाइंट ने काजल को जीत दिलाई। इसके बाद 57 किग्रा पुरुष वर्ग में अंकुश चंद्रम और राहुल देसवाल के बीच मुकाबला 4-4 से बराबरी पर था, लेकिन आखिरी क्षणों में अंकुश के स्कोरिग सीक्वेंस ने आखिरी अंक के आधार पर हरियाणा की बढ़त को दोगुना कर दिया। 57 किग्रा महिला वर्ग में तपस्या गहलावत के जरिए यूपी डोमिनेटर्स ने जोरदार वापसी की। शुरुआती बराबरी के बाद तपस्या ने पावर मिनट में पूरा नियंत्रण हासिल करते हुए फेज़ 6 में दो निर्णायक

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 30 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## सुप्रीम रोक

गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के बनाए नए नियमों पर रोक लगा दी। 13 जनवरी 2026 को यूजीसी ने नए नियम नॉटिफाई किए थे। इन नियमों ने 2012 के रेगुलेशन की जगह ली थी। इन नए नियमों को लेकर देशभर में उबाल पैदा हो गया है। सामान्य वर्ग के छात्र व लोग इसको भेदभावपूर्ण मानते हैं। उनका मानना है कि इससे अगड़ी जाति के लोग बुरी तरह प्रभावित होंगे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ इन नियमों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली तीन रिट याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। ये याचिकाएं मृत्युंजय तिवारी, एडवोकेट विनीत जिंदल और रायल दीवान ने दायर की है। पीठ ने केंद्र सरकार और यूजीसी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। इसका जवाब 19 मार्च तक देना है। पीठ ने यह भी आदेश दिया कि 2012 के पहले के नियम रहेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्रों को बिना किसी शिकायत निवारण तंत्र के न छोड़ा जाए। सबसे बड़ी बात पीठ ने मौखिक रूप से ही कई नियमों पर चिंता जताई और कहा कि इसके प्रावधान अस्पष्ट हैं और उनके दुरुपयोग की संभावना है। पीठ ने यहां तक कहा कि ये नए नियम एकता को बढ़ावा देने के बजाए छात्रों को जाति के आधार पर विभाजित कर सकते हैं। पीठ ने अपनी तरफ से सुझाव भी दिया कि नियमों पर एक समिति द्वारा इस पर फिर से विचार करे जो सामाजिक वास्तविकताओं को समझते हों। हालांकि कोर्ट ने साफ किया कि वह तुरंत अंतरिम आदेश पारित करने के पक्ष में नहीं है। वह केवल विशेषज्ञ से इस पर पूरा विचार चाहते हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत का कहना था कि ऐसी समिति होनी चाहिए जिसमें प्रतिष्ठित न्यायविद हों, ऐसे लोग हों जिससे समाज जूझ रहा है उसे समझते हों। वहीं न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची ने भी इस बात पर जोर दिया कि विविधता में एकता शिक्षण संस्थानों में झलकनी चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि अगर 2012 के रेगुलेशन में व्यापक और समावेशी दृष्टिकोण था तो अब इसे प्रतिगामी क्यों होना चाहिए। असल में जनवरी 2026 के नियम रोहित वेमुला और पायल तड़वी की मां राधिका वेमुला और अबेदा सलीम तड़वी द्वारा 2019 में दायर एक जनहित याचिका के बाद बनाए गए थे। जिनकी अपने विश्वविद्यालयों में जाति आधारित भेदभाव का सामना करने के बाद आत्महत्या कर ली थी। तब उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार से कैंपस में भेदभाव से निपटने के लिए एक मजबूत और प्रभावी सिस्टम बनाने के लिए कहा था। सुप्रीम कोर्ट का रुख बताता है कि यूजीसी ने नियम बनाते समय व्यवहारिकता से काम नहीं लिया। विश्वविद्यालयों व अन्य संस्थानों में कोई भेदभाव न हो, यह हर कोई देखना चाहता है, लेकिन एक के साथ भेदभाव को दूर करने में अगर दूसरा वर्ग पीड़ित महसूस करता है, तो उसको भी देखना चाहिए।

## सनातन आस्था पर सीधा हमला




काशी बाबा विश्वनाथ की है, किसी सरकार की जागीर नहीं, निर्माण के नाम पर मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन शिव. लिंगों, पौराणिक धरोहरों और लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया गया, जो सनातन आस्था पर सीधा हमला है, उनके एक्स हैंडल से साझा किए गए वीडियो और तथ्य मौके पर मौजूद लोगों के बयान व प्रत्यक्ष साक्ष्यों पर आधारित हैं, मणिकर्णिका घाट, जिसे मोक्ष की भूमि माना जाता है, वहां विरासत स्वरूप संरक्षित संरचनाओं को तोड़ना किसी भी सूरत में विकास नहीं कहा जा सकता, तोड़फोड़ करने वालों पर कार्रवाई नहीं होती, सच्चाई सामने लाने वालों पर एफआईआर दर्ज कर दी जाती है, यदि सच दिखाना अपराध है, तो वे यह अपराध बार-बार करेंगे। **-संजय सिंह, आम आदमी पार्टी नेता**

# गांधी जी के किस्से, जो हमें बनाते हैं बेहतर इंसान

**बलिदान दिवस पर विशेष**





**श्वेता गोयल**

आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि है, जिनकी 30 जनवरी 1948 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनकी पुण्यतिथि को प्रतिवर्ष 'बलिदान दिवस' के रूप में मनाया जाता है। पूरी दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले गांधी जी पहले ऐसे इंसान थे, जिनके सम्पूर्ण जीवन ने विश्वभर में अनेक लोगों की जिंदगी पर गहरा प्रभाव डाला। महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के साथ साधनों की पवित्रता जैसी जीवनोपयोगी व्यावहारिक बातों की ओर समूची दुनिया का ध्यान आकर्षित किया। उनकी जिंदगी पर कई फिल्में और डॉक्यूमेंट्री बन चुकी हैं तथा कई किताबें भी लिखी गई हैं। सही मायनों में गांधी जी के आदर्शों और सिद्धांतों की वजह से वे आज भी करोड़ों लोगों के दिलों में बसते हैं। उनका कहना था कि स्वयं वो बदलाव बनिए, जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं। महात्मा गांधी के शब्दों में 'अधभूखे राष्ट्र के पास न कोई धर्म, न कोई कला और न ही कोई संगठन हो सकता है और काम की अधिकता नहीं बल्कि अनियमितता आदमी को मार डालती है।' अहिंसा को एक विज्ञान बताते हुए गांधी जी का कहना था कि विज्ञान के शब्दकोश में 'असफलता' का कोई स्थान नहीं और उस आस्था का कोई मूल्य नहीं, जिसे आचरण में न लाया जा सके। उनका कहना था कि रामायण का पाठ करते रहना व्यर्थ है, यदि आप राम जैसा आचरण नहीं करते।

महात्मा गांधी की ईमानदारी, स्पष्टवादिता, सत्यनिष्ठा और शिष्टता के अनेक किस्से प्रचलित हैं, जिनसे उनके महान् व्यक्तित्व की स्पष्ट झलक मिलती है। ऐसी ही एक घटना दक्षिण अफीका की है। एक प्रसिद्ध व्यापारी रूस्तम जी गांधी जी के मुवक्किल और निकटतम सहयोगी भी थे। वे अपने सभी कार्य अक्सर गांधी जी की सलाह के अनुसार ही किया करते थे। कलकत्ता और बम्बई से तब उनका काफी सामान आता था, जिस पर वे चुंगी चुराया करते थे। उन्होंने यह बात सदैव गांधी जी से छिपाए रखी। एक बार चुंगी अधिकारियों द्वारा उनकी यह चोरी पकड़ ली गई और उनके जेल जाने की नौबत आ गई। वे दौड़े-दौड़े गांधी जी के पास पहुंचे और पूरा वृतांत उन्हें सुना डाला। गांधी जी ने उनकी पूरी बात गौर से सुनने के बाद उन्हें उनके अपराध के लिए कड़ी फटकार लगाते हुए सलाह दी कि तुम सीधे चुंगी अधिकारियों के पास जाकर अपना अपराध स्वयं स्वीकार कर लो, फिर भले ही इससे तुम्हें जेल क्यों न हो जाए। गांधी जी की सलाह मानकर रूस्तम जी तुरंत चुंगी अधिकारियों के पास पहुंचे और अपना अपराध स्वीकार कर लिया। चुंगी अधिकारी उनकी स्पष्टवादिता से प्रसन्न हुए और उन्होंने उन पर मुकद्दमा चलाने का विचार त्यागकर उनसे चुंगी की बकाया राशि से दोगुनी राशि वसूलकर उन्हें छोड़ दिया। गांधी जी एक बार चम्पारण से बतिया रेलगाड़ी में सफर कर रहे थे। गाड़ी में अधिक भीड़ न होने के कारण वे तीसरे दर्जे के डिब्बे में जाकर एक बर्थ पर लेट गए। अगले स्टेशन पर जब रेलगाड़ी रूकी तो एक किसान उस डिब्बे में चढ़ा। उसने बर्थ पर लेटे हुए गांधी जी को अपशब्द बोलते हुए कहा, 'यहां से खड़े हो जाओ। बर्थ पर ऐसे पसरे पड़े हो, जैसे यह रेलगाड़ी तुम्हारे बाप की है।' गांधी जी किसान को बिना कुछ कहे चुपचाप उठकर एक ओर बैठ गए। तभी किसान बर्थ पर आराम से बैठते हुए मस्ती में गाने लगा, 'धन-धन गांधी जी महाराज! दु:खियों का दु:ख मिटाने वाले गांधी जी।' रोचक बात यह थी कि वह किसान कहीं और नहीं बल्कि बतिया में गांधी जी के दर्शनों के लिए ही जा रहा था लेकिन इससे पहले उसने गांधी जी को कभी देखा नहीं था, इसलिए रेलगाड़ी में उन्हें पहचान नहीं सका। बतिया पहुंचने पर स्टेशन पर जब हजारों लोगों की भीड़ ने गांधी जी का स्वागत किया, तब उस किसान को वास्तविकता का अहसास हुआ और शर्म के मारे उसकी नजरें झुक गई। वह गांधी जी के चरणों में गिरकर उनसे क्षमायाचना करने लगा। गांधी जी ने उसे उठाकर प्रेमपूर्वक अपने गले से लगा लिया। एक घटना उस समय की है, जब गांधी जी सश्रम कारावास की सजा भुगत रहे थे। एक दिन जब उनके हिस्से का सारा काम समाप्त हो गया तो वे खाली समय में एक ओर बैठकर एक पुस्तक पढ़ने लगे। तभी जेल का एक संतरी दौड़ा-दौड़ा उनके पास आया और उनसे कहने लगा कि जेलर साहब जेल का मुआयना करने इसी ओर आ रहे हैं, इसलिए वो उनको दिखाने के लिए कुछ न कुछ काम करते रहें लेकिन गांधी जी ने ऐसा करने से साफ इन्कार कर दिया और कहा कि इससे तो बेहतर होगा कि मुझे ऐसे स्थान पर काम करने के लिए भेजा जाए, जहां काम इतना अधिक काम हो कि उसे समय से पहले पूरा किया ही न जा सके। अहिंसा के पुजारी गांधी जी सदैव कहा करते थे कि अपनी बुराई हमेशा सुनें, अपनी तारीफ कभी न सुनें। दरअसल उनका मानना था कि इंसान को अपनी तारीफ से ज्यादा बुराई सुननी चाहिए। गांधी जी का मानना था कि मनुष्य जब एक नियम तोड़ता है तो बाकी अपने आप टूट जाते हैं। वह अक्सर कहा करते थे कि जिस दिन प्रेम की शक्ति, शक्ति के प्रति प्रेम पर हावी हो जाएगी, दुनिया में अमन आ जाएगा। गांधी जी के तीन बंद. रों का संदेश 'बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो, बुरा मत कहो' आज भी प्रेरणा का स्रोत है। यह उनकी विचारधारा का प्रतीक है कि जीवन में हमें केवल सकारात्मकता को आत्मसात करना चाहिए।

**रोचक बात यह थी कि वह किसान कहीं और नहीं बल्कि बतिया में गांधी जी के दर्शनों के लिए ही जा रहा था लेकिन इससे पहले उसने गांधी जी को कभी देखा नहीं था, इसलिए रेलगाड़ी में उन्हें पहचान नहीं सका। बतिया पहुंचने पर स्टेशन पर जब हजारों लोगों की भीड़ ने गांधी जी का स्वागत किया, तब उस किसान को वास्तविकता का अहसास हुआ और शर्म के मारे उसकी नजरें झुक गई। वह गांधी जी के चरणों में गिरकर उनसे क्षमायाचना करने लगा। गांधी जी ने उसे उठाकर प्रेमपूर्वक अपने गले से लगा लिया। एक घटना उस समय की है, जब गांधी जी सश्रम कारावास की सजा भुगत रहे थे। एक दिन जब उनके हिस्से का सारा काम समाप्त हो गया तो वे खाली समय में एक ओर बैठकर एक पुस्तक पढ़ने लगे। तभी जेल का एक संतरी दौड़ा-दौड़ा उनके पास आया और उनसे कहने लगा कि जेलर साहब जेल का मुआयना करने इसी ओर आ रहे हैं।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नोएडा में युवा टेकी की मौत: किसकी जिम्मेदारी



**रजनीश कपूर**

नोएडा, जो उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख औद्योगिक और आईटी हब है, हाल ही में एक दुखद घटना से सुर्खियों में आया। 17 जनवरी 2026 को, 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत हो गई।मौत का कारण उनकी कार का एक निर्माण स्थल पर पानी से भरे गड्ढे में गिर जाना। यह घटना युवराज के परिवार के लिए न केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी है, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और आपदा प्रबंधन की विफलता का जीता-जागता उदाहरण भी है। नोएडा के जिला प्रशासन और विभिन्न आपदा लड़ने वाली एजेंसियां इस मौत के लिए उतनी ही जिम्मेदार हैं, जितना कि बिल्डर। मामला अब एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) के बीच जूझ रहा है। सवाल है कि ऐसे मामलों में अदालतों को क्या करना चाहिए जिससे कि एक मिसाल कायम हो।

युवराज मेहता गुड़गांव से लौट रहे थे, जब बारिश और कोहरे के कारण सेक्टर 150, में एक निर्माण स्थल पर उनकी कार 20 फीट गहरे पानी भरे गड्ढे में गिर गई। यह गड्ढा एक व्यावसायिक परियोजना के बेसमेंट के लिए खोदा गया था, लेकिन बारिश के पानी से भर गया था। कोई बैरिकेडिंग नहीं थी, रोशनी अपर्याप्त थी जिस कारण उनकी कार सीधा पानी में जा गिरी। युवराज के पिता के अनुसार उनका बेटा दो घंटे तक संघर्ष करता रहा, लेकिन बचाव टीम की लापरवाही के कारण उसे बचाया नहीं जा सका। यह घटना कोई दुर्घटना नहीं, बल्कि सिस्टेमेटिक फेलियर का नतीजा है। अब सवाल यह है कि जिला प्रशासन की भूमिका क्या है? नोएडा अथॉरिटी, जो शहर की योजना और विकास के लिए जिम्मेदार है, ने निर्माण स्थल की निगरानी में घोर लापरवाही बरती। खाली जमीनों पर निर्माण कार्य की अनुमति देते समय, अथॉरिटी को सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना चाहिए। लेकिन यहां, गड्ढा खोदने के बाद कोई सुरक्षा उपाय नहीं किए गए। बारिश के मौसम में पानी भरने की संभावना स्पष्ट थी, फिर भी कोई निरीक्षण नहीं हुआ। क्या अथॉरिटी के अधिकारियों को पहले से शिकायतें नहीं मिली थीं? स्थानीय निवासियों ने कई बार जलभराव और असुरक्षित साइटों की शिकायत की, लेकिन उन्हें नजरअंदाज किया गया। क्या यही लापरवाही सीधे तौर पर मौत का कारण बनी? इसके अलावा, आपदा लड़ने वाली एजेंसियां जैसे फायर ब्रिगेड, पुलिस और एनडीआरएफ की प्रतिक्रिया अप्रभावी थी। घटना के बाद दो घंटे तक युवराज संघर्ष करते रहे, लेकिन बचाव अभियान में देरी हुई। कोई उचित उपकरण नहीं थे और समन्वय की कमी थी। क्या ए एजेंसियां आपदा प्रबंधन के लिए तैयार नहीं थीं? नोएडा जैसे शहर में, जहां भारी बारिश आम है, ड्रेनेज सिस्टम और आपातकालीन प्रतिक्रिया को मजबूत होना चाहिए। लेकिन यहां, रोड सेफ्टी, ड्रेनेज और डिजास्टर रिस्पॉन्स सभी विफल हो गए। एसआईटी की प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि यह कोई फीक एक्सीडेंट नहीं, बल्कि मल्टीपल सिस्टम फेलियर था। जिला प्रशासन ने इन एजेंसियों की निगरानी नहीं की, जिससे वे लापरवाह बनी रहीं। गौरतलब है कि केवल बिल्डर को ही दंडित क्यों किया जा रहा है? पुलिस ने लोटस ग्रीन्स और एमजेड विजटाउन प्लानर्स के डायरेक्टर्स अभय कुमार, रवि बंसल और सचिन कर्णवाल को गिरफ्तार किया है। उन पर आईपीसी की धारा 105 (गैर-इरादतन हत्या), 106 (लापरवाही से मौत) और 125 (जीवन खतरे में डालना) के तहत आरोप लगे हैं। एक अलग एफआईआर में पर्यावरण उल्लंघन के लिए भी मामला दर्ज हुआ है। निश्चित रूप से, बिल्डर ने साइट को फेंस नहीं किया, जो उनकी जिम्मेदारी थी। लेकिन क्या प्रशासन निर्दोष है? नोएडा अथॉरिटी के अधिकारियों ने निर्माण अनुम. ति दी, लेकिन नियमित निरीक्षण नहीं किया। खाली जमीन की स्थिति को जानते हुए भी, उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। क्या ए अधिकारी भी लाप. रवाही के दोषी नहीं? केवल बिल्डर को निशाना बनाना एक आसान तरीका है, लेकिन असली समस्या प्रशासनिक विफलता है। अगर अधिकारी जिम्मेदार नहीं ठहराए गए, तो ऐसी घटनाएं दोहराई जाएंगी। जानकारों की मानें तो, खाली जमीन की स्थिति को नजरअंदाज करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी स्पष्ट है। नोएडा में कई निर्माण साइटें हैं, जहां गड्ढे खुले छोड़ दिए जाते हैं। अथॉरिटी को इनकी मॉनिटरिंग करनी चाहिए, लेकिन भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण ऐसा नहीं होता। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने भी पर्यावरणीय उल्लंघनों पर ध्यान दिया है। क्या अथॉरिटी के सीईओ को हटाना पर्याप्त है? नहीं, व्यक्तिगत जवाबदेही तय होनी चाहिए। अधिका. रियों पर भी एफआईआर दर्ज होनी चाहिए, क्योंकि उन्होंने सुरक्षा मानकों को लागू नहीं किया। यह मौत केवल बिल्डर की गलती नहीं, बल्कि प्रशासन की मिलीभगत का नतीजा है। कोर्ट चाहें तो इस मामले में कोर्ट के पास एक मिसाल कायम करने का अवसर है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाचन करना है दुरुस्त, तो आटे से चोकर न करें अलग

चोकर पाचन के लिए औषधीय गुणों का खजाना है। इसमें कई विटमिन और पौष्टिक तत्व पाए जाते हैं, जो घातक बीमारी कैंसर, आंतों की समस्या, आमाश्य के घाव, क्षय रोग, हृदय-रोग आदि अने. कों बीमारियों से सुरक्षा करने में सहायक है। पोषण विशेषज्ञों के अनुसार गेहूं के चोकर में औषधीय गुण भरपूर होते हैं। चोकर निकाले हुए आटे की रोटियां स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। बाजार से पिसा हुआ बारीक मैदे की तरह आटे की रोटी खाना जितना सुस्वादिष्ट है, उतना ही आसान शरीर में रोगों का प्रवेश का मार्ग प्रशस्त करना। गेहूं में मौजूद फाइबर आंतों की सफाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इलाहाबाद के नैनी स्थित आरोग्य आश्रम एवं आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के आयुर्वेदाचार्य डा. नरेन्द्रनाथ केसरवानी ने बताया कि चोकर में अनेक विटमिन और पौष्टिक तत्व होते हैं, जो शरीर के लिए लाभदायक होते हैं। इसके सेवन से आंतों में मरोड़ पैदा नहीं होती।

उन्होंने बताया कि यह कैंसर, मधुमेह, आंत, आमाश्य, क्षय, हृदय-रोग, बैड कोलेस्टेरॉल, किडनी, लीवर, गठिया, आदि रोगों से रक्षा करता है। गेहूं का चोकर खाने वालों को एपेंडिसाइटिस, आंतो की बीमारी, अर्श (पाइल्स) भगंदर, बृहदान्त्र, एवं मलाश्य का कैंसर का खतरा न के बराबर रहता है। डा. केसरवानी ने बताया कि चोकर मधुमेह निवारण में भी सहायक होता है। इसके सेवन से दिल-दिमाग स्वस्थ रहता है, क्योंकि चोकर से पेट साफ़ हो जाता है। चोकर क्षारधर्मी होने के कारण रक्त में रोगों से लड़ने की ताकत बढ़ाता है और मोटापा घटाने के लिए निरापद औषधि है। पाचनतंत्र चोकर से स्वस्थ रहता है। कब्ज दूर करने और सहज लाभदायक है। इसके सेवन से पाचन संबंधी सभी गड़बड़ियों से निजात मिलती है। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद को यदि पैथोलाजी से जोड़कर उपचार किया जाए तो इसका शत प्रतिशत सकारात्मक परिणाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के अनुसंधान संस्थान को विकसित करने की आवश्यकता है। अनुसंधान के लिए नए केन्द्र खोले जाए। देशी और पाश्चात्य चिकित्सा पर मिलकर काम किया जाना चाहिए। आयुर्वेदाचार्य ने बताया कि हरिद्वार के गुरुगुल कांगड़ी के प्रोफेसर डा. परासर ने कि आयुर्वेद एवं आधुनिक चिकित्सा के परस्पर सहयोग और बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में एनसियन्ट पैथोलॉजी के विभाग के विभागाध्यक्ष डा. नगेन्द्र राय ने आंत और बात पुस्तक में चोकर के गुणों का वृहद वर्णन किया है।

आयुर्वेदाचार्य ने बताया कि गेहूं के आटे का चोकर अन्त:स्रावी ग्रंथियों के नैसर्गिक क्रियाकलाप में मदद करता है। इसके सेवन से जठराग्नि प्रदीप्त होती है, कब्ज, अपच आदि विकारों से छुटकारा मिलता है। चोकर युक्त रोटियां खाने से पेप्टिक अल्सर नहीं होता। चोकर में मौजूद प्रोटीन पेप्टिक अल्सर से लोगों की सुरक्षा करता है तथा दातों और मसूढ़ों को लाभ पहुंचाता है। आज लोगों की पहली पसंद साफ-सुथरा और मैदे की तरह बारीक आटा है, जो अनेक रोगों का कारक है। चोकर युक्त आटा खाने से बार-बार होने वाला जुकाम, सिरदर्द, भूख की कमी, तथा दांतों से एनामेल हटना आदि का उपचार चोकर से हो सकता है। डा. केसरवानी ने बताया कि साबुत गेहूं में पाया जाने वाला चोकर मानव स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न गुणों के कारण महत्वपूर्ण है। मधुमेह रोगियों के इसका उपयोग लाभदायक है।

मैदे से बनी चीजों को खाने से डायबिटीज और हृदय रोगों से ग्रसित होने की संभावना होती है, जबकि चोकरयुक्त रोटयां कुछ दिन खाने से इन रोगों का नाश होता है। चोकर में अल्सर पैदा करने वाले तत्वों को कमजोर करने की क्षमता होती है। इस तथ्य की पष्टि वैज्ञानिकों ने भी की है। उन्होंने बताया कि गेहूं का चोकर फाइबर, प्रोटीन, विटामिन और खनिजों का खजाना है। इसमें बादाम, अखरोट, चावल जैसे अन्य से अधिक फाइबर होता है। गेहूं के चोकर में प्रोटीन, वसा, कार्बोहाइड्रेट, केलोरीज, रेशा, कैल्शियम, सोडियम, आक्जेलिक एसिड, पोटासियम, तांबा, सल्फर, कैलोरिन, थियामिन, रिवोफ्लोविन, निकोटिन एसिड, पायरिडोक्सिन, फोलिक एसिड एवं प्रेटाथेनिक एसिड समेत सिलीनियम, मैग्नीशियम, पौटेशियम, फॉस्फोरस के साथ विटामिन ए, ई, पाए जाते हैं। इसके अलावा इसमें बी काम्पलेक्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होते हैं। डा. केसरवानी ने बताया कि प्रति 100 ग्राम चोकर में दस फीसदी जल, 14 फीसदी प्रोटीन, 4.4 फीसदी वसा, 0.8 फीसदी खनिज लवण 29.5 फीसदी कार्बोज पाया जाता है। चोकर का आभाव नेत्र रोग, चर्म रोग, हृदय रोग और दुर्बलता को जन्म दे सकता है। एक वयस्क भारतीय को नाश्ते में दो ग्राम या इससे कम का फाइबर लेता है, जबकि एक वयस्क स्त्री और पुरुष के लिए क्रमश: 25 ग्राम और 31 ग्राम करने पर भी नाश्ते के पोषक तत्वों की कमी पूरी नहीं होती। देश में लोगों के लिए आहार संबंधी निर्देशों के मुताबिक 2000 कैलोरीयुक्त आहार में प्रतिदिन 40 ग्राम फाइबर होना चाहिए। उन्होंने बताया कि मैदा रिफाइंड आटा देखने में सुंदर लगता है और कुछ पकवानों को चिकना बनाता है, वहीं छिलका समेत गेहूं का आटा सेहत के लिए फायदेमंद होता है वहीं आवश्यक फाइबर, विटामिन और खनिजों से भरपूर छिलका समेत गेहूं और इसका चोकर पाचन के लिए कुदरत का पौष्टिक उपहार है।

पाचनशक्ति में फाइबर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आयुर्वेदाचार्य ने बताया कि वैज्ञानिक प्रमाण हैं कि कब्ज दूर करने और सहज शौच के लिए गेहूं का चोकर सर्वश्रेष्ठ फाइबर है। यह पाचनतंत्र में पदार्थों की गति बनाए रखता है। इससे लोगों को गैस, अजीर्ण और सुस्ती जैसी पाचन संबंधी गड़बड़ी की शिकायत नहीं रहती है। अनियमित आहार अपनाते रहने से पाचन क्रिया की गति धीमी हो जाती है, लेकिन फाइबर और खासकर गेहूं के चोकर का पर्याप्त सेवन करने से पाचन संबंधी परेशानी और कब्जियत से मुक्ति में मदद मिलती है।

डा. केसरवानी ने बताया कि प्रति 100 ग्राम चोकर में दस फीसदी जल, 14 फीसदी प्रोटीन, 4.4 फीसदी वसा, 0.8 फीसदी खनिज लवण 29.5 फीसदी कार्बोज पाया जाता है। चोकर का आभाव नेत्र रोग, चर्म रोग, हृदय रोग और दुर्बलता को जन्म दे सकता है। एक वयस्क भारतीय को नाश्ते में दो ग्राम या इससे कम का फाइबर लेता है, जबकि एक वयस्क स्त्री और पुरुष के लिए क्रमश: 25 ग्राम और 31 ग्राम करने पर भी नाश्ते के पोषक तत्वों की कमी पूरी नहीं होती। देश में लोगों के लिए आहार संबंधी निर्देशों के मुताबिक 2000 कैलोरीयुक्त आहार में प्रतिदिन 40 ग्राम फाइबर होना चाहिए। उन्होंने बताया कि मैदा रिफाइंड आटा देखने में सुंदर लगता है और कुछ पकवानों को चिकना बनाता है।



# मेलानिया ट्रम्प की डॉक्यूमेंट्री ब्रिटेन में हुई फ्लॉप

## लंदन प्रीमियर का सिर्फ 1 टिकट बिका, डॉक्यूमेंट्री में ट्रम्प के दोबारा जीतने के बाद की कहानी

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पत्नी मेलानिया पर बनी डाक्यूमेंट्री फिल्म ब्रिटेन में फ्लाप हो गई है। देश के सबसे बड़े सिनेमा संचालकों में से एक व्यू सिनेमा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टिम रिचर्ड्स ने बताया कि फिल्म 'मेलानिया' को लेकर दर्शकों में कोई दिलचस्पी नहीं दिख रही है। टिम के मुताबिक, लंदन के इस्लिंगटन इलाके में स्थित एक प्रमुख सिनेमाघर में शुक्रवार को दोपहर 3:10 बजे होने वाले पहले शो के लिए सिर्फ एक टिकट बिका। वहीं शाम 6 बजे के शो के लिए भी महज दो टिकट बुक हुए।

ब्रिटेन के ब्लैकबर्न, कैसलफोर्ड और हैमिल्टन में जिन सिनेमाघरों में फिल्म मेलानिया दिखाई जानी थी, वहां हालात और भी खराब रहे। इन तीनों जगहों पर फिल्म की कुल 28 स्क्रीनिंग रखी गई थीं, लेकिन एक भी शो के लिए टिकट नहीं बिका। इस डाक्यूमेंट्री में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प और मेलानिया ट्रम्प के दोबारा जीतने के बाद व्हाइट हाउस में वापसी की कहानी है। फिल्म में शपथ ग्रहण से पहले के 20 दिनों की झलक दिखाई गई है। अमेजन ने डाक्यूमेंट्री को ब्रिटेन के 100 से अधिक सिनेमाघरों में रिलीज कर रही है। 24 जनवरी को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति, प्रथम महिला और उनके करीबी दोस्तों के लिए एक निजी स्क्रीनिंग हुई थी। अमेजन स्टूडियोज ने इस फिल्म के राइट्स 40 मिलियन डॉलर यानी लगभग 340 करोड़ रुपये में खरीदे हैं। इसके अलावा कंपनी ने वैश्विक मार्केटिंग पर 35 मिलियन डॉलर (321 करोड़ रुपये) खर्च किए हैं। निर्माताओं को इसके हिट होने की उम्मीद थी, फिल्म 30 जनवरी को थिएटर्स में आएगी। यह अमेरिका में करीब 1400-2000 थिएटर्स और दुनियाभर में 27 देशों में 5000 से ज्यादा स्क्रीन्स पर रिलीज होगी। मेलानिया ने न्यूयार्क स्टाक एक्सचेंज में कहा कि यह फिल्म अमेरिका के लिए एक अहम दौर को दिखाती है। पहली बार लोग शपथ ग्रहण से पहले के 20 दिन एक आने वाली प्रथम महिला की नजर से देख पाएंगे। उन्होंने बताया कि उन्हें इस डाक्यूमेंट्री का विचार 2024 का चुनाव जीतने के बाद आया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म उनके जीवन को करीब से समझने का मौका देगी। मेलानिया ने न्यूयॉर्क स्टाक एक्सचेंज डाक्यूमेंट्री के ग्लोबल रिलीज को लॉन्च किया। डाक्यूमेंट्री में मेलानिया ट्रम्प के निजी और सार्वजनिक जीवन को दिखाया गया है। इसमें बिजनेसवुमन, पत्नी और मां की भूमिका निभाने के साथ-साथ परिवार को दोबारा व्हाइट हाउस शिफ्ट कराने की जिम्मेदारी भी दिखाई गई है। करीब दो घंटे की इस फिल्म के ट्रेलर में मेलानिया कहती हैं, हहर कोई जानना चाहता है, तो ये रहा। एक सीन में शपथ ग्रहण के दिन मेलानिया कैपिटल बिल्डिंग में खड़ी नजर आती हैं और कैमरे की ओर देखते हुए कहती हैं कि हम फिर से यहां हैं। जनवरी 2025 के एक सर्वे के मुताबिक, करीब 40 प्रतिशत अमेरिकी लोगों की उनके बारे में कोई राय नहीं थी। हालांकि रिपब्लिकन समर्थकों में उनकी लोकप्रियता ज्यादा है। मेलानिया ट्रम्प आमतौर पर अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी सतर्क रहती हैं और सार्वजनिक कार्यक्रमों में कम दिखाई देती हैं।




■ 24 जनवरी को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति, प्रथम महिला और उनके करीबी दोस्तों के लिए एक निजी स्क्रीनिंग हुई थी



पैटर्सन। न्यू जर्सी में आंशिक रूप से जमे हुए ग्रेट फॉल्स को देखते लोग।

## कश्मीर में दिखा 'यूरेशियन ऊदबिलाव', माना जा रहा था विलुप्त

**श्रीनगर।** मध्य कश्मीर के सिंध नाला में दुर्लभ 'यूरेशियन ऊदबिलाव' की ताज़ा तस्वीरों ने घाटी में इसकी उपस्थिति को लेकर फिर से चर्चाओं को शुरू कर दिया है। लंबे समय से माना जा रहा था कि यह जीव विलुप्त हो चुका है। यह तस्वीर जम्मू-कश्मीर वन विभाग के एक रेंज अधिकारी मीर फैजान अनवर ने अपने कर्मचारियों के साथ नियमित गश्त के दौरान खींची थी। वरिष्ठ वन अधिकारियों ने इस तस्वीर को एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक रिकॉर्ड बताया है, जो इस प्रमाण को पुख्ता करता है कि यह प्रजाति कश्मीर की नदियों में अब भी मौजूद है। कश्मीर के मुख्य वन संरक्षक इरफान रसूल ने इसे सिंध नाले से यूरेशियन ऊदबिलाव का पहला प्रत्यक्ष दृश्य दस्तावेज बताया।

## अल्बानियाः भ्रष्टाचार रोकने के लिए बनीं एआई मंत्री पर शक

**तिराना।** अल्बानिया ने साल 2025 में दुनिया की पहली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मंत्री 'डिएला' बनाया था, जिसका मकसद देश में फैली भ्रष्टाचार को कम करना था। हालांकि अब एक बड़ा विवाद सामने आया है डिएला को बनाने वाली नेशनल इंफार्मेशन एजेंसी (एकेएसएचआई) के दो प्रमुख अधिकारी खुद भ्रष्टाचार के आरोप में फंस गए हैं। नेशनल इंफार्मेशन एजेंसी की डायरेक्टर और डिप्टी डायरेक्टर को हाउस अरेस्ट किया गया है। उन्हें ठेकों में धमकी देकर हेरफेर करने, रिश्वत लेने और क्रिमिनल संगठन से जुड़े होने का आरोप है। यह वही एजेंसी है जो सरकार की डिजिटल व्यवस्था संभालती है। इस पूरे घटनाक्रम ने सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अभी तक इन अधिकारियों पर औपचारिक रूप से कोई आरोप तय नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री रामा ने कहा कि वे जांच पूरी होने तक कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। अल्बानिया यूरोपीय यूनियन में शामिल होने की कोशिश कर रहा है और इसके लिए भ्रष्टाचार पर नियंत्रण जरूरी शर्त है। भ्रष्टाचार के आरोप के बाद सवाल उठने लगे है कि क्या एआई को कुछ सबूत छिपाने या हेरफेर करने के लिए डिएला को प्रोग्राम किया जा सकता है।

# अमेरिका-टेक्सास में नए H-1B वीजा जारी नहीं होंगे

## टेक्सास के गवर्नर ने अगले साल मई तक रोक लगाई, करीब 15 हजार भारतीयों पर पड़ेगा असर




■ नए आदेशों के अनुसार H-1B वीजा पर रोक इसके कथित दुरुपयोग के कारण लगाई गई, टेक्सास H-1B वीजा जारी करने वाला अमेरिका का दूसरा बड़ा राज्य है

**टेक्सास।** अमेरिका के अहम राज्य टेक्सास में नए एच-1बी वीजा जारी करने पर रोक लगा दी गई है। गवर्नर ग्रेग एबट ने अगले साल मई तक एच-1बी कैटेगरी के वीजा जारी नहीं करने के आदेश दिए हैं। पहले फेज में टेक्सस के सभी सरकारी दफ्तरों और यूनिवर्सिटी में यह रोक लगेगी।

इस आदेश से करीब 15 हजार भारतीयों पर असर पड़ सकता है। टेक्सास वर्कफोर्स कमीशन से सभी एच-1बी वीजा होल्डर्स की संख्या, जाब रोल, मूल देश और वीसा एक्सपायरी के बारे में 27 मार्च तक डेटा रिपोर्ट मांगी गई है। नए आदेशों के अनुसार एच-1बी वीजा पर रोक इसके कथित दुरुपयोग के कारण लगाई गई है। टेक्सास एच-1बी वीजा जारी करने वाला अमेरिका का दूसरा बड़ा राज्य है। पहले नंबर पर कैलिफोर्निया आता है। अमेरिका में हर साल भारतीयों को मिलने वाले लगभग दो लाख एच-1बी वीजा में से लगभग 40 हजार टेक्सास में जारी होते हैं। इनमें से लगभग 25 हजार आईटी कंपनियों और बाकी 15 हजार सरकारी दफ्तरों और यूनिवर्सिटीज के लिए जारी किए जाते हैं। आस्टिन यूनिवर्सिटी में बड़ी संख्या में भारतीय कार्यरत हैं। 2.77 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी वाला टेक्सास दुनिया की 8वीं सबसे बड़ी इकोनामी है। ये कनाडा, इटली, द. कोरिया, रूस और आस्ट्रेलिया से भी बड़ी इकोनामी है। टेक्सास का आस्टिन शहर बड़ा टेक हब है। भारत में एच-1बी वीजा इंटरव्यू के लिए अमेरिकी दूतावासों से इंटरव्यू डेट अब अगले साल अप्रैल-मई की मिल रही है। जनवरी में स्टैम्पिंग के लिए अप्लाई करने वालों के लिए स्लाट उपलब्ध नहीं है। दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई और हैदराबाद के अमेरिकी दूतावासों में एच-1बी के लिए सोशल मीडिया जांच हो रही है। एच-1बी वीजा होल्डर्स को हर दूसरे साल स्टैम्पिंग के लिए अपने मूल देश आना पड़ता है। स्टैम्पिंग में देरी से बड़ी संख्या में लोग अटक गए हैं। टेक्सास ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी का राज्य है। ये अमेरिका फर्स्ट की नीति को फालो करता है। जानकारों का कहना है कि भारत-ईयू डील के तुरंत बाद टेक्सास के फैसले की टाइमिंग सवाल पैदा करती है। वहीं, वैध वीजा जारी रहेगा, लेकिन रिन्यू कराने में दिक्कतें आ सकती हैं। अभी प्राइवेट कंपनियों को वीजा जारी होंगे, लेकिन जिस प्रकार से सभी के डेटा जमा हो रहे, आशंका उठ रही है। टेक्सास नए वीजा अगले साल मई तक यानी राज्य संसद की अवधि तक नहीं देगा। ऐसे में, इसे फेडरल कोर्ट में ही चुनौती दी जा सकती है। 20 राज्य पहले ही चुनौती दे चुके।

## भारत-अरब विदेश मंत्रियों की बैठक शनिवार को

**नई दिल्ली।** भारत शनिवार को यहां भारत-अरब विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक की मेज़बानी करेगा जिसमें सभी 22 अरब देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि इस बैठक की सह-अध्यक्षता भारत और संयुक्त अरब अमीरात करेंगे। इसमें अरब लीग के सदस्य देशों के विदेश मंत्री तथा अरब लीग के महासचिव भाग लेंगे। दोनों पक्षों की दूसरी बैठक दस वर्षों के अंतराल के बाद हो रही है।

पहली बैठक 2016 में बहरीन में हुई थी। पहली बैठक के दौरान मंत्रियों ने सहयोग के पांच प्राथमिक क्षेत्रों-अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, शिक्षा, मीडिया और संस्कृति-की पहचान की थी तथा इन क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों का प्रस्ताव रखा था। आगामी बैठक से मौजूदा सहयोग को आगे बढ़ाने और भारत-अरब साझेदारी को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यापक बनाने की अपेक्षा है। भारत-अरब विदेश मंत्रियों की बैठक भारत और अरब देशों के बीच साझेदारी को आगे बढ़ाने वाली सर्वोच्च संस्थागत व्यवस्था है। इस साझेदारी को मार्च 2002 में औपचारिक रूप दिया गया, जब भारत और अरब लीग के बीच संवाद प्रक्रिया को संस्थागत स्वरूप देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके बाद दिसम्बर 2008 में तत्कालीन अरब लीग महासचिव अमर मूसा की भारत यात्रा के दौरान अरब-भारत सहयोग मंच की स्थापना के लिए एक सहयोग ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसे 2013 में इसकी संरचनात्मक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संशोधित किया गया। भारत, 22 सदस्य देशों वाले पैन-अरब संगठन अरब लीग में पर्यवेक्षक है। यह पहली बार होगा जब भारत भारत-अरब विदेश मंत्रियों की बैठक की मेज़बानी करेगा।

## चीन की पोल खोलने वाले को अमेरिका में शरण

■ उइगर मुसलमानों के हिरासत कैंप की वीडियो बनाई थी, जज बोले: वापस भेजने पर जान का खतरा

**वाशिंगटन।** चीन में उइगर मुसलमानों पर हो रहे अत्याचार की पोल खोलने चीनी वाले नागरिक को अमेरिका में शरण मिल गई है। जज ने कहा कि अगर गुआन को चीन वापस भेजा गया तो उन्हें जान का खतरा हो सकता है। गुआन हेंग ने शिनजियांग इलाके में हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन को उजागर किया था। उसने 2020 में हिरासत केंद्रों की छुपकर फिल्म बनाई थी। गुआन 2021 में गैरकानूनी तरीके से अमेरिका पहुंचा था। अगस्त 2025 में उसे हिरासत में ले लिया गया।

मानवाधिकार समूहों का कहना है कि शिनजियांग में दस लाख से ज्यादा उइगर मुसलमानों और अल्पसंख्यकों को बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के जबरदस्ती बंदी बनाकर रखा गया है। चीन में उइगर मुसलमान अपने अस्तित्व के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। चीनी सरकार ने 2014 से सरकारी नौकरी करने वाले उइगर मुसलमानों के सार्वजनिक जगहों पर नमाज पढ़ने और दाढ़ी रखने पर पाबंदी लगाई हुई है। गुआन ने शिनजियांग इलाके के हिरासत केंद्रों की वीडियो फुटेज ली और पब्लिश करने के लिए चीन छोड़ दिया। गुआन ने अमेरिका पहुंचने से कुछ दिन पहले वीडियो जारी किया था। उन्होंने ज्यादातर वीडियो यूटयूब पर जारी किए, जिसके बाद चीन में पुलिस ने उनके पिता से तीन बार पूछताछ की और उनके बारे में जानकारी मांगी। गुआन 2021 में हांगकांग, इक्वाडोर, बहामास होते हुए अवैध तरीके ले नाव से फ्लोरिडा पहुंचे थे। उन्होंने कोर्ट में कहा कि वे जानते थे कि चीन में रहते हुए ये फुटेज जारी करना सुरक्षित नहीं होगा। सुनवाई में जज ने पूछा कि क्या उसने शरण पाने के लिए हिरासत केंद्रों की फिल्म बनाई और अमेरिका पहुंचने से पहले वीडियो उसे जारी किया। गुआन अमेरिका के सुधार केंद्र से वीडियों लिंक के जरिए सुनवाई में शामिल हुआ था। जज के सवाल पर उसने जवाब दिया कि ऐसा नहीं था। उसने कहा कि उसे सताए जा रहे उइगरों से हमदर्दी थी। चीनी नागरिक गुआन हेंग ने 2020 में हिरासत केंद्रों की छुपकर वीडियो बनाई थी। गुआन के वकील बोले: शरण देना अमेरिका की नैतिक जिम्मेदारी, अमेरिका पहुंचने के बाद गुआन ने शरण के लिए आवेदन किया।

## बांग्लादेश में बीएनपी और जमात के बीच झड़प

■ समर्थकों में आगे की कुर्सियों पर बैठने के लिए हुई लड़ाई, एक शख्स की मौत, करीब 65 घायल

**ढाका।** बांग्लादेश के शेरपुर जिले में एक कार्यक्रम के दौरान बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात समर्थकों के बीच हुई झड़प में जमात नेता मौलाना मोहम्मद रेजाउल करीम (42) की मौत हो गई। उन्हें गंभीर हालत में मयमनसिंह मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां बुधवार रात करीब 9:45 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया।

वे शेरपुर के श्रीबर्दी उपजिला जमात इकाई के सचिव थे। घटना झेनेगाती उपजिला मिनी स्टेडियम में हुई। यहां प्रशासन की तरफ से एक कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें शेरपुर-3 सीट से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को मतदाताओं के सामने अपना चुनावी मेनिफेस्टो रखने के लिए बुलाया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार्यक्रम शुरू होने से पहले बीएनपी और जमात समर्थकों के बीच आगे की कतार में कुर्सियों पर बैठने को लेकर बहस हुई। यह बहस धीरे-धीरे धक्का-मुक्की और फिर हिंसक झड़प में बदल गई। इस झड़प में कम से कम 65 लोग घायल हुए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि झड़प के दौरान कई मोटरसाइकिलें तोड़ दी गईं और 100 से ज्यादा कुर्सियां क्षतिग्रस्त हो गईं। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, घायलों में से 25 को भर्ती किया गया और 20 को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

## बांग्लादेश धोखाधड़ी की फैक्ट्री बन चुका है यहां सब कुछ नकली: मोहम्मद युनूस

**ढाका।** बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मुहम्मद यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश 'धोखाधड़ी की फैक्ट्री' बन गया है। बांग्ला अखबार ट्रिब्यून एक्सप्रेस के मुताबिक युनूस ने कहा कि बांग्लादेश की अंतर्राष्ट्रीय साख को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा, देश में बड़े पैमाने पर फर्जी दस्तावेज बनाए जा रहे हैं। कई देश हमारे पासपोर्ट स्वीकार नहीं करते। यहां सब कुछ नकली है। वीजा नकली हैं, पासपोर्ट नकली हैं। हम फर्जीवाड़े में वर्ल्ड चैंपियन बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि विदेशों में बांग्लादेशियों के वीजा खारिज होने की एक बड़ी वजह फर्जी कागजात हैं, जिनमें नकली शैक्षणिक प्रमाण पत्र भी शामिल हैं।

# ट्रम्प को बजट का हिसाब देगी वेनेजुएला सरकार

## अमेरिका तेल बेचने से कमाएं पैसे भेजेगा, अकाउंट संभालने की जिम्मेदारी कतर को मिली

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला की अंतरिम सरकार हर महीने अमेरिका को बजट का हिसाब देगी। यानी कि उन्हें यह बताना होगा कि महीनेभर में उसे पैसे कहां-कहां खर्च करने हैं। इसके बदले में अमेरिका उस पैसे को रिलीज करेगा, जो वेनेजुएला के तेल बेचने से मिला है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने यह जानकारी संसद में दी। रुबियो ने बताया कि अभी शुरुआत में यह पैसा जिस खाते में रखा जाएगा, उसे कतर संभालेगा इसपर डेमोक्रेट सांसदों ने कड़ी आपत्ति जताई।

डेमोक्रेट सांसदों ने कहा कि कतर वेनेजुएला से हजारों मील दूर है और यह साफ नहीं है कि यह व्यवस्था कानूनी और पारदर्शी कैसे है। उन्होंने यह भी कहा कि कतर के शासक को राष्ट्रपति ट्रम्प का करीबी माना जाता है, इसलिए शक और बढ़ता है। रुबियो ने कहा कि कतर को पैसा भेजना इसलिए जरूरी है क्योंकि वेनेजुएला पर अमेरिकी प्रतिबंध हैं।



■ कतर के शासक को राष्ट्रपति ट्रम्प का करीबी माना जाता है इसलिए शक और बढ़ता है

इसके अलावा अगर पैसा सीधे आया तो वेनेजुएला को पैसा देने वाले अमेरिकी लोग उस पर कानूनी दावा कर सकते हैं। ये वही ऊर्जा कंपनियां हैं जिनकी संपत्ति करीब 20 साल पहले वेनेजुएला ने जब्त कर ली थीं। वहीं, रुबियो ने वेनेजुएला के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी को सही ठहराया। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला राष्ट्रपति की गिरफ्तारी किसी तरह का एक्ट आप वार नहीं है बल्कि ये एक स्ट्रैटेजी के तहत की गई कार्रवाई थी। सीनेट में सुनवाई के दौरान रुबियो ने 3 जनवरी को मादुरो की गिरफ्तारी के पीछे वाशिंगटन के तर्क को सामने रखा। सुनवाई की शुरुआत में, रुबियो ने अंतर्राष्ट्रीय कानून को लेकर संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों के सवालों को खारिज कर दिया। अमेरिकी सीनेटर मार्को रुबियो ने कहा है कि वेनेजुएला की स्थिति अस्थिर थी और उसे बचाना जरूरी था। उन्होंने स्पष्ट किया कि वेनेजुएला को लेकर अमेरिका के तीन उद्देश्य थे, जिनका अंतिम लक्ष्य एक ऐसे इन्फेक्शन को खत्म करना था जिसके बाद एक वेनेजुएला डेमोक्रोटिक बने। सुनवाई के दौरान रुबियो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस फैसले का बचाव किया, जिसमें मादुरो सरकार के अधिकारियों से बातचीत जारी रखने का विकल्प चुना गया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने तुरंत विपक्ष के सत्ता संभालने के समर्थन के बजाय संवाद को प्राथमिकता दी। रुबियो के अनुसार पहली प्राथमिकता वेनेजुएला में गृह युद्ध को रोकना था।

## कोलंबिया में विमान हादसे में 15 की मौत

**बोगोटा, (कोलंबिया)।** उत्तर-पूर्वी कोलंबिया में बुधवार को एक यात्री विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से जिसमें सवार सभी 15 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में कोलंबियाई सांसद डियोजेनेस क्विटरो अमाया और एक अन्य नेता कार्लोस साल्सेडो भी शामिल हैं यह दुर्घटना तब हुई जब कोलंबियाई एयरलाइन 'साटेना' द्वारा संचालित विमान 'बीचक्राफ्ट 1900' वेनेजुएला की सीमा के पास स्थित कुकुटा से ओकांया जा रहा था। साटेना ने एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि साटेना एयरलाइन को यह बताते हुए गहरा दुख हो रहा है कि कुकुटा से ओकांया के लिए उड़ान भरने वाला बीचक्राफ्ट विमान, भीषण दुर्घटना का शिकार हो गया है। विमान में 13 यात्री और चालक दल के दो सदस्य सवार थे।

# ब्रिटेन पीएम स्टार्मर 8 साल के बाद चीन पहुंचे

## कोरोना काल में चीनी कंपनी हुआवे को निकाला था, अब कीर स्टार्मर बोलेः अमेरिका अपनी जगह, लेकिन चीन जरूरी

**बीजिंग।** ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर 8 साल बाद तीन दिन के दौरे पर चीन पहुंचे। इससे पहले 2018 में तत्कालीन ब्रिटिश पीएम थेरेसा मे चीन पहुंची थीं। पिछले 8 सालों में ग्लोबल राजनीति काफी बदल चुकी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आक्रामक नीतियों और बयानों की वजह से यूरोपीय देश नए पार्टनर तलाश रहे हैं, ऐसे में चीन उन्हें एक मजबूत विकल्प नजर आ रहा है। चीन रवाना होने से पहले स्टार्मर ने मीडिया से कहा था कि ब्रिटेन को अमेरिका और चीन में से किसी एक को चुनने की जरूरत नहीं है। अमेरिका के साथ रिश्ते बने रहेंगे, लेकिन चीन को नजरअंदाज करना सही नहीं होगा। वहीं, चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा से दोनों देशों के बीच भरोसा बढ़ेगा और रिश्तों में स्थिरता आएगी। ब्रिटेन भले ही आज चीन को जरूरी देश बता रहा है, लेकिन 2020 में कोरोना के वक्त ही उसने चीनी टेक कंपनी हुआवे को जासूसी के शक में अपने देश से निकाल दिया था। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर को बीजिंग एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट वेलकम दिया गया। चीनी वित्त मंत्री लैन फोआन उन्हें रिसीव करने पहुंचे थे। थियानमेन स्क्वायर पर चीन और ब्रिटेन का झंडा फहराया गया। बैकग्राउंड में चीन के दिवंगत चेयरमैन माओ की तस्वीर लगी है। ब्रिटिश सरकार ने 2010 में चीनी कंपनी हुआवे को देश में मोबाइल नेटवर्क पर काम करने की इजाजत दी। उसी समय हुआवे के आफिस में 'द सेल' नाम का एक खास दफ्तर बनाया गया, जिसके जरिए सरकार कंपनी के काम पर नजर रखती थी। इसे कई सालों तक राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अहम माना गया। इस दफ्तर में ब्रिटेन के साइबर सुरक्षा एक्सपर्ट्स काम करते थे। हुआवे के खर्च पर वे उसके हर हार्डवेयर और साफ्टवेयर की जांच करते थे, ताकि कोई ऐसा कोड न हो जिसका गलत इस्तेमाल किया जा सके। फिर भी ब्रिटेन की सरकार को इस सिस्टम से पूरी तरह भरोसा नहीं हुआ। करीब 10 साल तक हुआवे को काम करने देने के बाद, सरकार ने साल 2020 में फैसला किया कि उसे ब्रिटेन के 5जी नेटवर्क से बाहर कर दिया जाएगा।



■ ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर को बीजिंग एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट वेलकम दिया गया

## थाईलैंड वायुसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त दो पायलटों की मौत

**चियांग माई।** थाईलैंड के चोम थोंग जिले के एक जंगली इलाके में रॉयल थाई एयर फोर्स के एक प्रशिक्षण विमान के गुरुवार सुबह दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो पायलटों की मौत हो गई। थाईरथ अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10:50 बजे 'एटी-6' कॉम्बैट ट्रेनर विमान चियांग माई के चोम थोंग जिले में एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद विमान में आग लग गई थी। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया और बाद में दोनों पायलटों के शव बरामद किए गए। अमारिन टीवी सहित स्थानीय मीडिया ने मृतकों की पहचान रॉयल थाई वायु सेना के पायलट 'बॉम' और 'जॉनी' के रूप में की है।

